सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-295 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 20 अप्रैल 2025
21 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम मोदी के नेतृत्व में नई खेल संस्कृति विकसित हुई : राजनाथ

- सांसद खेल महाकुंभ का आगाज रक्षामंत्री ने किया उद्घाटन
- आज पूरा देश, नेशन फर्स्ट को पहले रखकर खिलाड़ियों की तरह सोच रहा : रक्षामंत्री




**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई खेल संस्कृति विकसित हुई है। पहले भारत के खिलाड़ी जीतने से अधिक भागीदारी से संतुष्ट हो जाते थे मगर आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहाँ कहीं जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। इस बदलाव के पीछे बड़ी वजह सरकार की स्पोर्ट्स फ्रेंडली नीतियां भी हैं।

शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया के माध्यम से आज के बदलते भारत में गांवों व छोटे शहरों की प्रतिभाओं को खुलकर आगे आने का मौका मिल रहा है। खेलो इंडिया के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिमाह 50 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जो उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, आवश्यक उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। जमीनी स्तर पर लगभग 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों में हजारों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। वहीं, अन्य विश्व स्तरीय खेलों का भी आयोजन भारत में हो, इसके भी प्रयास चल रहे हैं। जहाँ तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले नेशनल गेम्स के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। आज पूरा देश, नेशन फर्स्ट को पहले रखकर खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। खेल और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदलीराजनाथ सिंह ने कहा कि आज खेलों और खिलाड़ियों के प्रति समाज की धारणा बदली है।

### ध्यानचंद ने लखनऊ की खेल संस्कृति को संवारा

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद ने भी लखनऊ की खेल संस्कृति को संवारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और विख्यात ओलंपियन जमन लाल शर्मा की यह कर्मभूमि रही है। भारत का पहला एस्ट्रो टर्फ भी इसी लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में अस्सी के दशक में लगाया गया। लखनऊ में आजकल इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के मुकाबले हो रहे हैं, मगर एक समय था जब इसी डीसिंह बाबू स्टेडियम में शीशमहल ट्रॉफी नाम से एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता था और टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ी लखनऊ में खेलते नजर आते थे।

# मुस्तफाबाद में अवैध निर्माण ने ली 11 लोगों की जान

- दिल्ली में बीते 15 सालों में दूसरा सबसे बड़ा हादसा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक बिल्डिंग गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे है। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई। इस हादसे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुख जताया है। मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव अभियान जारी है।

छह मंजिला इमारत देखते-देखते ही जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोगों फंसे हुए हैं। हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया।

## सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे।



विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री की सितंबर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है। रियाद में प्रधानमंत्री पीएम मोदी और प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। इसमें कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर नये समझौते होने की संभावना है। इसके अलावा दोनों नेता क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे जिनमें इज़रायल फिलिस्तीन संघर्ष और भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरीडोर (आईमैक) को आगे बढ़ाने के मुद्दे शामिल हैं।

## हिंदू परिवारों में हो रहा विघटन: भागवत

### अलीगढ़ में मोहन भागवत के प्रवास का था तीसरा दिन

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हिंदुओं की एकजुटता के कारण ही माहौल ठीक है। देशभर में भी हिंदुओं की ऐसी ही एकजुटता की जरूरत है। बांग्लादेश में हिंदुओं के कमजोर होने से ही हमलों की स्थिति उत्पन्न हुई है। पांच दिवसीय प्रवास के तीसरे दिन शनिवार सुबह भागवत एचबी इंटर कॉलेज पहुंचकर शाखा में शामिल हुए। यहां संघ प्रमुख से स्वयंसेवकों ने एकजुट कैसे हों, यह प्रश्न किया तो बोले, इसके लिए हिंदुओं को स्वयं जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। एकजुटता के लिए हाथ-पैर नहीं चलाने, दिमाग से काम करना होगा। हिंदू परिवारों में विघटन हो रहे हैं। ऐसे में परिवारों को जोड़ने के लिए युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। सेवा बस्तियों में सक्रियता बढ़ाएं। वहां सामाजिक समरसता का भाव पैदा किया जाए। वहां के लोगों को संघ से जोड़ने की कोशिश की जाए। इसके लिए लोगों के बीच में बैठना पड़ेगा। भारत ही दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है, जो विश्व में शांति और सुख समृद्धि लाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। इसलिए विश्व की निगाहें भारत की ओर हैं। समाज में तेजी से परिवर्तन लाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष ध्यान देना है। संघ के स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक वर्ग के घर जाएं। उनसे बातचीत करें, उन्हें आदर सत्कार के साथ अपने घर भी बुलाएं।



### मुख्यमंत्री योगी ने दी गोरखपुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात, 146 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# माफियामुक्त, गुंडामुक्त व दंगामुक्त हुआ यूपी : योगी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए करीब 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं। डबल इंजन सरकार आने के साथ यूपी आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है। यूपी की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है।



उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते, वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौका मिलने पर ऐसे लोग स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं, जनता की भलाई के लिए कोई प्रयास नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को 2014 के पूर्व के भारत और 2017 के पूर्व के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब भारत भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था, नौजवान किंकर्तव्यविमूढ़ थे। देश की सुरक्षा के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद की चुनौती थी। दस वर्षों से आप सबने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत को भी देखा है। नया भारत विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को पूरा करते हुए, विरासत और विकास का समन्वय स्थापित करते हुए नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी भी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में अपनी आभा बिखेर रहा है। आठ वर्षों में बदलते परिवेश और परिवर्तन को सभी लोगों ने देखा है। यहां अन्नदाता किसानों को सम्मान मिल रहा है। यहां नारी गरिमा और सुरक्षा की गारंटी है। व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी और नौजवानों को रोजगार की गारंटी है। यहां के हर जिले का विकास देखकर लोग वाह वाह कहते हैं। नई पहचान बना रहे उत्तर प्रदेश में व्यापारी बिना भय के कारोबार करते हैं। नए-नए उद्यम लग रहे हैं तो बड़ी संख्या में रोजगार भी मिल रहा है। बहन और बेटियां बिना भय के स्कूल-कॉलेज और बाजार जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुसहर भुखमरी से मरते थे तो बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या को मजबूर होते थे।

# ताकत दिखाने नहीं आया हूं : अखिलेश यादव

- जिसने सपा सांसद के घर किया हमला, करणी सेना नहीं वो है योगी सेना
- आगरा सामाजिक न्याय की लड़ाई में कुरुक्षेत्र बनेगा



**आगरा।** राणा सांगा पर राज्यसभा में दिए बयान के बाद छिड़े सियासी घमासान के बीच शनिवार को सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने संजय प्लेस स्थित उनके आवास पहुंचे।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि करणी सेना नहीं ये योगी सेना है, जिसके लिए सरकार से फंडिंग हो रही है। सीएम के स्वजातीय लोगों ने जिस तरह तलवारें लहराई, वो पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यकों को डराना चाहते हैं। जिस तरह हिटलर सेना रखता था, लोगों की आवाज दबाने के लिए उसी तरह ये योगी सेना लोगों को डरा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस समय सांसद सुमन के यहां आने का फैसला लिया, तभी साफ किया कोई प्रदर्शन नहीं करना है। कोई ताकत नहीं दिखाई है। अपनी पार्टी के नेता के घर जाना है, जो जा रहा हूं। अखिलेश यादव ने सपा के राज्यसभा सांसद राजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले को लेकर कहा कि ये पीडीए को डराने की कोशिश की गई है। सांसद के आवास पर अचानक हमला नहीं हुआ। ये हमला साजिश के तहत हुआ है। ये एक सोची समझी चाल है। हमलावरों का इरादा जान लेने का था। दलितों-अल्पसंख्यकों को डराने कोशिश पूरी कोशिश की गई। अखिलेश ने आगरा से सामाजिक न्याय की लड़ाई का एलान किया। उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय का राज स्थापित करने की दलितों की राजधानी से घोषणा करते हैं। आगरा सामाजिक न्याय की लड़ाई में कुरुक्षेत्र बनेगा। अखिलेश के आने से पूर्व ही किसी तरह के उपद्रव की आशंका को देखते हुए हरीपर्वत चौराहे से स्पीड कलर लैब तक सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने कोई हंगामा किया तो उनसे निपटने के लिए भी रणनीति तैयार की गई। आगरा में अलर्ट किया गया है, इसके साथ ही यहां फोर्स तैनात की गई है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान और कानून कहता है कि अगर कोई किसी को धमकी देता है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार में देश कानून और संविधान से नहीं चल रहा है।

भाजपा संविधान नहीं मानती है। जिन लोगों ने गोली मारने और अन्य तरह की धमकियां दी उनके ऊपर कार्रवाई नहीं हुई। ये धमकियां भाजपा ने दिलवायी है। इसीलिए कार्रवाई नहीं हो रही है। मै मंदिर गया तो उसे गंगा जल से धुलवाया। क्या संविधान में ऐसा है। भाजपा सरकार कानून और संविधान से नहीं चल रही है। इसीलिए उत्तर प्रदेश फर्जी मुठभेंड़ में नम्बर वन है। पुलिस हिरासत में मौतों में नम्बर वन है।

## मुर्शिदाबाद जिले में मृतकों के परिजनों से राज्यपाल ने की मुलाकात




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान में शनिवार को राज्यपाल को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। राज्यपाल धुलियान के वार्ड-16 के बेदवाना गांव में ग्रामीणों से मिले बिना जा रहे थे, जिस पर ग्रामीण भड़क गए और जमकर हंगामा किया। विरोध को देखते हुए राज्यपाल ग्रामीणों से मिले और उनकी बात को सुना। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को इस इलाके में जमकर तोड़फोड़ हुई। उपद्रवियों ने मंदिरों को भी निशाना बनाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल बोस ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए एक दो लोगों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हरगोविंद दास और चंदन दास के शव शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में उनके घर में पाए गए थे और शरीर पर चाकू से वार के कई निशान थे।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईस्टर पर युद्धविराम की घोषणा की

- यूक्रेन से की सीजफायर लागू करने की अपील

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में ईस्टर के मौके पर युद्धविराम की घोषणा की। क्रेमलिन की ओर से कहा गया कि यह युद्धविराम शनिवार शाम 6 बजे (मॉस्को समय) से शुरू होकर ईस्टर रविवार की मध्यरात्रि तक लागू रहेगा। राष्टपति पुतिन ने यह घोषणा जनरल स्टाफ प्रमुख जनरल गेरासिमोव के साथ एक बैठक में की।

पुतिन ने गेरासिमोव के साथ बैठक में कहा, मानवीय भावना को ध्यान में रखते हुए आज शाम छह बजे से लेकर ईस्टर की मध्यरात्रि तक रूसी पक्ष युद्धविराम की घोषणा करता है। इस अवधि के दौरान सभी सैन्य कार्रवाई रोकने का आदेश देता हूं। रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन से भी अपील की कि वो इस युद्धविराम का सम्मान करे और जवाब में युद्धविराम लागू करे। उन्होंने कहा कि त्योहार के इस मौके पर लड़ाई को रोका जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, हमारी सेनाओं को किसी भी युद्धविराम उल्लंघन, उकसावे या दुश्मन की आक्रामक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।



# अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है सुप्रीम कोर्ट : निशिकांत दुबे

### देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए जिम्मेदार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के निर्देश के बाद लगातार रूप से इस मामले में बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच अब इस मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर सवाल उठाया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद ने सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि- मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट इस देश में हो रहे सभी गृहयुद्धों के लिए जिम्मेदार हैं। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना ही पड़े तो संसद और विधानसभाएं बंद कर देनी चाहिए। बता दें कि भाजपा सांसद की यह टिप्पणी वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के कोर्ट के निर्देश के बाद आई है। हालांकि विपक्ष लगातार रूप से सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की सराहना कर रहा है। उन्होंने कहा- आप नियुक्ति करने वाले अधिकारी को निर्देश कैसे दे सकते हैं? राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्त करते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। आप उस संसद को निर्देश देंगे आपने नया कानून कैसे बनाया? किस कानून में लिखा है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेना है? इसका मतलब है कि आप इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं। जब संसद बैठेगी तो इस पर विस्तृत चर्चा होगी। निशिककांत दुबे के बयान पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार किया।

### यूपी विधानसभा चुनाव | लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को दी थी कड़ी टक्कर

# नए अध्यक्ष से जातिगत समीकरण साधेगी भाजपा

- लगातार दो बार ओबीसी वर्ग से बना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
- योगी मंत्रिमंडल में नौ मंत्री दलित समाज से




> लोकसभा चुनाव में कुछ सेंध सपा ने लगाई है, लेकिन इस वर्ग के लिए भाजपा सरकार के काम, सरकार और संगठन में मजबूत प्रतिनिधित्व के अलावा भाजपा ने गठबंधन सहयोगियों के सहारे भी इस वर्ग को साधने का प्रयास किया है। रालोद, अपना दल एस, सुभासपा और निषाद पार्टी ओबीसी की अलग-अलग जातियों की ही राजनीति प्रमुखत- करती हैं।

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीडीए फार्मूले से सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को आकर्षित करने के प्रयास में जुटे हुए हैं तो भाजपा तमाम कार्यक्रमों और अभियानों के इतर प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति से भी जातीय समीकरण साधना चाहती है।

सूत्रों के अनुसार, आंबेडकर और संविधान के मुद्दे पर विपक्ष की मुखरता और सतत कमजोर होती बसपा को देख भाजपा के रणनीतिकारों की प्राथमिकता में दलित पर दांव लगाना है, लेकिन उपयुक्त चेहरे को लेकर उलझन है। चूंकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ ओबीसी वोट भी मुट्ठी से फिसला है, इसलिए इस पर पकड़ मजबूत करने की चुनौती समानांतर है। अटकलें हैं कि संगठन में जिस वर्ग का पलड़ा तुलनात्मक रूप से हल्का दिखेगा, उसकी भरपाई सरकार में प्रतिनिधित्व बढ़ाकर की जा सकती है। एकजुट अल्पसंख्यक के साथ दलित और पिछड़ों का जातीय गुलदस्ता सजाकर सपा-कांग्रेस गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को अच्छी चुनौती दी। विपक्ष फिर उसी प्रयास में है, इसलिए जातिगत जनगणना, संविधान और आंबेडकर के सम्मान के मुद्दों को अभी भी रणनीति में शामिल किए हुए है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार के सहारे भाजपा ने दलित और पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों के रूप में अपना वोटबैंक मजबूत बनाए रखा है, लेकिन राजनीति में संदेश का बड़ा महत्व माना जाता है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए भाजपा जातीय समीकरण साधने के मंथन में जुटी है। महेंद्र नाथ पांडेय के बाद लगातार दो अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और भूपेंद्र चौधरी ओबीसी वर्ग से ही बनाए हैं। चौधरी पार्टी के 14वें अध्यक्ष हैं। इन चौदह में पांच ओबीसी और नौ सवर्ण पद संभाल चुके हैं, लेकिन दलित को एक बार भी मौका नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार, अब चूंकि इस वर्ग पर राजनीतिक जोर बढ़ा है और दलितों का मोहभंग बसपा से काफी हो चुका है तो पार्टी रणनीतिकार इस वर्ग पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। ध्यान रहे कि मायावती जाटव बिरादरी से हैं और कुल करीब 22 प्रतिशत दलितों में सर्वाधिक जनसंख्या इसी वर्ग की है, जिसे लुभाने के प्रयास योगी मंत्रि मंडल में भी दिखते हैं।

56 सदस्यीय टीम योगी में नौ मंत्री दलित हैं तो उनमें चार जाटव बिरादरी से ही हैं। हालांकि, संगठन की कमान संभालने के लिए उपयुक्त चेहरे का भी संकट है। इसी तरह दूसरे नंबर पर सबसे अधिक जोर पिछड़ा वर्ग पर है, क्योंकि इनकी आबादी 50 प्रतिशत से अधिक मानी जाती है। बेशक, इनमें बड़ी भागीदारी रखने वाली यादव बिरादरी पर सपा का मजबूत प्रभाव है, लेकिन ओबीसी की अन्य जातियों पर अब तक भाजपा की मजबूत पकड़ है।

# निर्विरोध पार्षद बने गौरव जैन, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम के वार्ड 53 के पार्षद पद के उपचुनाव में भाजपा समर्थित गौरव जैन निर्विरोध पार्षद चुने गए। नायाब तहसीलदार संजय कुमार ने जैसे ही गौरव जैन को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। वैसे ही भाजपाईयों ने नवनिर्वाचित पार्षद गौरव जैन का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।



गौरतलब है कि नगर निगम के वार्ड 53 के भाजपा समर्थित पार्षद रवि सैन जैन का बीमारी के चलते निधन हो गया था, तब से वार्ड 53 के पार्षद का पद रिक्त चला आ रहा था। पार्षद पद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने रवि सैन जैन के बेटे गौरव जैन को अपना प्रत्याशी बनाया था। जिन्होंने दल बल के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। संभावना जतायी जा रही थी कि गौरव निर्विरोध निर्वाचित हो जायेंगे, परन्तु एक निर्दलीय प्रत्याशी दीपक बाठला ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर भाजपा के रणनीतिकारों के सपनों को धूमिल कर दिया था। बाद में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, महापौर डॉ.अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुंबर के प्रयासों के चलते आज नामांकन वापिसी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी दीपक बाठला ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। जिसके परिणाम स्वरूप चुनाव अधिकारी व नायाब तहसीलदार संजय कुमार ने गौरव जैन को निर्विरोध पार्षद निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंप दिया। पार्षद निर्वाचित होने की घोषणा होते ही समर्थकों ने गौरव जैन का फूल-मालाओं से स्वागत कर मिष्ठान वितरित कर खुशियां मनाई। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, महापौर डॉ.अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व पार्षद मनोज जैन, पार्षद दिग्विजय सिंह, नीरज शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा समेत भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा सामुहिक दुष्कर्म का वांछित आरोपी



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। कोतवाली मण्डी पुलिस ने नाबालिग युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली मण्डी प्रभारी बीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 12 अप्रैल को वादी की तहरीर पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की सूचना के मामले में थाना मण्डी पर धारा 65(1), 137(2) बीएनएस व 4(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी मोहित कुमार पूरण सिंह निवासी बादलपुर थाना बेहट व अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान विशाल पुत्र सतीश कुमार निवासी मानकपुर थाना बेहट व गगन पुत्र मेनपाल निवासी सकलापुरी थाना कोतवाली देहात के नाम प्रकाश में आये थे। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक नरेन्द्र सौंलकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेहट अड्डे से दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी मोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आग लगने से गेहूं की 20 बीघा फसल जलकर हुयी राख

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह विकास खंड के गांव कुंडा कलां में एचटी विद्युत लाइन में शॉर्ट सार्किट से निकली चिंगारी के चलते एक किसान की खेत में खड़ी करीब 20 बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर खाक हो गयी। गनीमत यह रही कि अचानक बारिश शुरू होने से आसपास के खेतों में खड़ी गेंहू की सैंकड़ों बीघा फसल जलने से बच गयी।

मिली जानकारी के अनुसार गांव कुण्डा कला निवासी किसान इंतजार पुत्र रज्जाक लंबरदार की लगभग बीस बीघा गेहूं की फसल 11 हजार की एचटी लाइन से निकली चिंगारी के चलते जलकर स्वाहा हो गयी। आग लगने की खबर लगते ही बडी संख्या में ग्रामीण घरों से निकलकर ट्रैक्टर आदि लेकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गये। मगर तब तक लगभग बीस बीघा गेहूं की तैयार अधिकांश फसल आग की चपेट में आ चुकी थी। ग्रामीणों आरिफ राणा, गफ्फार, इंतजार व गुलाब सिंह आदि ने भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि आग विकराल रूप ले रही थी कि अचानक शुरु हुई बारिश से आस-पडौस की खेतों में खड़ी गेहूं की सैंकड़ों बीघा फसल को बचा दिया।



## एचटी लाइन का तार टूटकर गिरा, किसान की तीन बीघा गेंहू की फसल जली



**सहारनपुर।** थाना नानौता क्षेत्रांतर्गत गांव मित्तरगढ़ में हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से एक किसान की तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

नानौता के गांव मित्तरगढ़ निवासी अतुल कुमार पुत्र बाबू राम ने बताया कि उसके पास करीब दस बीघा जमीन है, जिस पर उसके द्वारा गेंहू की फसल लगाई हुई थी जो पककर बिल्कुल तैयार थी और खेत में गेंहू की फसल के कटाई लगाई हुई थी। जिसकी कटाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान अचानक खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। जिसके कारण गेंहू की फसल में आग लग गई। किसान द्वारा तुरंत ही तार टूटने की सूचना विद्युत निगम को देकर बिजली को बंद कराया गया, परन्तु जब तक किसान और आस-पास खेतों मे काम कर रहे लोगो ने आग पर काबू पाया तब तक करीब तीन बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि खेत मे काम कर रहे मज़दूर तार की चपेट मे आने से बाल-बाल बच गये वरना हादसा और भी भयंकर रूप ले सकता था। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## पुतला फूंके जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मण्डल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व यूपीए की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला फूंकने के विरोध में एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर दोषी भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के नेतृत्व में एकत्र होकर पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विगत् दिवस भाजपा कार्यकर्ताओ ने हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व यूपीए की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी का पुतला फूंककर निंदनीय अपराध किया है। उनका कहना था कि नेशनल हैराल्ड का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुतले फूंककर घिनौना कार्य किया जा रहा है, जिसे कांग्रेसजन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

## अवैध तमंचा लेकर घूमने व लोगों को डराने पर थाना कमलानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आगरा।** सार्वजनिक जगह पर अवैध तमंचा लेकर घूमने एवं आमजन में भय व्याप्त करने वाले अभियुक्त को थाना कमलानगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। आगरा पुलिस की सख्ती के बावजूद कुछ लोग है कि सुधरने का नाम नहीं लेते। फिर पुलिस को उनका इलाज करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में शनिवार को थाना कमलानगर पुलिस टीम ने पीआरवी द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध तमंचा लेकर सार्वजनिक जगह पर घूमने वाले एवं लोगों में भय उत्पन्न करने वाले अभियुक्त कल्लू को थाना क्षेत्रांतर्गत पार्वती घाट से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा .315 बोर बरामद हुआ। जानकारी अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त थाना कमलानगर क्षेत्र के पार्वती घाट पर बार- बार अवैध तमंचा लहरा रहा था जिससे लोगों में भय उत्पन्न हो रहा था उपरोक्त अभियुक्त को थाना कमलानगर पुलिस टीम द्वारा पीआरवी की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस ने छेड़खानी के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना देहात कोतवाली प्रभारी चन्द्रसैन सैनी ने बताया विगत् 8 अप्रैल को वादी की तहरीर पर आरोपियों द्वारा वादी की पुत्री के साथ अश्लील हरकते करने व फब्तियां कसने के मामले में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मिनी बाईपास नया गांव चौराहे से आरोपी गौरव पुत्र नेपाल सिंह निवासी विक्रान्त विहार कालोनी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ व अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दू समुदाय पर हो रहे अत्याचार व राज्य सरकार की संवैधानिक विफलता के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर अनुच्छेद 356 के तहत पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की।

विश्व हिन्दू महासंघ व अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष चौ.शिवदयाल बाबा के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने डीएम को सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दू समुदाय पर हाल ही में योजनाबद्ध तरीके से जेहादी



हमले, मंदिरों को विध्वंस, जबरन पलायन और राज्य सरकार की निष्क्रियता के कारण संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। जिसके चलते पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि मुर्शिदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में हिन्दू परिवारों की सम्पत्ति लूटी गयी औ महिलाओं को बलात्कार की धमकी दी गयी। साथ ही दो व्यक्तियों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गयी, जिसके परिणाम स्वरूप 400 हिंदू परिवार वहां से पलायन को मजबूर हो गए। उन्होंने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए अविलम्ब राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालो में रजनीश सैनी, विश्वास पंवार, साहब सिंह, अनुज कुमार, हरिराम सैनी, मोहर सिंह आदि शामिल रहे।

# पश्चिमी बंगाल में हिंसा के खिलाफ हिन्दू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

## राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व हिन्दू परिषद व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा में हिंदुओं को निशाना बनाये जाने के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की गई।



विश्व हिन्दू परिषद व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष दिग्विजय त्यागी के नेतृत्व में एकत्र होकर नकुड़ तहसील प्रांगण में पहुंचे तथा पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के उत्पीड़न के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष दिग्विजय त्यागी ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है। बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मो के लिए कठोर से कठोर सजा दिलवानी चाहिए। दुर्गा वाहिनी की सुधा शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया तथा हिंदुओं को बुरी तरह घायल करने के साथ ही उनकी निर्मम हत्या की गई। जिसके चलते 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उनके पास जाकर उनकी चिंता एवं सहायता करने के बजाय ममता बनर्जी दंगा भड़काने वाले इमामो से मिल रही है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है।

प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम बंगाल में अविलम्ब राष्ट्रपति शासन लगाये जाने, हिंसा की जांच कराकर दोषियों को दंडित करने, बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में देने, बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किये जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में राजेन्द्र चौहान, अंजू त्यागी, सुधा शर्मा, संदीप सढोली, आकाश लुंडी, पंकज सैनी, करणवीर, सचिन अग्रवाल, प्रदीप सैनी, डॉ. वेद प्रकाश सैनी, आशीष चौधरी, अनमोल, जयकुमार, राहुल चौधरी, रणवीर सिंह, अरविन्द धीमान, अंकुल त्यागी सहित संकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 17 अप्रैल को वादिया की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ वादिया की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना में आरोपी शिवम पुत्र सतीश निवासी कमल विहार कालोनी थाना सदर बाजार का नाम प्रकाश में आया था। उन्होने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवन्द्र अधाना, रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना कमल विहार कॉलोनी से वांछित आरोपी शिवम पुत्र सतीश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# प्रकरण संज्ञान में होते हुए कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्यवाहीः डीएम आगरा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** तहसील सदर में जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की




शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए वह अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली स्थाई/अस्थाई गौ संरक्षण केन्द्रों पर संरक्षित गोवंशों हेतु भूसा/चारे की व्यवस्था, पीने हेतु पानी की व्यवस्था तथा गौवंशों के लिए छाया हेतु आवश्यक प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में ई ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। अतः सभी पत्रावलियों का प्रचालन ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए साथ ही पत्रावलियों का प्रचालन समय से किया जाए ताकि समय से अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। तहसील दिवस के दौरान कुल 134 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 09 का जिलाधिकारी द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष 125 शिकायतों में मुख्यतः विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि से सम्बन्धित थीं, जो कि 56 राजस्व विभाग, 28 पुलिस विभाग, 06 विकास विभाग, 12 नगर निगम, 02 शिक्षा विभाग, 05 विद्युत विभाग, 06 आगरा विकास प्राधिकरण, 04 परियोजना अधिकारी डूडा, 04 जलकल तथा 02 जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से सम्बंधित प्राप्त हुई।

## सिविल एन्क्लेव प्रोजेक्ट को लेकर सिविल सोसायटी ऑफ आगरा की रिव्यू एप्लीकेशन निस्तारित

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** सिविल सोसायटी आफ आगरा की रिव्यू एप्लीकेशन का निस्तारण करते समय 75000 रुपए की उस लागत को माफ कर दिया है, जो कि जनहित याचिका :- PUBLIC INTEREST LITIGATION PIL No. - 2422 श्ब्द 2019 पर आर्डर दिये जाने के दौरान लगाई थी। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा की ओर से सीनियर एडवोकेट अकलंक कुमार जैन ने दाखिल रिव्यू एप्लीकेशन पर सुनवायी के दौरान कोर्ट के समक्ष कहा कि समय सीमा के आधार पर उनकी याचिका पर सुनवाई का अब औचित्य नहीं रह गया है,क्यों कि नए सिविल एन्कलेव को वायुसेना परिसर से बाहर बनाये जाने का कार्य शुरू हो जाने के साथ ही अब प्रगति पर है। इसी के साथ उन्होंने कोर्ट से निवेदन किया कि सिविल सोसायटी की मूल याचिका के निस्तारण के समय सोसायटी पर लगायी लागत गयी 75 हजार रुपये की को माफ कर दिया जाना चाहिये। कोर्ट के समक्ष दाखिल रिव्यू एप्लीकेशन पर कोर्ट के समक्ष सिविल एन्कलेव एयरपोर्ट को वायुसेना परिसर आगरा से बाहर आम नागरिकों की पहुंच के उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किये जाने की जरूरत को क्रियान्वित करवाने के लिये सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के द्वारा इलाहबाद हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका के निस्तारण के साथ लगायी गयी लागत को माफ करवाना ही मुख्य मुद्दों में से एक था। इलाहबाद हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्याय मूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की द्वि सदस्यीय पीठ ने माफ कर दिया है।

# अखिलेश यादव रामजीलाल सुमन से मिलने आगरा पहुंचे, बीजेपी को लिया आड़े हाथ

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन से मुलाकात की। रामजी लाल सुमन के घर पहुंचे अखिलेश यादव ने बीजेपी और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि रामजी लाल के घर अचानक हमला नहीं हुआ। साजिश के तहत हमला हुआ। रामजी लाल सुमन के घर पर तोड़फोड़ की गई है। पीडीए को डराने की कोशिश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है, क्योंकि वो जानती है कि पीडीए की ताकत सपा के साथ खड़ी है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि हिंसा के पीछे सरकार की फंडिग है। हमला करने वालों पर सरकार का समर्थन था, उनको कार्यवाही का डर नहीं था। मीडिया को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा में तलवारें लहराई गई। उन्होंने



कहा कि लखनऊ और दिल्ली का जो झगड़ा है उस पर ये आगरा में ताकत दिखाया गया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में आगरा की चर्चा होती है, लेकिन अगर पर्यटक इस तरह की हिंसा की खबरें सुनेंगे, तो वे यहां आने से कतराएंगे। उन्होंने आगरा के लोगों से बीजेपी का विरोध करने की अपील की और कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है। रामजी लाल सुमन से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर के संविधान और उसके तहत हमें मिले अधिकारों का पालन करते हुए आगे बढ़ेगी। तलवार लहराने वालों और गाली-गलौज करने वालों पर कार्रवाई की जाए। हम कानून को मानने वाले लोग है। भाजपा के लोग कानून मानने वाले नहीं हैं।अखिलेश यादव ने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज सामंतवादी और प्रभुत्वादी को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार कौन हैं इनके पीछे। मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा क्योंकि अब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का संविधान है, संविधान ही सर्वोपरि रहेगा, पहले भी था और आगे भी रहेगा।

# परिवारवादियों को स्वीकार्य नहीं, सबका साथ-सबका विकास : सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



तानाशाही और अधिनायकवादी अंतःकरण वाले नहीं देख पा रहे विकास

खुद और परिवार तक सीमित रहीं पिछली सरकारें

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के कई नेताओं का नाम लिए बिना उन पर करारा शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों के अंतःकरण में तानाशाही और अधिनायकवादी भाव है वह विकास को पनपते हुए, आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। ऐसे लोग अपना और अपने परिवार का विकास चाहते हैं और इन लोगों को सबका साथ-सबका विकास स्वीकार्य नहीं है। ऐसी विचारधारा के लोगों ने 1975 में आपातकाल लागू कर मीडिया पर सेंसर लगाया था और आज भी समय-समय पर मीडिया के विरोध लेकर फतवे जारी करते रहते हैं।

रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित एक होटल के सभागार में सीएम योगी शनिवार सुबह एक प्रमुख मीडिया समूह के 'उत्सव अभिव्यक्ति का' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने खुद को परिवार तक सीमित रखा। अपना और परिवार का ही विकास किया। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता नहीं दी। इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी के नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। पिछली सरकारों में किसान आत्महत्या करने को मजबूर रहे, गरीब भूख से मरते रहे, महिलाओं और व्यापारियों को असुरक्षा का शिकार होना पड़ा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हुए आज का उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले तक यूपी को बीमारू राज्य और विकास में बैरियर माना जाता था, जबकि आज यह विरासत और विकास की शानदार यात्रा का एक बेहतरीन मॉडल बन गया है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 तक आजादी के बाद की 70 सालों की यात्रा में यूपी की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये थी। जबकि डबल इंजन सरकार में महज 8 वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ रुपये की हो गई है। इसी प्रकार 2017 में प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी। यह बढ़कर 1.10 लाख रुपये हो गई है। विरासत के संरक्षण, जनकल्याण और विकास की यूपी की यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया जबकि 2017 के बाद आई डबल इंजन सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज देकर इस राज्य की पहचान को बहाल कराया है। सीएम योगी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की सामान्य भी जानकारी रखने वालों को पता होगा कि जब देश आजाद हुआ था तब उत्तर प्रदेश टॉप की अर्थव्यवस्था था लेकिन आजादी के बाद सरकारों के रवैये से इसकी अर्थव्यवस्था नीचे गिरती गई। 1947 से 50 के आसपास यूपी की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से अधिक थी लेकिन 2017 में यह राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई पर आ गई। 2017 से सरकार ने प्रयास शुरू किए तो आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के पूर्व एक एक्सप्रेसवे था जबकि आठ सालों में छह एक्सप्रेसवे बन गए हैं और सात पर काम चल रहा है। 2017 के पहले सिर्फ एक सिटी में मेट्रो ट्रेन थी, आज छह शहरों में मेट्रो की सेवा है। हाइवे का सबसे बड़ा नेटवर्क आज यूपी में है।

# तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जारी रखा जनसेवा का अनुष्ठान

## जनता दर्शन में 300 लोगों की मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण एक बार यह लगा था कि शायद इतने प्रतिकूल मौसम में जनता दर्शन कार्यक्रम न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार ने ऐसी आशंका को निर्मूल सिद्ध कर दिया। तेज बारिश के बावजूद सीएम योगी ने जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन का आयोजन सुनिश्चित कराने के साथ ही उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और इन समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर प्रवास पर होने के चलते शनिवार सुबह कई लोग जनता दर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। पर, तेज बारिश के कारण उन्हें यह आशंका थी कि शायद उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से न हो पाए। पर, मुख्यमंत्री ने प्रतिकूल मौसम को देखते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कराई। इस दौरान उन्होंने 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सीएम ने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में सीएम योगी ने आत्मीयता से सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिलामंत्री ने सीएम को समस्याओं के सम्बंध में सौंपा पत्रक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलामंत्री देवानंद शुक्ल ने लखनऊ में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पत्रक सौंपा। पत्रक में मांग किया गया हैं कि चोरमा रेगुलेटर पर पंपिंग हाउस का निर्माण न होने से क्षेत्र के दर्जनों गांव बरसात के समय बाढ़ से प्रभावित हो जाते है और फसल डूब जाती है। जिससे काफी जन धनी की हानि होती है। चडराव पुलिया से भक्सा पेट्रोल पंप तक दोहरे सड़क लें के निर्माण कराने की मांग किया। सरकारी सब्जी मंडी बेलौरा से पाली गांव में जाने के लिए सीसी रोड नहीं है बरसात के समय में ग्रामीणों और राहगीरों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। जनहित को देखते हुए सीसी रोड का निर्माण कराया जाय।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर चार मामलों का निस्तारण




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सहजनवा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान 44 मामले आए थे। जिसमें 4 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 24, पुलिस 7, विकास 3 अन्य 10 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। जबकि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार दुर्गेश कुमार चौरसिया सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान में नामांकन की संख्या कम है इसकी प्रतिदिन समीक्षा कर इसको बढ़ाये, अपार आई0डी0में जनपद की स्थिति कमजोर है, राजेपुर ब्लॉक सबसे पीछे है,खंड विकास अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करे, जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि निष्क्रिय खंड शिक्षा अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर अवगत कराये,जहाँ भी कायाकल्प के कार्य अधूरे है उनको तुरंत पूरा कराये,कायाकल्प में मोहम्दाबाद सबसे पीछे है, डी0बी टी0का सत्यापन कराये, बी0एस0ए0 द्वारा अवगत कराया कि जनपद में 14 लाख किताबों की जरूरत है, जिसमें से 11लाख 25 हज़ार प्राप्त हो गई है, जिलाधिकारी ने इनका तुरंत वितरण सुनिश्चित करने व जनपद की सभी लर्निंग लैब सही कराये जाने व सभी नामांकित 2133 दिव्यांग बच्चों के प्रमाणपत्र बनबाने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, पी0डी0 डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय शुक्रअल्लाहपुर के निरीक्षण में 31 में 15 बच्चे उपस्थित पाए गए



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्राथमिक विद्यालय शकुरुल्लाहपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में 31 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 15 बच्चे उपस्थित पाये गये, विद्यालय की शैक्षणिक गुडवत्ता अत्यंत खराब पाई गई बच्चों में सामान्य जानकारी का भी अभाव पाया गया,विद्यालय में बने मिड-डे- मिल की गुणवत्ता भी अत्यन्त खराब पाई गयी व मिड डे मील की मात्रा उपस्थित बच्चों के सापेक्ष अत्यन्त कम पाई गई,जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई, जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्वयं इस मामले का संज्ञान लेकर प्रधानाध्यापक के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## आबकारी विभाग ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री जी पी गुप्ता फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19/04/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम श्याम नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 60 किलोग्राम लहन नष्ट कर लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किये गए तथा क्षेत्र 2 के अंतर्गत सुबह समय से पूर्व शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी दुकानें बंद पाई गई। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदूवादी संगठनों ने दंगे का किया विरोध, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बंगाल में हुए दंगे के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदूवादी संगठनों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए बंगाल प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार को ममता बानो की सरकार बोलते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार को सौंपा जिसमें वक्फ कानून के विरोध की आड़ में सपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है।

हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को कियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से पारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तपः दगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार की प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मी के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। मुस्लिम भीड द्वारा 11 अप्रैल, 2015 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के 200 से अधिक परों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ों हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई। दर्जनों महिलाओं के शीलभंग भी किए गए। परिणाम स्वरूप 500 से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उनके पास जाकर उसकी चिंता एवं सहायता करने की अपेक्षा सुश्री ममता बनजी दंगा भडकाने वाले इमामो से मिल रही है जिनमें से एक इमाम ने एक दिन पहले ही धमकी दी थी कि अगर ममता बनर्जी ने उनका साथ नहीं दिया तो वह उसकी औकात बता देंगे। अब ये सारे तथ्य सामने आने पर यह समाचार मिल रहा है कि ममता जी अब शरणार्थियों को सुविधा देने की जगह उनको वापस जेहादियों के सामने जबरन परोसने का षड्यंत्र कर रही है।

## आबादी की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन





अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के भरसाड में आजबादी भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और एसडीएम सहजनवा दीपक कुमार गौतम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही लीलावती ने कहा कि गांव के दलित बस्ती में आबादी की खाली पड़ी भूमि है। जिसमें ग्रामीण शादी विवाह तथा अन्य कार्यक्रम में इस स्थान का प्रयोग करते है। वर्तमान समय में गांव का एक मनबढ़ इस खाली भूमि में अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज, मारपीट पर आमादा है और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग किया है।

इस दौरान एसडीएम दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। नायब तहसीलदार को जांच कर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया है। प्रदर्शन करने वालो में बृजेश कुमार पारसनाथ, राकेश कुमार, रमेश, महेंद्र, सीमा देवी, इंद्रावती देवी, दुर्गावती, सरिया, पूनम, ममता, केतली, श्रीभागवत, गलीचा, विंद्रावती, सतीश कुमार, राममिलन, अनिता, झींक शीला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एसडीएम व खनन अधिकारी ने चेकिंग की

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एसडीएम विनय मौर्य और खनन अधिकारी जीएन दत्ता ने संयुक्त रूप से औचक जांच अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने बिना रॉयल्टी कागजात के कुल छह मोरंग वाहनों को पकड़ा। सभी वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया और संबंधित धनराशि तत्काल जमा कराई गई। एसडीएम विनय मौर्य ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिना रॉयल्टी और उचित कागजातों के मोरंग का परिवहन करना पूरी तरह से गैरकानूनी है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि खनन से जुड़े सभी कार्य कानूनी तरीके से और नियमों का पालन करते हुए किए जाएं। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन की यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि यह लगातार चलता रहेगा।

## जिलाधिकारी ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज पिया निरंजन पुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया और भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश की समुचित देखभाल हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं अपने हाथों से गौवंश को गुड़ और चोकर खिलाकर पशुओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी में गौवंश को छाया, हरे चारे और स्वच्छ पानी की उपलब्धता अनिवार्य है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करें और हरे चारे, भूसे, पानी, शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।उन्होंने नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि यह घास पोषण तत्वों से भरपूर है और गर्मी के मौसम में पशुओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। निरीक्षण के दौरान गौशाला को दो भागों में विभाजित पाया गया–एक नंदियों के लिए और एक अन्य छोटे बछड़ों के लिए। जिलाधिकारी ने नंदियों के लिए तत्काल टीन शेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा छोटे बच्चों के लिए अलग से शेड बनाए जाने के भी निर्देश दिए। इसके लिए आरईएस कार्यदायी संस्था को नामित किया गया ताकि तेज धूप से गौवंश की सुरक्षा की जा सके। गौशाला में सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।

# शादी में डीजे पर डांस करने के दौरान युवक गिरा, मौत

### शादी की खुशियां बदली मातम में, तीन बहनों में इकलौता था अभिषेक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव में चचेरे भाई की बरात में डीजे पर डांस कर रहे युवक की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में स्वजन उन्हें एम्स गोरखपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मृत्यु की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। दूल्हे के साथ दो, चार रिश्तेदारों की उपस्थिति में शादी की रस्में पूरी की गई। गांव के प्रेम तिवारी की तीन पुत्रियां व एक पुत्र अखिलेश मणि उर्फ पंचू थे। पट्टीदारी के चचेरे भाई चंचल मणि की शुक्रवार को शादी थी। शाम को पांच बजे धूमधाम से बरात निकली। परछावन में डीजे का भी इंतजाम था। दूल्हे के रिश्तेदार व स्वजन संग अभिषेक भी डांस करने लगा। इस बीच अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आनन-फानन में सीएचसी हाटा व वहां से एम्स गोरखपुर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अभिषेक दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय में बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र थे। 25 अप्रैल को बड़ी बहन की शादी भी तय है। युवक के मौत पर शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इकलौते बेटे की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। शनिवार दोपहर बाद हेतिमपुर घाट पर शव का अंतिम संस्कार हुआ।

## भारत सरकार के राज्य संप्रतीक में सत्यमेव जयते का अंकित न होना गंभीर चूक

**अलीगढ़।** सरकारी दस्तावेजों, प्रतीकों एवं विज्ञापनों में भारत सरकार के राज्य संप्रतीक जिसमें चार सिंहों की मूर्ति होती है को ''सत्यमेव जयते'' के बिना प्रकाशित या मुद्रित करना न केवल राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 का स्पष्ट उल्लंघन है बल्कि संविधान की आत्मा के साथ भी अन्याय है। उक्त जानकारी देते हुए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह ने बताया है कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां जो अपने स्टेशनरी, प्रकाशन, मुहरों, वाहनों, भवनों व वेबसाइटों पर भारत के राज्य संप्रतीक का उपयोग कर रही हैं, वह अक्सर ''सत्यमेव जयते'' आदर्श वाक्य को छोड़ देती हैं और मात्र चार सिंहों के प्रतीक को दर्शाती हैं, जोकि राज्य संप्रतीक अधिनियम 2005 में निर्धारित डिजाइन के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि ''सत्यमेव जयते'' जिसका अर्थ ''सत्य की ही विजय होती है''। भारत की आधिकारिक मुद्रा, दस्तावेजों और विभिन्न प्रकार के प्रतीकों में अंकित होना अनिवार्य है। यह दो शब्द न केवल राष्ट्रीय आदर्श वाक्य हैं बल्कि देश की संस्कृति और नैतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, वीसी एडीए, नगर आयुक्त एवं सभी मण्डलीय व जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की चूक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए भविष्य में सभी प्रतीकों में ''सत्यमेव जयते'' को यथाविधि अंकित किया जाए।

# एसडीएम ने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर में अतिक्रमण की समस्या को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने देवनगर चौराहे से कोंच चौराहे तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया।





प्रशासन ने यह साफ कर दिया है कि यह अभियान अब नियमित रूप से जारी रहेगा और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को सहन नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर के देवनगर चौराहे से कोंच चौराहे तक विभिन्न स्थानों पर दुकानों के बाहर किए गए पक्के अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारी अपनी दुकानों के बाहर किए गए अवैध कब्जे को स्वयं ही हटाते हुए नजर आए। एसडीएम विनय मौर्य ने कहा कि एसडीएम ने यह भी बताया कि यह अभियान सिर्फ एक दिन का नहीं है, बल्कि इसे नियमित रूप से चलाया जाएगा। नगर के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर में व्यवसाय करने वालों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने व्यापार को वैध तरीके से करें और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से बचें। अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन की टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद था, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस अभियान में सबसे खास बात यह रही कि अतिक्रमण करने वाले खुद ही अपनी दुकानों के बाहर के अवैध कब्जे हटाते दिखे। एसडीएम ने दुकानदारों से स्पष्ट कहा कि कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील इगलास में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में इगलास तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सांसद हाथरस अनूप बाल्मीकि ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें व समस्याएं राजस्व से जुड़ी होती हैं। वर्तमान में गेहूं की फसल कट चुकी है, अधिकतर खेत खाली हैं। नाली, चकरोड, सार्वजनिक उपयोग को भूमि चिन्हांकन कर खाली करा लें। सांसद ने कहा की धारा-34 के मामलों में 35 से 45 दिनों के भीतर नामांतरण हो जाना चाहिए। तहसील में 46 वाद 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित चल रहे है। इसी प्रकार से धारा 24 मेडबंदी का कार्य तीन माह में हो जाना चाहिए। तहसील में 10 मामले 1 वर्ष से लंबे चल रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कि वह मेडबंदी प्रकरणों में फीस जमा कर दें। कुरा बंटवारे के लिए 6 माह का समय निर्धारित है, इसमें 11 प्रकरण 3 से 5 वर्ष के मध्य लंबित हैं। जिलाधिकारी ने चिन्हित शिकायतों पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर उभयपक्षों को सुन गुण-दोष के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैमाइश और बटवारों के मामलों में यदि कोई निर्णय हुआ है तो उसका अनुपालन राजस्व टीम के माध्यम से समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों की पहचान कर 01 अप्रैल से पूर्व के पैमाइश एवं निर्विवाद विरासत के सभी प्रकरणों को 15 मई तक निस्तारित करा दिया जाए। एसएसपी संजीव सुमन ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि थाना आए प्रत्येक व्यक्ति की बात को सुना जाए।

**सूचना**

हम अपने पुत्र सुशील से कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहते हैं। सुशील से भविष्य में हमारा कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मेरा या पत्नी का कोई सम्बन्ध नहीं रहा मेरे व मेरी पत्नी के सुशील से सम्बन्ध समाप्त समझे जायें।

**मांगेराम पुत्र स्व. दिलेराम नि.ग्राम बिलासपुर, पोस्ट दूधला तह.नकुड थाना गंगोह, सहारनपुर**

**सूचना**

हमारा पुत्र संजीव बुरी संगत में रहकर हमारे विरुद्ध काम करने लगा है। मैं व मेरी पत्नी अपने लडके संजीव से कोई सम्बन्ध नहीं है। सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं उसके किसी भी कार्य के हम ज़िम्मेदार नहीं होंगे।

**बीरबल पुत्र स्व. गेंदाराम निव.ग्राम बालू माजरा,पोस्ट जडोदा, तह.रामपुर मनिहारान, थाना बडगांव, सहारनपुर।**

# पृथ्वी दिवस पर अयोध्या के कुंडों की होगी विशेष सफाई, नगर आयुक्त ने दिया विशेष अभियान का निर्देश

## अग्निकुंड और मनिमुनि कुंड का होगा सौंदर्यीकरण, जल स्रोतों की स्वच्छता पर विशेष जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी 22 अप्रैल को मनाए जाने वाले पृथ्वी दिवस के अवसर पर अयोध्या धाम के पौराणिक कुंडों की विशेष सफाई की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा यह पहल की गई है। इस सिलसिले में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अयोध्या धाम के प्रमुख कुंडों का औचक निरीक्षण किया और सफाई तथा सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीताकुंड, विद्याकुंड, दशरथकुंड, मनिमुनि कुंड और अन्य पौराणिक जल स्रोतों का भ्रमण किया। नगर आयुक्त ने साफ निर्देश दिए कि पृथ्वी दिवस पर समस्त कुंडों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।उन्होंने जल की शुद्धता, जल निकासी, किनारों की सफाई, पौधारोपण और सौंदर्यीकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही कुंडों की नियमित सफाई के लिए रोस्टर तैयार करने और वैज्ञानिक तरीके से प्लास्टिक व कचरे के निस्तारण के निर्देश दिए। कुंडों में सफाई के लिए पैडल बोट खरीदने का सुझाव भी नगर आयुक्त ने दिया।

प्रत्येक कुंड के बाहर एंटी लिट्रिंग संदेश और जनसमस्या समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 1533 अंकित कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

अग्निकुंड और मनिमुनि कुंड का होगा सौंदर्यीकरण

नगर आयुक्त ने बताया कि सीताकुंड वार्ड स्थित अग्निकुंड और मणिपर्वत के निकट स्थित मनिमुनि कुंड का सौंदर्यीकरण कार्य तीर्थ विकास परिषद द्वारा कराया जाएगा। इस हेतु कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जिन कुंडों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें नगर निगम को हैंडओवर किया जाए ताकि उनकी विधिवत देखरेख, स्वच्छता और संरक्षण किया जा सके।अंत में नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ÷स्वच्छ और सुंदर अयोध्या का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए। कुंडों का संरक्षण केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी आवश्यक है।

## डिप्टी सीएम के दौरे के बाद स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा बदलाव

**अयोध्या।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हालिया दौरे के बाद सीएचसी सुनबा की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से किए गए बदलाव में नया मोड़ आया है।

पूर्व में सुनबा सीएचसी के अधीक्षक डा. सतीश चंद्रा को पद से हटाते हुए डॉ. संतोष सिंह को वहां का अधीक्षक नियुक्त किया गया था, लेकिन डॉ. संतोष सिंह ने वहां चार्ज नहीं लिया। इसके बाद शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने आदेश में संशोधन करते हुए डॉ. संतोष सिंह को सीएचसी मवई का अधीक्षक नियुक्त किया है।

वहीं, सीएचसी मवई में तैनात रहे डॉ. सुमत सिंह को अब सुनबा सीएचसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बदलाव स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बढ़ती लोकप्रियताः अयोध्या में एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा पार्टी का दामन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर अयोध्या में एक दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह आयोजन पार्टी के जिला अध्यक्ष डा. जे.पी. सेन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा, जिला सचिव अजीत मौर्य, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार, तथा विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर सूरज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।पार्टी की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से राजेश यादव (प्रधान, धमथुआ), अजय पांडेय, विनय पांडेय, पंकज सेन, पूजा पांडेय और पीयूष मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की जनहितैषी सोच, गरीबों और वंचितों के लिए किए जा रहे कार्य और नेतृत्व की स्पष्ट नीति से लोग तेजी से जुड़ रहे हैं। मंडल अध्यक्ष ने नवजुड़े कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी परिवार में सभी का सम्मान और योगदान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष डॉ. जे.पी. सेन ने कहा कि यह सदस्यता अभियान पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी नए सदस्यों से अपील की कि वे पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत करें।

## जनपद के सम्यक यादव ने छ्श्वश्व मेन्स 2025 सेशन में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 3245



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में अयोध्या के सम्यक यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (AIR) 3245 हासिल की है। सम्यक आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (AESL), अयोध्या शाखा के छात्र हैं, और उन्होंने 99.79 परसेंटाइल के साथ टॉप रैंकर्स में अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा, आकाश इंस्टिट्यूट के आदित्य कुमार यादव, प्रियांशु श्रीवास्तव, प्रांजल वर्मा, अद्रिका श्रीहर्ष, धनंजय श्रीवास्तव, कृष्णा रस्तोगी, श्रेय श्री और हिंदुराज यादव जैसे अन्य आठ छात्रों ने भी उच्च स्कोर कर संस्थान और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित यह परीक्षा भारत की सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इस वर्ष घोषित यह परीक्षा का अंतिम चरण था।इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर डी. के. मिश्रा ने कहा, हमारे छात्रों ने जिस मेहनत, समर्पण और लगन से यह सफलता प्राप्त की है, वह प्रशंसनीय है। आकाश में हमारा उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे वे अपनी शैक्षणिक क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित कर सकें।

## अवध विवि में पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखे प्रोफेशनल इथिक्स

# विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए पत्रकारिता विभाग में कार्यशाला

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में शनिवार को छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने समसामयिक विषयों पर निष्पक्ष प्रस्तुति, बॉडी लैंग्वेज, आई कान्टेक्ट, सिटिंग पोस्चर, स्टैंडिंग पोस्चर, इण्टरव्यू प्रोटोकाल, प्रोफेशनल इथिक्स जैसे प्रमुख विन्दुओं से प्रशिक्षित हुए। पिछले तीन महीने से प्रत्येक शनिवार को चल रही इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने कंटेंट क्रिएशन के अन्तर्गत पर्यावरण प्रदूषण, वायु प्रदूषण, गौरैया संरक्षण, पानी में घुला संकट, ट्रंप की टैरिफ नीति का वैश्विक प्रभाव एवं नालन्दा विश्वविद्यालय के अतीत पर प्रजेंटेशन दिया गया। इस कार्यशाला में बी0वोक0 एमसीजे की छात्रा कल्याणी यामिनी द्वारा तैयार की गई डाक्यूमेंट्री गौरैया का संरक्षण पर भविष्य की सीख एवं अनुश्री यादव द्वारा राजस्थान की विरासत पर डाक्यूमेंट्री की प्रस्तुति ने छात्र-छात्राओं को काफी प्रेरित किया। वही बी0वोक प्रथम वर्ष का छात्र शिवांश चतुर्वेदी ने बढ़ते ओटीटी प्लेटफार्म पर जनमानस का प्रभाव पर प्रजेंटेशन दिया। विभाग के समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि इस विभागीय कार्यशाला से छात्र-छात्राएं प्रोफेशन कॅरियर में बेहतरीन प्रदर्शन कर पायेंगे। इससे छात्रों के संवाद शैली एवं लेखन में काफी सुधार हुआ है। आगे उनकी व्यक्तिगत काउंसलिग कर उन्हें मीडिया इंडस्ट्री के लिए तैयार किया जायेगा जिससे वे अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन कर सक्रिय सामाजिक भागीदारी कर सके। कार्यशाला के संयोजक डॉ0 राज नारायण पाण्डेय ने बताया कि पत्रकारिता में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अलग-अलग स्ट्रीम से छात्र-छात्राएं आते है। इनमें प्रोफेशल इथिक्स का निर्माण कर उनका सुनहरा भविष्य निर्मित करना है। ताकि वे मीडिया के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सके। इस अवसर पर दीप गोपाल मिश्र, नीरज मौर्य, साम्भवी जायसवाल, निहारिका सिंह, सुगंधा तिवारी, मानसी शुक्ला, कामिनी चैरसिया, गार्गी पाण्डेय, एकता वर्मा, वैभवी आहूजा सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास मे लापरवाही को लेकर सभासदो का ईओ को ज्ञापन सौपा



**जैदपुर बाराबंकी।** प्रधानमंत्री आवास योजना मे नगर पंचायत जैदपुर मे सभासदो ने लापरवाही और अशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा आनन फानन मे जाँच कर पात्रो को अपात्र किये जाने पर हुई शिकायतों पर कोई कार्यवाही न होने और शासन की योजना पर पानी फेरने पर अधिशाषी अधिकारी की कार्यशैली से नाराज सभासदो ने नगर पंचायत कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ कर नारेबाजी की और अपना रोष व्यक्त किया। आवेदको के दो महीने पहले अधिशाषी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था इस पर कोई कार्यवाही न होने से सभासदो ने नगर पंचायत परिसर मे धरना देने पर विवश होना पडा. रमजान के महीने मे आनन फानन मे हजारों आवेदको की लिस्ट को अशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा जाँच मे महज आवेदको के सम्पर्क न होने पर सैकडो पात्रो को अपात्र कर दिया गया इसकी शिकायत सभासदो ने कई बार अध्यक्षा और अधिशाषी अधिकारी से की परन्तु कोई कार्यवाही न होना सरकार की मंशा पर पानी फेरने के समान है। अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा ने इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया और कहा सोमवार को तहसील स्तर से पुनः जाँच कराई जाऐगी। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम सभासद मो कासिम शाह आलम मो ताहिर मो कलीम मो सुफियान साऐम मेहदी मो अबसार सुमन कुमार निजामुद्दीन शाह मो आरिफ आदि सभासदगण मौजूद रहे।

## नगर पालिका हाल में लगा शिविर, हज यात्रा पर जाने वाले 186 लोगो का हुआ टीकाकरण

# मदद को बढ़े कई हाथ यात्रियों उपलब्ध कराई जरूरी सामग्री



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** इस साल पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले जिले से 90 महिला 96 पुरुष के साथ कुल 186 लोगो को ट्रेनिंग देकर डिप्टी सीएमओ की निगरानी में टीकाकरण कराया गया। इस कैम्प को जिले की हज सेवा समिति के मुख्य सहयोग से आयोजित किया गया। जिला अल्पशंखयक कल्याण अधिकारी बालेंदु कुमार सदर विधायक सुरेश यादव ने हज यात्रियों से मिलकर उन्हें पवित्र यात्रा की शुभकामनाएं दी डाक्टर राजीव कुमार ने हज पर जा रहे डाक्टर अकबाल अंसारी को ओरल ड्रॉप पिलाकर कैम्प का शुभारम्भ किया। इस प्रक्रिया के साथ ही हज यात्रा पर जाने वालों की सभी तैयारियां भी पूरी हो गई। शिविर के आयोजक हाजी इरफान अंसारी हाजी ने बताया कि सभी यात्रियों को उन्हें मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र भी दिया गया। अपना पूरा सहयोग देने वाले हज सेवा समिति के अध्यक्ष शिविर आयोजक हाजी मो. इरफान हाजी अनीश अफजाल हाजी मुक्तदिर हाजी मो. अयाज, बब्बू सिद्दीकी जावेद राईन मो. फैसल हाजी असरार मुल्ला मो. सादाब ने बताया कि हज के लिए जाने वालों को हर अरकान जैसे अहराम बांधना तवाक करना उमरा करना सई रमीजमरात मीना अरफात मुज्दलफा अदा करने के तौर तरीके बताए व समझाए गए। इस साल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कई लोगो का सहयोग मिलने से अव्यवस्था उत्पन्न नही हो पायी 186 लोगो का चिकित्सीय परीक्षण निपटाने के बोझ को अच्छे से निपटाया। बाकी व्यवस्थाओ की प्लानिंग शानदार रही। हज सेवा समिति के लोगो ने आपस कार्यो का बटवारा करके सबको सहयोग किया। खाने पीने बैठने का इंतजाम की लोगो ने तरीफ की।

### हज के लिए खुद को कैसे तैयार करें

देश से विदेश तक का करीब 40 दिन का लंबा सफर तय करने वाले जिले के सभी हाजियो की सेहत सम्बंधी टिप्स देकर उन्हें हाजी इरफान अंसारी ने जागरूक किया बताया कि आपके जाने से कम से कम एक महीने पहले एक कसरत दिनचर्या शुरू करें जिसमें चलना और ताकत बढ़ाने वाले व्यायाम शामिल हों। अपने आहार में अधिक फल, सब्जियाँ और अन्य स्वस्थ खाद्य पदार्थ शामिल करें। यदि आवश्यक हो, तो यात्रा के लिए अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अपने चिकित्सक से परामर्श लें। बताया कि आपकी कागजी कार्रवाई व्यवस्थित होनी चाहिए।

### मदद को बढ़े कई हाथ

हज यात्रियों के टीकारण शिविर में बाराबंकी की फरजाना बेगम मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से आजमीन के लिए बतौर हदिया एहराम का कैम्प लगाकर सभी को वितरण किया। रसौली के काजी सफीक व तुफैल की तरफ से सफर बुक एहराम तस्वी मिस्वाक को निशुल्क बांटा गया। यूनानी डाक्टर एसोशिएसन बाराबंकी की तरफ से कुल 14 यूनानी अंग्रेजी दवाइयों का मेडिसिन किट सभी को दिया गया। ट्रेनिंग तकरीर में मौलाना अरसद काशमी ने विस्तृत जानकारी दी।

## जिले को मिली 325 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, मन्त्री सतीश ने बांटे 121 नियुक्ति पत्र



**बाराबंकी।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बाराबंकी द्वारा आज दिनांक 19 अप्रैल 2025 को डीआरडीए सभागार में समस्त 16 बाल विकास परियोजनाओं के नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री बाल विकास विभाग को अत्यन्त प्रमुखता देते है जो कि गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष की आयु तक बच्चे के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए कार्य करता है। उन्होंने आशा जताई कि नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आंगनबाड़ी कार्यक्रम के संचालन में गतिशीलता आयेगी और विकसित सुपोषित बाराबंकी का सपना सकार हो सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार मातृ शक्ति का बहुत सम्मान करती है तथा जनपद में 325 नवचयनित कार्यकत्रियों को रोजगार दिया जाना महिला सशक्तिकरण के विषय में बहुत बड़ा कदम है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां नई पीढ़ी से है और वह नये जोश से कार्य करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने चयन कार्य को पारदर्शिता एवं शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया तथा नवचयनित कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं दी।

# पेड़ के गिरने से बस हुई अनियत्रित बाल बाल बचे यात्री

**बाराबंकी।** चलती डबल डेकर बस के सामने अचानक गिरा पेंड़ अनियंत्रित बस सडक किनारे बने पुल टकराई बाल बाल बचे यात्री शनिवार सुबह करीब 3:00बजे एक बार फिर अचानक आईं आंधी तूफान के चलते एक बड़ा हादसा होते होते टल गया जहाँ अचानक तेज रफ़्तार डबल डेकर बस के सामने अचानक एक पेंड़ भरभरा कर गिर जिससे तेज रफ़्तार बस अनियंत्रित होकर सडक किनारे बने पुल से टकरा गया जिससे बस का अगला हिंस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हलाँकि ड्राइवर की सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा होते होते टल गया पूरा मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गाँव के पास नेशनल हाइवे 28का है बस कंडेक्टर नें जानकरी देते हुए बताया कि दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गाँव के पास हादसे का शिकार हो गईं बस के सभी यात्री सुरक्षित है सभी को अन्य वाहन से उनके स्थान तक भेज दिया गया।

## मान्यता प्राप्त विद्यालय में ही कराए दाखिला

**महराजगंज।** जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि माह अप्रैल 2025 से शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रारम्भ हो चुका है तथा जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नवीन शैक्षिक सत्र का पठन-पाठन कार्य सुचारू रूप से गतिमान है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों का प्रवेश कराने से पूर्व सम्बन्धित विद्यालय की मान्यता के विषय में (जैसे मान्यता के विषय व मान्यता का स्तर) पूर्ण रूप से जाँच पड़ताल कर ले। विधिवत् जाँच पड़ताल करने के उपरान्त ही अपने पाल्य का प्रवेश करायें।

## मेधावी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के पतरेगवां में स्थित रेनबो एकेडमी में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम वृहस्पतिवार की रात बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट जोसफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल महाराजगंज के प्रबंधक सीजे थामस व विशिष्ट अतिथि डा. डीके साहनी रहे। विद्यालय के नन्हें-मुंन्हे बच्चों द्वारा गायन, नृत्य एवं लोक जागरूक एवं समाज को प्रेरित करने वाले एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। साथ ही विद्यालय की टापर प्रतिज्ञा गुप्ता को साईकिल व अन्य मेधावियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक सद्दाम हुसैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सीजे थामस ने कहा कि नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों से समाज में व्याप्त बुराइयों का खात्मा होगा। डा. डीके साहनी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ संस्कारों का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्यामानंद व संचालन पंकज मौर्य ने किया।प्रधानाचार्य वसीम अहमद ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दशरथ गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, सर्वेश मिश्रा, जिवेश मिश्रा, अभिषेक विश्वकर्मा, घनश्याम सिंह, राधेश्याम उपाध्याय, प्रशांत अम्बेडकर, दब्बीर, अंतिमा, अंबिका पटेल, दिव्या यादव, जहांआरा, पूर्णिमा सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# किशोर व बच्चों पर माताएं रखें विशेष ध्यान, संगत में पड़कर सीखते है नशाः अनूप कुमार शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा जेबीएस महाविद्यालय, दुलहदेपुर सातवें चरण का ÷एक युद्ध, नशे के विरुद्ध÷ नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषयक जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह के आदेश पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों पर माताएं विशेष ध्यान दें, उनकी यह उम्र बहकने की होती है, इसी आयु में संगत में पड़कर नशा सीखते हैं। माताओं के ध्यान न देने पर नशे की लत में पड़कर बच्चों की दिशा विगड़ जाती है। श्री शुक्ला ने कहा कि समाज को बिगाड़ने वाले तत्वों का प्रतिकार करें। पुलिस विभाग एनटीएफ का गठन किया है, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू निषेध अधिनियम (कोटपा)-2003 के तहत जिला टास्क फोर्स का गठन किया गया, सीएमओ के नेतृत्व में निगरानी की जाती है, 18 आयु के बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने पर कार्यवाई की जाती है। कार्यक्रम में जेबीएस का प्राचार्य बाल गोविंद वर्मा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि नशा हमारे समाज की सामाजिक बुराई है, इसे त्यागना ही समाज का उद्धार है। विशिष्ट अतिथि जगदीशपुर खजूरी गांव के पूर्व प्रधान भारत सरकार से पुरस्कृत मोहम्मद अहमद ने कहा कि सामाजिक कार्य करने का फल अवश्य मिलता है,सभी को चाहिए कि नशा उन्मूलन के इस कार्य को आगे बढ़ाएं। आयोजक संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और विषय प्रवेश करते हुए कहा कि अनेक नशीली दवाएं जिनका दुरुपयोग नशा करने के लिए हो रहा है, उसे रोकना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू ने किया। वहीं गीतकार साहब नारायण शर्मा ने नशामुक्ति के लिए प्रेरणा गीत प्रस्तुत किये। प्राचार्य बाल गोविंद वर्मा, प्रवक्ता निशा पांडेय, पुष्पा यादव, पूर्णिमा त्रिवेदी, अंशिका सिंह, प्रमिला सिंह, विद्यावती, ज्ञानवती, साक्षी श्रीवास्तव, आनंद सिंह, सुधीर वैश्य, आमोद, मो सुएब, हिमांशु सिंह, विनय शुक्ला, वशिष्ठ वर्मा, मो आकिब, संस्था के कार्यकर्ता राम कैलाश, पूनम रत्नाकर सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व कालेज की छात्र छात्राओं सहित 120 की संख्या में बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली, अनूप कुमार शुक्ला ने शपथ दिलाई।

## पेड़ से लटकता मिला व्यक्ति का शव

**महराजगंज।** घुघली थानाक्षेत्र अंतर्गत पड़री खुर्द गांव के करीब शनिवार को पेड़ के फंदे से एक व्यक्ति का लटकता शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़री खुर्द गांव के सिवान में 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पर मौके पर घुघली थानाध्यक्ष गौरव सिंह पुलिस फोर्स के पास पहुंचे और फोरेंसिक टीम को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में घुघली थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक का पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिलास्तरीय समाधान दिवस में 179 मामलों पर हुई सुनवाई




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान का आयोजन शनिवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में फरेंदा तहसील में आयोजित हुआ। जिसमें जिलाधिकारी के समक्ष कुल 179 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 24 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। प्राप्त शिकायतों/आवेदनों में 90 राजस्व विभाग, 30 पुलिस, 12 ग्राम्य विकास और शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। 05 प्रकरणों में जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और निस्तारण आख्या को विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत स्तर पर देखें, ताकि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित किया जा सके। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्या सुनने के साथ ही उनको मिलने वाली पेंशन, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जिनको उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था, उनके पात्रता की मौके पर जांच करवाते हुए आवेदन करवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। फरियादी समस्या के निस्तारण के साथ-साथ योजनाओं का लाभ मिलने से प्रसन्न थे।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को संपन्न हुआ।

समाधान दिवस में पेश हुए कस्बे के पटेलनगर वार्ड निवासी देवेंद कुमार द्विवेदी पुत्र श्री निवास प्रसाद द्विवेदी ने फरियाद किया उनके मकान तक बिजली बिजली का तार नहीं पहुंचा है और न ही कनेक्शन लगा है इसके बावजूद बिजली का बिल आ रहा है। उन्होंने जांच कराकर बिजली का बिल सही किए जाने की मांग किया है।

वहीं मटियरिया गांव निवासी हरिगोविंद सिंह पुत्र दीपनारायण सिंह ने पेश होकर कहा कि वह अपने पुस्तैनी जमीन में मकान का निर्माण कर रहे है इसके बावजूद उन्हें मकान बनाने से रोका जा रहा है जो गलत है। इसी के साथ ही कुल 36 फरियादी पेश हुए जिसमें पांच प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर विधायक जय प्रताप सिंह, एस डी एम शशांक शेखर राय, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** तहसील टांडा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 17 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 40 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, उप जिलाधिकारी टांडा तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आल इंडिया वालीबाल टूर्नामेन्ट आयोजन हेतु तैयारियों में जुटे समिति के सदस्य

### आगामी 21, 22 व 23 अप्रैल को बढ़नी के रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित होगा टूर्नामेन्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल के जन सहयोग से जागृति स्पोर्टिंग क्लब बढ़नी द्वारा आयोजित होने वाली बहु प्रतीक्षित आल इंडिया वालीबाल टूर्नामेन्ट आगामी 21, 22 व 23 अप्रैल को आयोजित किया गया है। जिसमे देश की राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता में भारत एवं नेपाल के नवोदित एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल जौहर को देखने, सीखने का अवसर मिल सकेगा। उक्त जानकारी प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष अकील अहमद उर्फ़ मुन्नू एवं आयोजन सचिव/उप्र वालीवाल संघ के कोषाध्यक्ष मो. इब्राहिम ने देते हुए बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में देहरादून हास्टल उत्तराखण्ड, नार्दन रेलवे दिल्ली, पंजाब, झारखण्ड रेलवे धनबाद, उत्तर प्रदेश पुलिस लखनऊ, एसएसबी लखनऊ, यंग बॉयज स्पोर्ट्स क्लब शामली, पूर्व उत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर प्रतिभाग करेंगी। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की टीम के भाग लेने की सम्भवना है। खेल प्रतियोगिता के तैयारी स्थल बढ़नी के रामलीला ग्राऊण्ड में समिति के सदस्य जिम्मेदारी के तहत जुटकर तैयारियां कर रहे हैं।

# मीरा मेडिकल पर लगा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प

### नवज्योति मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल के डॉक्टरों ने किया चेकअप साथ में वितरित की मरीजों को दवाएं



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम भटंगवा में मीरा मेडिकल पर नवज्योति मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बस्ती द्वारा एक निःशुल्क कैम्प लगाया गया जिसमें ब्लड शूगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, आंखों की जांच, बाल रोग की जांच के साथ साथ महिलाओं के रोगों की भी जांच कर दवा निःशुल्क वितरण की गई। इस कैम्प में लगभग 100 लोगों ने जांचकर के दवा का फायदा उठाया। डा अमरेन्द्र प्रताप का कहना है कि हम लोग चाहते हैं कि जो लोग लखनऊ, बस्ती नहीं जा पाते हैं उन लोगों की जांच यहीं हो जाया करें और जो लोग पैसों के आभाव में जांच नहीं करवा पाते हैं वो लोग यहां पर करवा लें। इस कैम्प में जांच के दौरान डा अमरेन्द्र, सौम्या तिवारी, सीमा चौधरी, आंचल पांडेय, तेज प्रकाश त्रिपाठी, पिन्टू दूबे आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नगर कार्यालय पर हुई बूथ कमेटी की समीक्षा बैठक



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को बांसी नगर कार्यालय पर विधानसभा 304 के सेक्टर प्रभारी, सेक्टर प्रवेक्षक एवं बांसी बूथ कमेटी की समीक्षा बैठक विधान सभा अध्यक्ष विनोद यादव के अध्यक्षता में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि लालजी यादव, राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा बांसी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चमन आरा राईनी, प्रदेश सचिव राममिलन भारती, ज़िला उपाध्यक्ष पूर्व नपा अध्यक्ष बांसी मो0 इदरीश राईनी (पटवारी) प्रदेश सचिव महिला सभा ज़िला पंचायत सदस्य अनीता द्विवेदी , पूर्व ज़िला सचिव कृष्ण कुमार तिवारी, युवजन सभा जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, ज़िला पंचायत सदस्य महेंद्र लोधी जी, जवाहर यादव, राजेश पासवान, बांसी नगर अध्यक्ष कपिल देव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, मोहम्मद हारून, मुस्ताक राईनी, सभासद बरकत अली राईनी, सभासद अरूण गुप्ता, सभासद बुद्धिराम प्रजापति, सभासद शाकिर अली, धीरेन्द्र यादव (धीरू), मेहताब आलम, इरफान शेख़, अजहरुद्दीन खान, गुड्डू खान, दिलदार राईनी, बब्लू राईनी, अलीम शेख़, सुनील यादव, रामदेव निषाद, प्रहलाद लोधी, विनोद चौधरी आदि भारी संख्या में समाजवादी साथी मौजूद रहे।

# सोहगी बरवावासियों के धरने में पहुंचे कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी

### बोले विधानसभा में उठाउंगा सोहागी बरवा की समस्याओं का मुद्दा

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज।** फरेंदा के कांग्रेस विधायक और इंडिया गठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र चौधरी शनिवार को सिसवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निचलौल ब्लॉक के ग्राम सोहगी बरवा मे उन धरनारत लोगों के बीच पंहुचे जो पिछले पांच दिनों से धरना देकर जनसुविधाओं और समस्याओं के समाधान की मांग पर अड़े हुए हैं।

बता दें कि महराजगंज जिले का सोहगीबरवा राष्ट्रीय स्तर का पक्षी विहार भी है। करीब दस हजार की आबादी वाला यह क्षेत्र बिहार और नेपाल सीमा से घिरा टापू जैसा है। यहां बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई है। बरसात के दिनों में यहां तक आना जाना संभव ही नहीं है। लोकसभा चुनाव में इंडियन गठबंधन के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र चौधरी ने समस्याओं के निदान का भरोसा दिया था। लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला। मौजूदा सांसद और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सात बार सांसद होने के बावजूद वे यहां सात बार भी नहीं गए।जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से यह क्षेत्र भारत के हिस्से जैसा नहीं जान पड़ता। क्षेत्र वासियों के धरने में जिलाध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष बबलू सिंह व अन्य कांग्रेस जनों के साथ पहुंचे कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना। वहां पंहुचे तहसीलदार को ज्ञापन दिया। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि एक महीने के अंदर सड़क निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के निस्तारण हेतु कार्य नहीं शुरू हुआ तो कलेक्टर कार्यालय परिसर में विशाल धरना प्रदर्शन होगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों को भरोसा दिया कि वे यहां की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने के लिए विधानसभा में सवाल उठाएंगे।

## निलंबन की संस्तुति के बाद गृह क्षेत्र के विकास खण्ड में तैनाती

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी ने अभी लगभग दो हफ्ते पहले जिस लेखाकार के निलंबन की संस्तुति भेजी थी उसी लेखाकार को आज उसके गृह विकास खंड रामनगर में तैनाती दे दी। 2 वर्ष पूर्व इसी लेखाकार का रामनगर विकास खंड से विकास खंड टांडा स्थानांतरण हुआ था कि वह अपने गृह विकास खंड में कार्यरत है।शिकायत के उत्तर में लेखाकार ने अपना घर लाखंडीह विकास खंड जहांगीरगंज होना दर्शाया था जिसपर शिकायत कर्ता ने तत्कालीन जिला विकास अधिकारी निजी आवास जो विकास खंड कार्यालय रामनगर के मुख्य द्वार के सामने ही है का प्रमाण दिया जिसपर तत्कालीन जिला विकास अधिकारी ने जनहित में लेखाकार को रामनगर से टांडा में तैनात कर दिया। लेखाकार ने जिला प्रशासन में सेटिंग लगाकर पहले टांडा से अपना स्थानांतरण जहांगीरगंज करवाया और अब जहांगीरगंज से रामनगर कर लिया। जनता के बीच चर्चा यह है कि अभी जिसके निलंबन की संस्तुति दी गई थी उसको कैसे उसके गृह विकास खंड में तैनाती दे दी गई।लोग तो यह भी काना फूसी कर रहे हैं कि वही निलंबन की संस्तुति का आदेश वापस करने के लिए की गई सेटिंग में गृह विकास खंड में तैनाती की भी सेटिंग कर ली गई। जिसको देहाती भाषा में *एक पंथ दो काज* कहते है। जिस पर माता लक्ष्मी जी की कृपा हो वह नियम कायदा कानून सब बदलवा सकता है यदि विश्वाश न हो तो जनपद अंबेडकरनगर में लेखाकार जितेंद्र पांडे के निलंबन की संस्तुति की घोषणा के बाद संस्तुति आदेश गायब कर उसे उसके गृह विकास खंड रामनगर में तैनाती देने के खेल को देख ले। पैसे की ताक़त और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा के दर्शन हो जायेंगे।

# सफलता एक दिन का परिणाम नहीं निरंतर कोशिश करने से मिलती है : डॉ. जेबी. सिंह

**दानिश मेहदी**



**अंबेडकरनगर।** सफलता एक दिन में नही मिलती, यह निरंतर अभ्यास से प्राप्त होती है। उक्त बाते माँ तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकर नगर में दो गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को सम्मानित करने पहुँचे मुख्य अतिथि डॉ जेह्लबीह्न सिंह प्राचार्य पंडित राम लखन शुक्ल राजकीय पीजी कालेज आलापुर अम्बेडकरनगर ने कहा।

श्री सिंह ने कहा कि जिन बच्चो को आज हम सभी यहाँ सम्मानित कर रहे है निश्चित रूप से उन्होंने खूब मेहनत की होगी इसका परिणाम है कि उनको राज्यपाल (कुलाधिपति) महोदय द्वारा सम्मानित होने के बाद महाविद्यालय भी सम्मानित कर रहा है। श्री सिंह ने आगे समझाते हुए कहा कि आप सभी का लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए जिस भी कार्य को करे तन, मन और समर्पण के साथ करे। कोई भी सफलता प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम के साथ गुरुजनों के कुशल निर्देशन भी होना आवश्यक है। सम्मान समारोह कार्यक्रम का सुभारम्भ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष, प्रवंधक व प्राचार्य ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वालित कर पुष्प अर्पित किया गया। तपश्चात मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि व अध्यक्ष को प्रबंधक द्वारा पुष्प गुच्छे भेट कर को माला व अंग वस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों के प्रवेश करते समय पुष्प वर्षा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय में आये हुए सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और अभिभावको को बैच लगाकर प्रतिभा सम्मान समारोह का प्रमाण पत्र वितरित कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विपिन सिंह ने कहा कि इस महाविद्यालय के दो पुष्पों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर पूरे महाविद्यालय को महका दिया है और एक ही महाविद्यालय के दो छात्रों ने जो मेहनत की है उससे सबको शिक्षा लेने और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि मेहनत और प्रयास से सफलता निश्चित हो जाती है। उन्होंने अभिभावको से आग्रह किया कि वो बिना काम के महाविद्यालय में भी आ जाया करे ताकि जो कमी दिखे वो सूचित करने के साथ सुझाव दे ताकि उसे दूर करने का प्रयास किया जा सके। विशिष्ट अतिथि डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग बीएनकेबी पीजी कालेज अकबरपुर अंबेडकरनगर ने सर्व प्रथम दोनों छात्रों को बधाई और शुभ कामना देते हुए कहा कि ऐसे ही महाविद्यालय निरंतर बुलंदियों को प्राप्त करे। आप सभी छात्रों को शरीर मन और चेतना का समन्वय की जरूरत है। बिलुप्त हो रही गुरु - शिष्य परंपरा पर उन्होंने चिन्ता व्यक्त की। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि में इस महाविद्यालय के दो छात्रों ने जो मुकाम हासिल किया है वह महाविद्यालय के लिए गर्व और गौरव का क्षण है। यही नही महाविद्यालय के साथ गुरुजनों, माता पिता और अपने गाँव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि न गर्व से कहो कि हम हिन्दू है और न कहो कि हम मुसलमान है। बस फक्र से कहो कि हम बस एक इंसान है। इन दोनों गोल्ड मेडलिस्ट की मेहनत ने महाविद्यालय का नाम इस क्षेत्र में शिखर पर अंकित कर दिया है। जो उच्च शैक्षिक गुणवत्ता और शिक्षकों के मेहनत का प्रतीक है।

# पीड़ितों के साथ खड़े दिखे सपा नेता मोनू



रामलीला मैदान में अवैध कब्जों का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी नगर पालिका क्षेत्र के राप्ती नगर स्थित पुरानी मंगल बाजार/ रामलीला मैदान में प्रशासन द्वारा चिन्हित अवैध कब्जेदारों के कब्जे को बुलडोजर द्वारा हटाने की प्रकिया सारी तैयारियों के बावजूद फिलहाल शनिवार को शुरू नहीं हुई। बांसी विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी रहे मोनू दूबे ने शनिवार को ऐन मौके पर पहुँच कर राजस्व टीम द्वारा पूर्व में की गई भूमि की नापजोख पर ही सवाल खडा कर दिया। एडीएम गौरव श्रीवास्तव व क्षेत्रीय विधायक राजा जयप्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में पीडितों/ कथित अवैध कब्जा धारकों के साथ पहुंचे मोनू दूबे ने पीडितों के पक्ष से रामलीला मैदान की शांति पूर्ण व पारदर्शी तरीके से पक्षकारों की मौजूदगी में दुबारा पैमाइश कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि पीडितों के पास मौजूद दस्तावेजों के मद्देनजर पारदर्शी तरीके से दुबारा पैमाइश कराए बिना प्रशासन द्वारा मनमानी तरीके से बुलडोजर ऐक्शन के विरोध स्वरूप वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध व प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से पक्षकारों की मौजूदगी में विधि मान्य तरीके से दुबारा पैमाइश व चिन्हांकन की मांग किया है।

## छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत युवक पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** छेड़छाड़ व पाक्सो ऐक्ट से सम्बंधित मुकदमे में पीड़िता से सुलह का दबाव बनाने व गाली गलौज धमकी के मामलें में जलालपुर पुलिस पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली जलालपुर क्षेत्र की एक गांव की महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि गांव के पप्पू पुत्र बाबूराम ने उस की नाबालिग पुत्री से छेड़ छाड़ किया था जिस का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मुकदमे में सुलह करने के लिए आरोपी लगातार दबाव बना रहा है और मना करनें पर गाली गलौज व धमकी देता है। शिकायत पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली




**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं के द्वारा शनिवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान विशेष टीकाकरण व विशेष नामांकन अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान यह जागरूकता रैली विद्यालय से शुरू होकर छात्र-छात्राओं द्वारा नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए पुनः विद्यालय पर आकर समाप्त हो गई।इस दौरान प्रधानाचार्य रवि शुक्ल ने कहा कि 24 अप्रैल से 10 मई तक ÷विश्व टीकाकरण सप्ताह÷ के दौरान विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन एवं स्कूल आधारित टी0डी0 टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें डिप्थीरिया (गलाघोटू) एवं टी0डी0 (धनुषटंकार) रोग के बचाव हेतु टी0डी0 का टीका लगाया जायेगा,जो पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके अलावा विशेष नामांकन अभियान के तहत कक्षा छः व नौ में बच्चों को विद्यालय में नामांकन करवाने के लिए गांवों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान आशाराम यादव, धन्नजय पाठक, अजय यादव, जितेन्द्र शुक्ल, रामनरेश यादव, संत प्रसाद, सुमेरु गिरी, सीतू गुप्ता, सुनैना सिंह, शिवानी, रीना व रंजना आदि मौजूद रहे।

# प. बंगाल हिंसा के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** पश्चिम बंगाल हिंसा के विरोध में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद ने विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एस डी एम शशांक शेखर राय को सौंपा है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विहिप के जिला अध्यक्ष प्रत्यूष अमर ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है।

राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए, केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भीड़ ने 11 अप्रैल, 2015 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी । इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना था, असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। इस उन्मादी जिहादी भीड़ ने हिंदुओं के दो सौ से अधिक घरों और व्यावसायिक दुकानों को लूटकर जलाया, सैकड़ो हिंदुओं को बुरी तरह घायल किया व तीन नागरिकों की निर्मम हत्या की गई।

दर्जनों महिलाओं के साथ अभद्रता किया गया। परिणाम स्वरूप पांच सौ से अधिक हिंदू परिवापरिणाम स्वरूप पांच सौ से अधिक हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, बंगाल की हिंसा की जांच एन आई से कराया जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए, बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए, बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए। प्रदर्शन में अनुपमा सिंह, संतोष अग्रहरी, अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू, शंभू कश्यप सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# अनियंत्रित कार ने दो बाईक सवारों को रौंदा, एक की मौत, कई घायल

**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत तेंदुआईकला इण्टर कालेज के सामने जहांगीरगंज राजेसुल्तानपुर मुख्य मार्ग पर दोपहर में एक अनियंत्रित कार और दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक आठ वर्षीय बालिका की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में तीन की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मालूम हो राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के तेंदुआईकला मुख्य मार्ग पर हुई घटना में कार चालक फत्तेहपुर गढवा थाना जहाँगीरगंज निवासी सुयश मौर्य अपनी कार से राजेसुल्तानपुर दूध सप्लाई कर वापस जहांगीरगंज लौट रहे थे तेंदुआईकला चोरमरा के निकट पहुँचने पर सुयश मौर्य की कार अचानक अनियंत्रित हो गयी ऐसे में विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों की अनियंत्रित कार से आमने सामने भिड़ंत हो गयी और कार फिल्मी अंदाज में सड़क किनारे बबूल के पेड़ से टकराकर उल्टा लटक गई और चारो चक्के ऊपर हो गया दोनों अगले टायर फट गए और अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार का अगला हिस्सा जमीन पर टिक गया जबकि पिछला हिस्सा पेड़ पर लटक गया कार चालक घायल अवस्था में सड़क पर गिर गया। दोनों बाइको के परखच्चे उड़ गए और अगला हिस्सा टूटकर अलग हो गया।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र रजत उर्फ सन्नी पुत्र वधु श्रीमति पूजा के गलत आचरण व लडाई झगडे से तंग आकर उनसे अपने सम्बंध विच्छेद कर उन्हें कुल चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। दोनों के किसी भी कार्य या लेन देन हेतु में एवं मेरा परिवार ज़िम्मेदार नहीं होगा।

**मदन सिंह पुत्र सुक्खड सिंह R/o न्यू नवीन नगर, सामने कोठी सहीराम थाना सदर बाजार, सहारनपुर।**

## पश्चिम बंगाल में अशान्ती

पश्चिम बंगाल अशान्ती का क्षेत्र बना हुआ है। ममता सरकार हालातों पर नियन्त्रण नही कर पा रही है दोष विपक्षी दल भाजपा पर मढने में लगी हुयी है। दंगों को नियोजित बताती है। जनता इस अशान्ती से इतनी ऊब गई है और अपने को असुरक्षित पा रही है कि लोग सुरक्षा के लिये अपना घर छोड़ पलायन कर रही है। ममता प्रशासन में पूरी तरह नाकाम हो रही है। वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग हो रही है। अर्से से ममता सरकार दंगो और भ्रष्टाचार में उलझी है। वहां के गवनरों से उनका समान्जस्य नही बन पता है। केन्द्रीय सरकार भी आरोप लगती है कि केन्द्र उनके वित्तीय ग्रान्टों को भुगतान नहीं कर रहा है। पडोस ढाका में जो अशान्ती चल रही है उसके मद्देनजर पश्चिम बंगाल के लिये सुरक्षित माहौल जरूरी है। वर्तमान ढाका सरकार चीन और पाकिस्तान से नजदीकी बनाने में लगी है। सरकारी तन्त्र जनता में भरोसा नहीं कायम कर पा रही है। ममता में जो उत्साह था और जनता में उनके विश्वास था वह धीरे धीरे क्षरण हो कर सोचनीय बन गया है। हस्पिटल रेप केस और डाक्टर की हत्या का केस अभी चल ही रहा है। मुर्शीदाबाद में वक्फको लेकर जो हिंसा भड़की है वह चल ही रहा है। यहां बीएसएफकी अतिरिक्त कम्पनियां भेजनी पड़ी है। इन्टरनेट सेवायें बन्द कर दी गयी है। हिन्दू और मुस्लिम भाईयों में भाईचारा पैदा करना समस्या बनती जा रही है जिसे तुरन्त स्थापित किया जाना चाहिये। ममता खुद अपनी समस्या लेकर प्रदर्शन कर रही है। टीएमसी और भाजपा दोनो को मिलकर आपसी भाईचारा बहाल करवानी चाहिये। पर अभी तक इस ओर दोनो में से किसी का प्रयास नही दिख रहा है। ममता सेन्ट्रल फोर्स के एक घड़े पर भी दोष मढ रही है। यह आरोप बहुत संगीन है। ममता को सोच समझकर केन्द्रीय दलों पर आक्षेप मढ़ने से बचना चाहिये।

पश्चिम बंगाल में ऐसे दृश्य बार बार उभरते रहते है। यहां का इतिहास भी इस तरह का है। अगर चुनाव नज़दीक हो तो हिसात्मक युद्ध बढ़ जाता है। 1970 के दशको के बाद राज्य ने माओवादियों और कम्युनिस्टों के बीच हिंसक टकराओं के देखा है। आरोप लगते है कि कम्युनिष्टें ने विपक्ष को पनपने नही दिया। यहां की जनता नक्सलवादी अन्दोलन से बहुत प्रभावित है और हिंसा का सहारा ले उद्यम मचाया है। हिंसा को अपना मुख्य हथियार बनाया है। टीएमसी जब शासन में आई जो बदलाव का वादा करके आई थी लेकिन वह भी खूनी रास्ते पर चल निकली। टीएमसी नेताओं, कार्यकर्ताओं की इसमें साझेदारी देखी जा रही है। ममता अपने भतीजे को भी स्थापित करने में लगी हुई है मायावती की तरह पार्टी से ज्यादा भतीजा अहम हो गया है। यहां सरकार और पार्टी अहम नही है सरकार के विश्वानीयता पर अगुली उठती है। सवाल उठता है यहां हर चीज साम्प्रदायिक और रंगायुक्त क्यों हो जाती है। यह तो चुनी हुई सरकार है। आखिर वे कौन से लोग है जिनका सरकार बदलने का कोई असर नहीं पड़ता है। मुद्दे की बात यह है कि वहां तत्काल शान्ती स्थापित हो यहां के पक्ष विपक्ष को देश और राज्य हित सबसे ऊपर रखना चाहिये। पार्टी हित दूसरे पायदान पर रखना चाहिये। बन्दे मातरम का पाठ करना चाहिये।

## सेक्युलर मंजर था बांग्लादेश का!



के. विक्रम राव

सार्वभौम गणराज्य बांग्लादेश की स्वर्णजयंती (26 मार्च 2025) पर कई अनबूझे, पुराने प्रश्न उभरते हैं। उत्तर खोजते हैं। हल तलाशते हैं। मसलन अखण्ड भारत में जिस भूमि पर लाखों हिन्दुओं का संहार हुआ, जो जिन्नावादी मुस्लिम लीग का किला रहा, भक्ति आन्दोलन और साहित्य की जन्मभूमि रही वहीं बंग धरती आखिर आज भी भारत की प्रगाढ़ मित्र क्यों नहीं बन पाई ! दोबारा कट्टरवादी बन रही है।

यह सवाल सीधे उन भारतीय नागरिकों से है जो अभी तक बांग्ला गणराज्य के स्वतंत्र अस्तित्व को सह नहीं पाये हैं। जिनकी आखों को यह सेक्युलर, मुस्लिम–बहुल राष्ट्र सुहाता ही नहीं है। मसलन सेना के कप्तान अब्दुल माजिद ने बंगबधु शेख मुजीबुर रहमान की 15 अगस्त 1975 के दिन हत्या की थी। उनका शरीर छलनी कर दिया था। उनके पोता–नाती के साथ पूरे परिवार को मार डाला था। शेख हसीना बाहर गयीं थीं अत- बच गयीं। आज भी बची हुयी हैं। यह हत्यारा अब्दुल माजिद 23 वर्षों तक भारत में छिपा रहा। सुरक्षित रहा। आवभगत भी खूब हुयी होगी। स्वतंत्र–निर्भय होकर रहा। तकदीर खराब थी कि कोलकाता से लुकेछिपे ढाका गया। पहचान लिया गया। हत्या का मुकदमा चला। बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने सजाये मौत दी। गत वर्ष, 45 वर्षों बाद, 13 फरवरी को फांसी पर चढ़ा। राष्ट्पति अब्दुल हामिद ने अब्दुल माजिद की दया याचना खारिज कर दी थी।

तो कौन जवाब देगा कि सेक्युलर, गंगा–जमुनी भारत में हमारे मित्र बंगबंधु का नृशंस कातिल कैसे इतने सालों तक पनाह पा गया? किस जमात ने, किस शख्स ने अथवा किस खानदान ने ये भरपूर सहूलियतें एक जघन्य खूनी को मुहैय्या करायीं? भारतीय पुलिस का नाकारापन और कोताही रही। मगर आस पड़ोस के मुहल्ले के लोग अब्दुल माजिद को क्यों नहीं गिरफ्तार करा पाये? कैसी हमदर्दी थी? आखिर क्यों? उन दिनों मार्शल सैम मानेकशाह के नेतृत्व में भारतीय फौज पूर्वी पाकिस्तान को मुक्त कराने की योजना बना रही थी। ढाका और अन्य स्थानों से शरणार्थी पंजाबी–पठान सैनिकों से बचते–छुपते भारत आ रहे थे। उनकी संख्या एक करोड़ के करीब हो रही थी। तभी इन कुछ संघर्षशील मुस्लिम युवाओं को अहमदाबाद भेजा गया। कई गुजराती हिन्दुओं ने धन और मन से मदद की पर आवास नहीं दिया क्योंकि वे शाकाहारी थे। अब मुझे अपने साथी गुलाम यूसुफ पटेल (टाइम्स में मेरी साथी रिपोर्टर) की मदद से उन सब को जमालपुर तथा कालुपुर के मुस्लिम मोहल्लों में टिकाया गया। वहां उन्हें मांसाहारी भोजन भी मिल जाता। मगर समस्या ज्यादा विकराल हो गयी, जब शाम को वे सब भागकर मेरे दफ्तर आ धमके। कारण बताया कि उन मोहल्ले के बाशिन्दे उन्हें परामर्श के रुप में चेतावनी दे रहे थे कि पाकिस्तान का विरोध मत करो। पूर्वी सूबे वाले इस दारुल इस्लाम में ही रहो। तब हम सबको आक्रोश हुआ। बेबस थे। उन्हें फिर दिल्ली और पटना भिजवाया। मगर दिल उदास हो गया कि भारत कितना भी सेक्युलर हो, मजहब राष्ट्रीयता पर हावी ही रहेगा।

उसी दौर में शेख हसीना अपने दो पुत्र और पति के साथ दिल्ली के पण्डारा पार्क में शरण पायीं थीं। करोलबाग बंगसभा तथा मिन्टो रोड पूजा समिति के समारोहों में वे सपरिवार भाग लेतीं रहीं। बांग्लादेश और भारत के संबंधों का अध्ययन करते समय एक विशिष्ट मतभेद का उल्लेख करना आवश्यक है। वह है, भाषा का। भारत में कई राज्यों में उर्दू का समादर होता है। लिखी–पढ़ी जाती है। लोकप्रिय है। वह हिन्दू घरों में खूब बोली जाती है, प्रचलन है। हिन्दुस्तान के साहित्य में प्रमुख स्थान है। मगर मुस्लिम–बहुल बांग्लादेश का जन्म ही उर्दू के सार्वजनिक प्रतिरोध के कारण हुआ है। यह विडंबना है। इस बंगभाषी इस्लामी गणराज्य के विरोध में रहे इस समूची समस्या में उर्दू के बीज जमे थे, उगे थे। 15 मार्च 1948 को पूर्वी पाकिस्तान की यात्रा पर नये गवर्नर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ने ढाका में ऐलान किया कि उर्दू ही पाकिस्तान की एकमात्र भाषा होगी। यह भी कहा कि जो उर्दू–विरोधी हैं वे पाकिस्तान के दुश्मन हैं। पाकिस्तान संविधान सभा में 28 सितंबर 1948 को उर्दू राज्यभाषा बना दी गयी। जबकि बांग्ला बहुत प्राचीन है। फिर 21 फरवरी से 1952 से पूर्वी पाकिस्तान में जनविरोध उभरा, हजारो बंगभाषी पुलिस गोलीबारी में मारे गये। मगर पश्चिम पाकिस्तान पर लेशमात्र असर भी नहीं हुआ। जब गुजरती भाषी–जिन्ना से पूछा गया कि क्या उर्दू में वे पारंगत हैं, तो उनका उत्तर था अपने खानसामा को हुक्म देने भर की उर्दू मुझे आती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है।**

# बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम



ललित गर्ग

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के



कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृर्द्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में देश युवा भारत से बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं? क्या केरल की तरह अन्य राज्यों की सरकारें एवं केन्द्र सरकार लगातार बुजुर्गों से जुड़ी समस्याओं के लिये ठोस कदम उठायेगी? वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी गतदिनों हाईकोर्ट के अनेक फैसलों को पलटते हुए सराहनीय पहल की है। जिनमें अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच पर विराम लगेगा, क्योंकि यह आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है।

# उर्दू पर सर्वोच्च न्यायालय का अभूतपूर्व फैसला

डा. गिरीश

**यह एकदम गलत धारणा है कि हिन्दी केवल हिंदुओं की भाषा है और उर्दू केवल मुस्लिमों की। संप्रदायवादियों द्वारा यह प्रतिमान निहित राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने को गड़ा गया है। न्यायालय ने बहुत स्पष्ट तरीके से भाषा को धर्म की ओर धकेलने के लिए औपनिवेशिक शक्तियों को दोषी ठहराया है। सच तो यह है कि धर्म की कोई भाषा नहीं होती, और भाषा का कोई धर्म नहीं होता। भाषा का आधार केवल क्षेत्रीयता और समाज की जरूरत होता है।**

नफरत और विभाजन का खेल खेल कर सत्ता पर काबिज होने वाले सांप्रदायिक फासीवादी और कारपोरेट भक्तों द्वारा खड़े किये गये फर्जी किले एक के बाद एक ढहते जा रहे हैं। कई किलों को जनता ने अपने अनुभवों और आंदोलनों से धराशायी कर दिया तो कई एक न्यायपालिका ने अपने बेलाग फैसलों से ढहा दिये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कानून को ठेंगा दिखा कर लोगों को प्रताड़ित करने पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्यक्त तीखी प्रतिक्रिया अभी जहन में ताजातरीन थी, तभी उर्दू भाषा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला देकर सर्वोच्च न्यायालय ने संप्रदायवादियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। इससे पूर्व मोदी सरकार द्वारा थोपे गये भूमि सुधार कानून को किसानों ने अपने व्यापक आंदोलन से शीतग्रह में पहुंचा दिया वहीं जनविरोधी सरकार से नाराज जनता ने लोकसभा चुनावों में भाजपा को 240 सीटों पर समेट कर अबकी बार चार सौ पार के उनके हसीन सपने को ज़मींदोज़ कर दिया।

यूं तो संप्रदायवादी आज़ादी के बाद से ही उर्दू को लेकर नफरत और विभाजन की आग भड़काते रहे हैं लेकिन हाल का घटनाक्रम महाराष्ट्र से जुड़ा है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में पातुर नगरपालिका परिषद की इमारत के एक साइनबोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू भी लिखे जाने के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी थी। न्यायालय ने इस मामले में जो आदेश दिया है, उसने उर्दू पर विवाद खड़ा करने वालों की हवा निकाल दी है। अपने निर्णय में उर्दू को भारतीय भाषा बताते हुये सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि भाषा एक समुदाय, एक क्षेत्र और लोगों की होती है, किसी धर्म की नहीं। इसका इस्लाम से भी कोई संबंध नहीं है। भारत में जन्मी और फलीफूली यह भाषा गंगा- जमुनी तहजीव या हिन्दुस्तानी तहजीव का बेहतरीन नमूना है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले ने जबर्दस्त तारीफ बटोरी है। वो इसलिए भी कि यह फैसला एक ऐसे दौर में आया है जबकि प्रतिक्रियावादी शक्तियों द्वारा भारत की सामासिक सन्स्क्रति को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर अलगाव की आंधी पैदा की जा रही है। जीवन से जुड़ी हर चीज को मजहब के नजरिए से पेश किया जा रहा है। इसी नजरिये से उर्दू को भी मजहवी जुबान- इस्लाम धर्म की जुबान बताया जा रहा था। पर उर्दू तो क्या दुनियाँ की कोई जुबान मजहबी नहीं होती है। मजहबी ग्रन्थों की श्रेणी में आने वाले भारत के अनेक ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गये हैं। तो क्या संस्कृत को किसी धर्म विशेष की भाषा कहा जा सकता है? यदि वास्तव में ऐसा होता तो कट्टर हिन्दुत्व के इस दौर में सत्तासीन लोग हर नागरिक को सन्स्क्रत बोलने, लिखने और पढ़ने को अवश्य ही बाध्य कर रहे होते।

जहां तक उर्दू का सवाल है इसकी पैदाइश ही इंडो- योरोपियन फैमिली ( भारोपीय भाषा परिवार ) में हुयी है। 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच भारत भूमि पर भारतीयों द्वारा विकसित इस भाषा को कई विद्वान संस्कृत से पैदा हुयी भाषा बताते हैं तो अन्य कई का विचार है कि यह ब्रजभाषा आदि उत्तर- पश्चिमी भारत की क्षेत्रीय भाषाओं की



बेटी है। इसकी बड़ी खूबसूरती यह है कि इसने भारतीयता को खोये बिना फारसी अरबी तुर्की भाषा के शब्दों से अपने को सम्रद्ध किया। और अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने यह पूरी तरह साफ कर दिया कि संविधान के तहत मराठी और उर्दू को समान दर्जा प्राप्त है। वादी का यह दावा ठीक नहीं कि उर्दू को हटा कर केवल मराठी का ही प्रयोग किया जाये।

निश्चय ही यह एकदम गलत धारणा है कि हिन्दी केवल हिंदुओं की भाषा है और उर्दू केवल मुस्लिमों की। संप्रदायवादियों द्वारा यह प्रतिमान निहित राजनैतिक स्वार्थों को पूरा करने को गड़ा गया है। न्यायालय ने बहुत स्पष्ट तरीके से भाषा को धर्म की ओर धकेलने के लिए औपनिवेशिक शक्तियों को दोषी ठहराया है। सच तो यह है कि धर्म की कोई भाषा नहीं होती, और भाषा का कोई धर्म नहीं होता। भाषा का आधार केवल क्षेत्रीयता और समाज की जरूरत होता है। समाज की जरूरत के हिसाब से भाषा का रूप बदलता रहता है। भारत जैसे विविध धर्मों और भाषाओं वाले देश में तो भाषा और धर्म के बीच कोई भी संबंध बताना समाज को बांटने की साजिश है। भाषा का मूल उद्देश्य आपसी संवाद और भावों का संचरण है। परस्पर संवाद के लिए ही उर्दू का विकास हुआ था। समाज ने अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस भाषा को गढ़ा और उसमें बेहतरीन साहित्य लिखा। और अंततः यह हिंदुस्तानियत का पर्याय बन गयी।

और इस साहित्य को लिखने वाले किसी एक धर्म के अनुयायी नहीं रहे। प्रारम्भ में मुंशी प्रेमचंद ने उर्दू में ही साहित्य की रचना की। आनन्द मुल्ला हों यह रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी', आखिर इस्लामिक तो नहीं थे। साहिर लुधियानवी, अली सरदार जाफरी अथवा कैफी आज़मी इस्लामिक घरानों में पैदा होने के बावजूद अनीश्वरवादी थे। कुछ दशक पहले तक बालीबुड की फिल्मों के अधिकतर तराने उर्दू शब्दाबली से सराबोर थे। उर्दू के बिना बालीबुड के गीत- संगीत की कल्पना तक नहीं की जा सकती। हमारी राजनीति भी उर्दू से अछूती नहीं रही है। आज़ादी के आंदोलन में जन्मा सबसे पौपुलर नारा- 'इंकलाब जिंदाबाद!'- जो आज भी व्यापक तौर पर प्रचलित है, आखिर उर्दू भाषा की कोख से निकला है। भारतभूमि और भारतवासियों के कण कण और रग रग में रची बसी है उर्दू। ऐसी मकबूल जुबान को विभाजनवादी धर्म से जोड़ कर उसे मिटाने की नाकाम कोशिश करते रहे हैं। पर ऐसी कोशिशें कभी कामयाब नहीं होंगी, हालांकि वे हमें थोड़े समय के लिए हतोत्साहित कर सकती हैं। यदि ऐसा न होता तो हर धर्म संप्रदाय के लोग उर्दू शेरो-शायरी की दुनियाँ में न आ रहे होते। अनेक लोग अपने भाषणों को धार देने को शेरो- शायरी का सहारा न ले रहे होते। इसका सीधा मतलब है कि विभाजनकारियों की साजिशें नाकाम हो रही हैं। दिल को छूने वाली चीजें आसानी से खत्म नहीं की जा सकतीं हैं।

उर्दू को अपनी नफरत की राजनीति का औज़ार बनाने का मौका दक्षिणपंथियों को इसलिए मिल गया कि आजादी के बाद विभाजन के समय मजहब के आधार पर बने देश- पाकिस्तान ने अपनी भाषा के रूप में उसे प्राथमिकता दी। ठीक है उर्दू आज पाकिस्तान की मुख्य भाषा है, लेकिन इसका यह कदापि मतलब नहीं कि यह कोई मजहबी भाषा हो गयी। यदि ऐसा होता तो पाकिस्तान शायद ही टूटता। अपितु सच तो यह है कि उर्दू को दूसरे भाग और भाषाभाषी लोगों पर थोपना भी बंगला देश के निर्माण का एक कारण था। मतलब साफ है- किसी भाषा को थोपने से समाज में टूटन पैदा होती है, सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक कहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय भाषा पर ही नहीं रुका। एक कदम आगे बढ़ कर उसने बिलकुल सही कहा है कि हमें अपनी विविधता का सम्मान करना चाहिये और उसमें आनन्द लेना चाहिये। भारत में सौ से ज्यादा प्रमुख भाषाएँ हैं। अन्य अनेक हैं जिन्हें बोलियाँ कहा जाता है। भाषा और बोली के इन कड़वे और वेवजह विवादों से हमें बचना चाहिये। उर्दू को साइनबोर्ड से हटाने के लिये राजनीति प्रेरित याचिकाकर्ता ने पाँच साल से भी अधिक समय वेवजह गंवा दिया।

# अरपा का जीवनदान

**अरपा नदी में गर्मियों के समय जब शाम होती थी, दिन ढल जाता था और इसकी रेतीली चादर में चारों तरफ कोचई, ककड़ी और अन्य सब्जियों के बाड़ी लगे रहते थे तब इसे घाट के ऊपर से देखने पर पूरी नदी का रेत वाला एरिया हरियाली से भरपूर दिखाई पड़ता था। वह दृश्य बड़ा ही सुंदर और मनमोहन रहता था। शाम के जब हम नदी जाते थे तो इसके रेतीले चादर के बीच लेट कर चांदनी रात का जो मजा लेते थे वह कभी नहीं भूलने वाला अविस्मरणीय और सुकून शांति भरा एहसास होता था।**




सुरेश सिंह बैस

इस घटना को बताने के पूर्व मैं अरपा नदी जिसे हम श्रद्धा से अरपा मैया के नाम से बुलाते हैं इस पर कुछ बात करना जरूरी समझता हूं। अरपा वैसे तो मेरे घर के बहुत पास से ही बहती हुई आगे की ओर निकलती है। मैंने होश संभालते ही अरपा नदी के ममत्वभरे आंचल को देखा समझा है, और इसे बड़ी शिद्दत से महसूस भी किया है। अरपा नदी की खासियत तो हम शहर वासियों के नजरों में ऐसी है कि जिसकी कोई उपमा? नहीं? दी जा सकती है। ये शहर के बीच से बहती हुई निकलती है पूरे बिलासपुर शहर को बीचो-बीच दो भागों में बांट देती है, तो स्वाभाविक है यह शहर के लोगों की प्यास तो बुझाती ही है, साथ ही साथ अपने किनारो पर रहने वाले अन्य गांव बस्तियों की भी प्यास इसी नदी से बुझती है।अरपा के कारण ही इस क्षेत्र की भूमि उर्वर और हरीभरी है। कृषि सब्जी उपज का भरपूर उत्पादन इस नदी की ही कृपा है।

बिलासपुर शहर और मां बिलासा जिनके नाम पर शहर बसा है, और अरपा नदी यह तीनों एक दूसरे के अटूट पर्याय हैं। अगर आप तीनों में से एक का नाम लेगें तो समझ लीजिए की हर हाल में इन तीनों की भूमिका का वर्णन आवश्यक रूप से आएगा। वैसे अरपा नदी का मेरे अपने जीवन के लिए तो विशेष अविस्मरणीय स्थान है और रहेगा।मेरा बचपन अरपा के रेतीले चादरों के बीच, इसके घाटों में ऐसे गुजरा है जैसे घर का आंगन। अरपा की वह उत्ताल बलखाती तरंगे उछाल मारती मस्त और खिलंदड़ी लहरों की निर्मलता के बीच अल्हड़ बचपन मस्ती और निश्चिंतता के साथ कैसे बीता..कब बीता..पता ही नहीं चला।

खास करके जब अरपा नदी में गर्मियों के समय जब शाम होती थी, दिन ढल जाता था और इसकी रेतीली चादर में चारों तरफ कोचई, ककड़ी और अन्य सब्जियों के बाड़ी लगे रहते थे तब इसे घाट के ऊपर से देखने पर पूरी नदी का रेत वाला एरिया हरियाली से भरपूर दिखाई पड़ता था। वह दृश्य बड़ा ही सुंदर और मनमोहन रहता था। शाम के जब हम नदी जाते थे तो इसके रेतीले चादर के बीच लेट कर चांदनी रात का जो मजा लेते थे वह कभी नहीं भूलने वाला अविस्मरणीय और सुकून शांति भरा एहसास होता था, जो शायद अब कभी ना मिले। अरपा के मखमली रेत का वह शीतल कोमल एहसास जब हम महसूस करते थे तो वह अत्यंत आनंददायक था। वहीं बाड़ियों में लगे ताजे-ताजे स्वादिष्ट ककड़ी का स्वाद मुंह में आज भी बना हुआ है। वही गर्मियों में जब अरपा कि धाराएं कम हो जाती थी तो रेत के बीच गड्ढे कर बाड़ी लगाने वाले झिरिया का निर्माण करते थे। यह झिरिया ऐसा होता था जिसे रेत को खोदकर पानी की नालीनुमा धारा निकाली जाती थी, और सामने की ओर थोड़ा चौड़ा गड्ढा कर देने से वहां



पर नहाने का भी इंतजाम हो जाता था उस झिरिया के पानी को वैसे सिंचाई के लिए बनाया जाता था। उसी पर नहाया भी जाता था। लेकिन अगर उसके पानी को आप पिएं तो इतना शीतल स्वच्छ और निर्मल रहता था कि आप उसको पीते ही पवित्रता और शीतलता के अविस्मरणीय एहसास से भर जाते थे। प्यास तो ऐसी बुझती थी जैसे अमृत पी रहे हों। उसका जल बहुत ही स्वादिष्ट लगता था..ऐसी थी मेरी अरपा मैया की महिमा। लेकिन अब न जाने किस की नजर लग गई है कि अरपा की सुंदरता, अरपा की स्वच्छता और बलखाती लहरों का वह मनभावन मंजर अब नहीं दिखाई देता। माफियाओं की ललचाई भरी नजरों ने अरपा की सुंदरता ,अरपा का अस्तित्व ही आज संकट में डाल दिया है।

अरपा नदी वैसे तो हमारे शहर और शहर वासियों के लिए जलदायनी नदी तो है ही लेकिन मेरे और मेरे एक दोस्त के लिए जीवनदायिनी भी है। जिसकी कहानी अब शुरू होती है।बात उस समय की है जब मैं बारह तेरह वर्ष का रहा होउंगा। एक मेरा एक लंगोटिया दोस्त संजू शुक्ला था, प्राय हम साथ में ही रहते थे खेलते थे, यहां तक की स्कूल की पढ़ाई भी एक साथ ही किया करते थे, हमारी एक ही एक ही कक्षा थी और एक जगह ही हम लोग बैठकर पढ़ाई करते थे। सो हम दोनों बचपन के उन दिनों में काफी समय साथ ही बिताया करते थे। हम दोनों उन मस्ती भरी ,दिन दुनिया से बेखबर दिनों में मस्तियां करते थे, शैतानियां भी करते थे। वैसे भी वह थोड़ा शैतान और मस्ती में भरा रहता था। सो दिन भी ऐसे ही गुजर रहे थे।

हमारा स्कूल जाने का समय सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक हुआ करता था। इसके बाद हम दोनों स्कूल की छुट्टी से लौट के बाद सीधे अरपा के जनकबाई घाट की ओर भागते थे, जहां घंटों नहाया करते थे। कई बार तो घर के बड़ों को चिंता हो जाती थी कि ये लोग नहाने गए थे नदी पर अभी तक कैसे नहीं लौटे। तो कई कई बार खोजने के लिए घर वालों को घाट तक आना पड़ता था, जहां हमें नहाते देखकर घर वाले अक्सर डांटते हुए घर लेकर आते थे। उन दिनों ना जाने क्यों हमें नदी से ऐसा लगाव था की स्कूल के बाद के समय में दिनभर नदी की ओर रेत में ही खेलते हुए गुजर जाता था।

ऐसे ही गुजरते? दिनों में एक वह दिन भी आया जो हमारी जिंदगी का यादगार लम्हा बनने जा रहा था। उन दिनों हमें एक नई जिंदगी मिली थी जिंदगी के मायने कुछ-कुछ समझ में भी आए थे और जो हमें नई जिंदगी मिली थी वह मां अरपा की कृपा और दया से ही प्राप्त हुआ था। जो कुछ उस दिन हुआ था जिंदगीभर नहीं भूला जा सकता। उस दिन हुआ ऐसा था कि हम दोनों दोस्त हमेशा की तरह स्कूल से ग्यारह बजे आकर सीधे नदी घाट की ओर नहाने चले गए। उन दिनों नदी में किनारे की ओर पानी तीन-चार फीट तो कहीं-कहीं पांच फीट की गहराई तक बह रहा था, लेकिन नदी बीच तट की ओर जाने पर तेज बहाव भी था और गहराई भी काफी ज्यादा हो जाती थी। हम दोनों जनकबाई घाट में किनारे की तरफ नहाने लगे थे। उन दिनों हम अपने आप को तैराकी का का बड़ा सूरमा भी समझने लग गए थे, हालांकि दोनों को तैरना तो नहीं आता था, पर हां कम गहरे पानी में हाथ पांव मार लेते थे, जिससे हमारी बचपन की बुद्धि समझ रही थी कि हमें तैरना आ जाता है। खैर घाट में और भी लड़के जहां-तहां पानी में नहा रहे थे। घाट में उछल कूद मचा रहे थे । ऐसे ही हम लोग दोनों भी नहा रहे थे। घाट की पचरी से छलांग लगा लगाकर पानी में कूदते और पानी में मस्ती कर रहे थे। घाट के नीचे पानी भी करीब चार-पांच फीट के आसपास रहा होगा, बस इसी गहरे पानी में हाथ पैर मार कर हम समझने लगे थे कि हमें तैरना आ जाता है।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 20 अप्रैल, 2025



# दस माह के कार्यकाल में उपलब्धियों में शहर का खजुरिया और अशोक मार्ग का चौड़ीकरण

अवधनामा संवाददाता








**सिद्धार्थनगर।** दस माह के कार्यकाल में उपलब्धियों में शहर का खजुरिया और अशोक मार्ग का चौड़ीकरण है। पहली बार जहां कालानमक चावल-विक्रेता सम्मेलन आयोजित हुआ, वहीं दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में सिद्धार्थनगर में हुए कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम को मॉडल बनाते हुए लागू किया।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बताया कि लगभग 10 माह के कार्यकाल में पांच पीएचसी नौगढ़, डुमरियागंज, भनवापुर, कठमोरवा का जर्जर भवन तोड़कर नया निर्माण अंतिम चरण में है। शहर में सकरी के रूप में पहचान बन चुकी खजुरिया मार्ग का 6.05 करोड़की लागत से चौड़ीकरण और नया निर्माण, दो करोड़ की रोशनी के साथ 10 करोड़ का अशोक मार्ग आर्थिक गलियारा निर्माण और फोरलेनसड़क, जिले के 12 सहकारी समितियों के भवनों का निर्माण, बढ़नी क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए 6.5 करोड़ की लागत से मछली मंडी का निर्माण, 11 सीएचसी का नवीकरण, 12 ग्रामीण स्टेडियम और 13 पार्क का निर्माण गतिमान है। इसके अलावा 140 ओपन जिम, 280 पुस्तकालय का निर्माण अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित उद्यान पार्क का सौंद्रीयकरणरण, कलक्ट्रेट का मुख्य गेट, प्रकाश, पुस्तकालय, जिले में 511 अन्नपूर्णा भवन निर्माणाधीन, 500 एमडीएम शेड, 11 योग मुद्राका निर्माण, 15 जून तक बांसी में काशीराम अवास के तहत 392 आवास का आवंटन, बांसी में शीतलगंज पोखरा का निर्माण, सीएसआर फंड से बर्डपुर के अलीदापुर में मॉडल इंटर कॉलेज, सीआरएस से ही कपिलवस्तु में प्रकाश और ध्वनि शो स्थापित करने की कवायद, दुश्मन की संपत्ति की भूमि सहित 600 बीघा अवैध भूमि सरकारी कब्जे में करने की कार्रवाई, 26 सहकारी समितियों के भवन का नवीकरण। ब्लॉक और डीएचएस में मातृ मृत्यु दर को नियंत्रित करने के लिए वार रूम की स्थापना के साथ ही सोसाइटी के रूप में सिद्धार्थ के विकास और सिद्धार्थ मत्स्य विकास बोर्ड का गठन, निकायों में संपत्ति रजिस्टर बनाने की पहल, शोहरतगढ़ में मछली मंडी के लिए सात करोड़ की मंजूरी भी शामिल है। **कई प्रमुख प्रस्ताव शासन में लंबित-** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति ने बताया कि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर समेत सभी 11 निकायों में वाटर लागिंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए 17 करोड़, मझौली, मरथी आदि जैसे 10 सागरों के सागर माला सर्किट, भारत-नेपाल सीमा प्रस्ताव में 60 करोड़ का प्रस्ताव शासन में स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसके अलावा बिस्कोर मेंप्राचीन कुएं, शिव मंदिर डीपीआर प्रस्ताव, कल्याण मंडप के लिए दूसरा सीएफसी उस्का-पकड़ी मार्ग का प्रस्ताव, बढ़नी और शोहरतगढ़ बस स्टैंड का प्रस्ताव, नौगढ़ बस स्टैंड का प्रस्ताव, नीलामी स्तर पर डड़हर ताल बांसी में फ्लोटिंग रेस्तरां, ब्लॉक स्तर पर आठ ग्रामीण स्टेडियम आदि के निर्माण का प्रस्ताव लंबित है।

# ब्लाइंड मर्डर : किससे लगाएं दरकार, बेटे की हत्या के पांच महीने बीते चुके हैं सरकार...

अवधनामा संवाददाता



**■ फाइलों के बोझ में दबा गया छात्र की हत्या का राज**

**बीकेटी।** बीकेटी पुलिस की केस डायरी में इंटरमीडिएट के छात्र पीयूष उर्फ मानू (20) की हत्या ब्लाइंड मर्डर बन चुका हैं। वहीं छात्र के परिजन बेटे का इंसाफ दिलाने के लिए लगातार आलाधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद इसके छात्र के कातिलों का कहीं सुराग नहीं लग सका है। हालांकि, पुलिस ने भी कई तरह के प्रयास किए, लेकिन कातिलों ने इस केस में पुलिस को उलझा दिया। इस हत्याकांड के पांच महीने बीते चुके हैं। शनिवार को छात्र के पिता कृष्ण कुमार ने तहसील दिवस में घटना के अनावरण करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 19 दिसम्बर को बीकेटी के भौली गांव में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में हाजीपुर गांव निवासी लापता इंटरमीडिएट छात्र पीयूष उर्फ मानू की लाश मिली थी। पीएम रिपोर्ट (पोस्टमार्टम) में छात्र की गला कसकर हत्या की गई थी। इसके बाद हत्यारों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए निर्माणाधीन बिल्डिंग में फेंक दिया था। इस हत्या के पांच माह बीत चुके हैं। हालांकि, हत्यारों की तलाश गठित की गई चार टीमें भी कातिलों तक नहीं पहुंच सकी। लिहाजा, पुलिस ने इस हत्याकांड को ब्लाइंड मर्डर करार कर फाइलों के बोझ में दबा दिया।

एडीसीपी नार्थ जितेंद्र दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया में कातिलों ने छात्र की कहीं दूसरी जगह हत्या की थी। फिर शव को निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठिकाने लगाने के लिए फेंक दिया था। पुलिस ने कई पहलुओं पर जांच की, लेकिन कातिलों ने पुलिस को ही उलझा दिया है। बताया कि बीटीएस की मदद से संदिग्ध मोबाइल नेटवर्क को ट्रैक करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। उनका कहना है कि किसी वक्त शव को निर्माणाधीन बिल्डिंग में फेंका गया तब कातिलों के पास मोबाइल नहीं था। यही वजह है कि बीटीएस एक भी मोबाइल नेटवर्क को ट्रैक नहीं कर पाई।

पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि बेटे पीयूष को इंसाफ दिलाने के लिए उन्होंने पुलिस आयुक्त से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बेटे के अज्ञात दोस्तों पर हत्या करने की आशंका जताई है। कहाकि पुलिस बेटे का मोबाइल भी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जिस वक्त बेटे के शव को निर्माणाधीन बिल्डिंग में फेंका गया था तब पुलिस की पेट्रोलिंग कहां थी? कहा कि अगर पुलिस गश्त पर होती तो शायद कातिलों को पकड़ा जा सकता था।

# हिंदू संगठनों ने भारतीय मुसलमानों को बताया रोहिंग्या, निकले प्रवासी मजदूर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के जमालपुर में कथित रूप से रह रहे कुछ लोगों पर हिन्दू संगठनों द्वारा ''रोहिंग्या मुस्लिम'' होने का शक जताए जाने के बाद उन्हें शुक्रवार की रात कोतवाली पडरौना पुलिस थाने लाई, लेकिन जांच में उनके पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर होने की तसदीक के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस ने अगले दिन शनिवार को यह जानकारी दी।

कोतवाली पडरौना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि कुछ संगठनों की शिकायत पर पडरौना शहर के जमालपुर स्थित कुछ मकान मालिकों के घरों में किराए पर रह रहे करीब 20 लोगों को थाने लाकर उनकी पहचान और दस्तावेज जांचे और उनके आधार कार्ड की फोटोकॉपी ली। इसके बाद पुलिस को प्रवासी मजदूरों से की गई पूछताछ में ये लोग मूलतः पश्चिम बंगाल के रहने वाले मजदूर निकले, जिसके बाद उन्हें शनिवार की देर शाम ही थाने से जाने की अनुमति दे दी गई। फिलहाल प्रवासी मजदूरों के कब्जे से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि वे सभी मजदुर पडरौना शहर के जमालपुर स्थित कुछ लोगों के यहां किराए का तौर पर रहकर यहां मजदूरी के अलावा फेरी लगाकर विभिन्न सामग्रियों को क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर जाकर बेचने और मजदुरी का काम के लिए पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूरों जत्था आया यहां आया हुआ था। उन्होंने बताया कि इन मजदूरों को कथित रूप से कुछ हिंदू संगठनों के ओर से लिखित तौर पर किए गए शिकायत के बाद बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान ठहराए जाने पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर इन्हें शनिवार को देर शाम छोड़ दिया गया है।

## झूठी सूचना पर रातभर हलकान रही पुलिस

शुक्रवार को पडरौना शहर के जमालपुर में रह रहे मजदूरों को हिंदू संगठन की ओर से बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान होने की सूचना झूठी निकली। वहीं केला काटने वाले बकुआ को धारदार हथियार करार देने के मामले में पुलिस की तरफ से की गई जांच में वे सभी प्रवासी मजदूर निकले है। हिंदू संगठनों की ओर से कोतवाली पडरौना पुलिस से की गई शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर जांच के सिलसिले में बीते 24 घंटे तक कोतवाली के पुलिस हलकान रही है, जबकि हिंदूवादी संगठनों की ओर से सी गई शिकायत के बाद पूरी रात जागकर ऐसे मजदूरों को हिरासत में लेकर पूरी दिन पूछताछ के बाद लिखा पड़ी में जुटी रही।

# पद्मजा कला संस्थान जरूरतमंद कला साधकों को देगी स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**■ कलाकारों का किया आवाहन बने भारतीय संस्कृति के दूत**

**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र ने पद्मजा कला संस्थान से नृत्य और तबला वादन का प्रशिक्षण हासिल कर रहे प्रतिभावान कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरित किया। यह कार्यक्रम संस्थान के भवन संख्या 19/331 इंदिरा नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि कहा गया है साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य साक्षात नाखून और सींग रहित पशु के समान है। ऐसे में पद्मजा कला संस्थान विगत कई वर्षों से बाल, किशोर और युवाओं को ही नहीं उम्रदराज कला साधकों को संगीत में पारंगत करने का महती कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस समाज को अपनी संस्कृति पर गर्व नहीं होता है उसकी विश्व में पहचान नहीं बनती है। इसलिए उन्होंने कला साधकों का आवाहन किया कि वह भारतीय संस्कृति के विश्व दूत बनने का दायित्व निभाने का संकल्प लें।

संस्थान की सचिव और अंतरराष्ट्रीय कथक गुरु आकांक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक दो हजार से अधिक भारतीय ही नहीं विदेशी स्टूडेंट्स तक को वह कथक नृत्य का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर आगामी योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पद्मजा कला संस्थान, जरूरतमंद कला साधकों को स्कॉलरशिप प्रदान करने जा रहा है। पद्मजा कला संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने शनिवार 19 अप्रैल को संस्थान परिसर में बताया कि बीते दिनों संस्थान की ओर से आयोजित वार्षिकोत्सव परंपरा 2025 में 70 स्टूडेंट्स ने नृत्य और तबला, वादन और गायन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल श्रम व बाल अपराधो के खिलाफ चला अभियान

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्री श्चन्द्र के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार थाना प्रभारी हयात नगर चमन सिंह के नेतृत्व में बाल श्रम एवं बाल अपराधो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत बाल कल्याण अधिकारी एस आई ऋतुगिरी और जस्ट राइट्स के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरी शंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम बाल तस्करी के खिलाफ जागरूक अभियान चलाया गया इस दौरान थाना हयात नगर क्षेत्र के विभिन्न होटलों ढाबों मैकनिक शाप मुख्य बाजार मे अभियान चलाया गया अभियान के दौरान तीन बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाए जाने पर बाल श्रमिको के मालिकों को बाल श्रम के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई और भविष्य में बाल श्रम करते हुए पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाने की चेतावनी देते हुए बच्चों को स्कूल भेजने को कहा पुलिस और जस्ट राइट्स का अभियान लगातार जारी रहेगा इस दौरान थानाध्यक्ष चमन सिंह हयात नगर महिला उपनिरीक्षक रितू गिरी थाना हयात नगर जस्ट राइट्स के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरी शंकर चौधरी सिराज अहमद संयुक्त टीम के साथ मौजूद रहे।

### सीओ संभल अनुज चौधरी को मिली क्लीनाचिट

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** सीओ संभल अनुज चौधरी को उनके बयानो के खिलाफ की गयी शिकायत की जांच के बाद क्लीनचिट मिली संभल सी ओ अनुज कुमार चौधरी ने पीस कमेटी की मीटिंग के दौरान जुमे की नमाज और होली का पर्व शान्ति पूर्वक संपन्न करने की मंशा से कहा था कि जुमा साल में 52 बार आता है और होली एक बार इस लिए किसी को रंग से परहेज है तो वो घर से न निकले सीओ संभल ने ईद से पहले हुई पीस कमेटी की मीटिंग में कहा था कि अगर ईद की सिवइयां खिलानी है तो होली की गुजिया भी खानी पडेगी इन बयानो की आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी जिसकी जाच पुलिस मुख्यालय में तैनात एस पी लॉ ऑर्डर मनोज कुमार अवस्थी को सौपी गई थी जांच मे पीस कमेटी के सदस्यों से पुछ ताछ की गयी और सीओ अनुज कुमार चौधरी को क्लीनचिट मिली।

### गुरू जी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** संभल जिले के तहसील चंदौसी के बहजोई शहर में गौ रक्षा नारी सुरक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव हिंदू मयंक प्रताप सिंह के निर्देशानुसार एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर कानूनी सलाहकार तहसील संभल जिला अध्यक्ष संभल गौ रक्षा नारी सुरक्षा सेवा समिति द्वारा बहजोई में रामभद्राचार्य गुरु जी से आवास पर मिलने का मौका मिला गुरू जी का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ में राष्ट्रीय कल्कि स्वयंसेवक संघ के कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता जी रहे पुलिस प्रशासन व गुरुजी की सिक्योरिटी में लगे हुए कर्मचारीयों द्वारा सही व्यवहार किया गया जिसमें गुरुजी से मिलने का मौका जब हम गुरु जी के संगठन में होने के बाद भी हम गौ सेवा व समाज की सेवा में लगे हुए है आपका भाई एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर क्षेत्रिय उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय कल्कि की स्वयंसेवक संघ के सदस्य द्वारा संभल नगरी में कल्कि प्राकट्य स्थल संभल मैं प्राचीन कल्कि मंदिर में सम्भल में पहुंचने के लिए भी आह्वान किया गया गुरु जी से विनम्र निवेदन हैं कल्कि प्राकट्य स्थल संभल मैं प्राचीन कल्कि मंदिर में जरूर आए मात्र 20 किलोमीटर दूर सम्भल में पहुंचने के लिए भी प्रार्थना की गई।

### खेत में पड़ी मिली किसान की लाश

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में शुक्र वार की रात संदिग्ध हालात में किसान की मौत हो गई। गांव के बाहर गेहूं के खाली खेत में उनका शव शनिवार की सुबह मिलने से गांव में हलचल मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बंडली का पुरवा तोरोमाफी की है। गांव निवासी किसान राम तीरथ (45) की मौत हुई है। परिजनों के अनुसार राम तीरथ शुक्रवार देर शाम खेत की तरफ गए थे। वह रात में घर वापस नहीं लौटे। सुबह खेतों की तरफ गए ग्रामीणों ने गेहूं के खाली खेत में उनका शव देखकर परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का एक व्यक्ति से भूमि विवाद चल रहा था। इसके चलते परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# रिसर्च, इंडस्ट्री और स्किल्स की त्रिवेणी से बदलेगी फार्मा की सूरत

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** एकम्स फार्मा के जीएम डॉ. योगेन्द्र सिंह बोले, फार्मा सेक्टर में कम्प्यूटर सिस्टम वैलीडेशन- सीएसवी के संग-संग क्वालिटी एश्योरेंस-क्यूए और क्वालिटी कंट्रोल-क्यूसी की अहम भूमिका है। सीएसवी केवल डोजेज़ फॉर्म तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग यूटीलाइजिंग और क्रोमेटोग्राफी तक विस्तृत है।

उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, आप अपनी बेसिक साइंस को मजबूत करो- एचपीएलसी, यूवी, क्रोमेटोग्राफी आदि की समझ होना इंडस्ट्री के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्रिकेटर रवि शास्त्री का उदाहरण देते हुए समझाया, हमें अपने डिपार्टमेंट के संग-संग दूसरे डिपार्टमेंट की भी सामान्य जानकारी होनी चाहिए। अपने वैरी शार्ट टर्म, शार्ट टर्म और लॉग टर्म गोल्स को तय करें। ग्लोबल फार्मा इंडस्ट्री में करियर की असीम संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है, आपके बेसिक्स क्लियर हों और आप स्किल्ड भी हों। डॉ. योगेन्द्र सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस एनसीपीआरआई 2025 के समापन मौके पर बोल रहे थे। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में कम्प्यूटर सिस्टम वैलिडेशन, एआई, क्रिस्पर, डिजिटलाइजेशन जैसी तकनीकों से पाठ्यक्रम अपडेशन आदि पर पैनल डिसक्शन भी हुआ। एनसीपीआरआई में स्टुडेंट्स, फैकल्टीज़, रिसर्चर्स की ओर से 78 ओरल रिसर्च पेपर्स और 81 पोस्टर्स भी प्रस्तुत हुए। इससे पूर्व मेहमानों ने दीप प्रज्जवलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का शंखनाद किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संचालन कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई और डॉ. मिथुल मेमन ने बारी-बारी से किया।

# खुशबू की शानदार बल्लेबाजी से जीता सुपर स्ट्राइकर्स

**लखनऊ।** सुपर स्ट्राइकर्स और पॉवर रेंजर्स ने सैयद नावेद शीरी क्रिकेट मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में शुक्रवार को जीत दर्ज की। डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम पर खेले गए पहले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही खुशबू यादव की बेहतरीन बल्लेबाजी के चलते सुपर स्ट्राइकर्स ने क्रिकेट एवेंजर्स को दो विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिकेट एवेंजर्स ने 20 ओवर में एक विकेट खोकर 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर स्ट्राइकर्स ने यह मैच 14.4 ओवर में आठ विकेट खोकर 96 रन बनाकर जीत लिया। खुशबू यादव ने 38 गेंदों में छह चौके की सहायता से 35 रन बनाए। क्रिकेट एवेंजर्स की ओर से महिमा शुक्ला ने चार और आंचल अग्रवाल ने तीन विकेट लिए। टूर्नामेंट के एक अन्य लीग मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच बनी शिवांगी वासुदेवा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पॉवर प्लेयर्स ने स्काई सर्फर्स को छह विकेट से हरा दिया।

# चलती कार में तीन युवकों ने की चचेरी बहनों से दुष्कर्म की कोशिश

अवधनामा संवाददाता

**■ गाड़ी पलटी... हादसे में ब्यूटीशियन की मौत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ से शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। बंथरा इलाके में गुरुवार देर रात चलती कार में तीन युवकों ने ब्यूटीशियन और उनकी चचेरी नाबालिग बहन से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर मारपीट की। इस बीच कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में ब्यूटीशियन की मौत हो गई। उनकी चचेरी बहन भी घायल है। ब्यूटीशियन के पति ने कार सवार उन्नाव निवासी अजय, विकास और आदर्श पर पत्नी पर हमला करने और वारदात को सड़क हादसा दिखाने के लिए कार चबूतरे से टकराकर पलटाने का आरोप लगाया है। तीनों के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ब्यूटीशियन के पति एक निजी कंपनी में काम करते हैं। उनका तीन साल का बेटा है। उन्होंने बताया कि उन्नाव निवासी पत्नी के परिचित अजय ने फोन कर बंथरा के रमदासपुर निवासी सुधांशु के मेहंदी लगाने के लिए बुलाया। सुधांशु की शुक्रवार को बरात जानी थी। रात करीब 12:30 से एक बजे के बीच अजय, विकास और आदर्श कार से उनकी पत्नी को लेने पहुंचे। पत्नी के साथ उनकी चचेरी बहन भी थी। रात करीब तीन बजे चचेरी बहन ने अपने जीजा को फोन किया और बताया कि लौटते वक्त कार सवार तीनों लोगों ने दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध पर मारपीट की और चाकू मार दिया। वारदात को दुर्घटना दिखाने के लिए तेज रफ्तार कार चबूतरे से टकरा दी। इससे कार पलट गई। ब्यूटीशियन की चचेरी बहन का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने मुंह खोलने पर उन्हें व उनके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

# सीएमएस के सर्वाधिक 141 छात्र जेईई एडवान्स के लिए चयनित

अवधनामा संवाददाता

**■ 28 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक जबकि 93 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से 'जे.ई.ई. मेन्स' परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा घोषित जे.ई.ई. मेन्स-2025 (द्वितीय चरण) के परीक्षाफल में सी.एम.एस. के सर्वाधिक 141 छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित कर जे.ई.ई. एडवान्स में शामिल होने की अर्हता अर्जित की है। जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. के 28 मेधावी छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर 93 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर आशातीत सफलता अर्जित की है।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्रों ने एन.टी.ए. द्वारा घोषित आधिकारिक कट-ऑफ मार्क्स से कहीं अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। विदित हो कि इस वर्ष का जनरल कट-ऑफ मार्क्स 93.10 है जबकि ई.डब्ल्यू.एस. का कट-ऑफ मार्क्स 80.38, ओ.बी.सी.-एन.सी.एल. का कट-ऑफ मार्क्स 79.43, एस.सी का कट-ऑफ मार्क्स 61.15 एवं एस.सी. का कट-ऑफ मार्क्स 47.90 है।

# फैटी लिवर देश में रोगों के बढ़ते बोझ का कारण

## मोटापे से बढ़ती है समस्या, वजन कम करने से हो सकता है लाभ

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों में लिवर रोगों की बढ़ती समस्या, इसके कारणों और उन्हें रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। एसजीपीजीआई, लखनऊ के हेपेटोलॉजी विभाग ने 19 अप्रैल 2025 को 'विश्व लिवर दिवस' मनाया और फैटी लिवर रोगों के बढ़ते बोझ के बारे में उनके ज्ञान और जागरूकता को बढ़ाने के लिए युवा चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला का उद्घाटन संजय गांधी पीजीआई के निदेशक और हेपेटोलॉजी के प्रोफेसर डाक्टर आर के धीमन, संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता और हेपेटोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित गोयल ने किया। इस सेमिनार में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 100 से अधिक मेडिकल छात्र और युवा चिकित्सकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. धीमन ने कहा कि लिवर की बीमारियां आमतौर पर शराब, वायरल हेपेटाइटिस और फैटी लिवर के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में हमारी जीवनशैली और आहार संबंधी गलत आदतों के कारण फैटी लिवर की बीमारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में लगभग 40त्न लोग मोटे या अधिक वजन वाले हैं। मधुमेह और मोटापा फैटी लिवर रोग के प्रमुख जोखिम कारक हैं। हमारा देश मोटापे और मधुमेह की वैश्विक राजधानी है। भविष्य में हम फैटी लिवर रोग की वैश्विक राजधानी बन सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से फैटी लिवर रोगों का शीघ्र पता लगाने पर जोर दिया ताकि सिरोसिस और लिवर कैंसर को बढ़ने से रोका जा सके।

प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि मोटे लोगों को किसी भी सर्जरी के दौरान काफी परेशानी और जटिलताएं होती हैं। कार्यशाला में एसजीपीजीआई, केजीएमयू अस्पताल के कई चिकित्सकों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने मोटापे के बोझ, फैटी लिवर की बीमारी, इसकी जटिलता और उपचार के बारे में बात की। निष्कर्ष निकाला गया कि फैटी लिवर के मुख्य कारण निष्क्रिय जीवनशैली, जंक फूड खाना और लोगों में व्यायाम और खेल गतिविधियों की कमी है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि वजन कम करना और व्यायाम करना फैटी लिवर की बीमारी का सबसे प्रभावी इलाज है। शरीर के वजन का 5त्न कम करने से फैटी लिवर को ठीक किया जा सकता है और अगर हम अपना 10त्न वजन कम कर सकें तो लिवर की चोट और लिवर फाइब्रोसिस को भी ठीक किया जा सकता है। इन रोगियों को अधिक नियमित आहार लेने की जरूरत है, जिसमें सब्जियां, फल और शाकाहारी आहार का अच्छा मिश्रण होना चाहिए।

# 'सुशासन वह है जो संविधान से पूरे देश को साथ लेकर चले'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (सपा) की प्रमुख मायावती ने शनिवार को कहा कि सुशासन वह है जो संविधान के अनुसार पूरे देश को साथ लेकर चले। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बसपा संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा की गई। आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा, ''जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीट का पुनः आवंटन, नयी शिक्षा नीति और भाषा थोपने आदि मुद्दों पर इन राज्यों तथा केन्द्र के बीच विवाद का राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग करने से जन तथा देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक। 'गुड गवर्नेंस' (सुशासन) वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। बसपा नेता ने कहा, ''वैसे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कौशल के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं? सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित है।''

# नमामि गंगे योजनाः नलों से नहीं टपका इक भी बूँद पानी

- कुआँतला में पाइप लगे पर नहीं आया पानी
- हैंडपम्प और कुआं से पानी भरने को आज भी विवश लोग

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** साहब हमारे गांव में नल की लाइन डालकर पाइप तो लगा दिए गए लेकिन तब से आज तक पानी की बूँद तक लोगों को नसीब नहीं हुआ। हालांकि साहब की काफी सारी फोटोज सोशल मीडिया और तमाम पोर्टलों पर खूब वायरल हुई। नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर किस प्रकार से कागजों के जरिये झूठ परोसा जा रहा है ये अधिकारी धरातल पर आकर ग्रामीण अंचलों में जाकर स्वयं देख सकते हैं। मामला मुख्यालय से करीब सात किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत कुआँतला का है। इस ग्राम पंचायत में घर के बाहर नालों के पाइप तो लगे हैं और लोगों का कहना है कि पाइप लाइन कि जांच करने के लिए नालों से पानी आया था, इसके बाद से अब तक इस पाइप से पानी कि बूँद तक लोगों को देखने नहीं मिली। आलम यह है कि गांव कि महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा दैनिक जीवन यापन के लिए गांव में लगे हैंडपम्प और कुआं से से पानी लाने को विवश हैं। गर्मी के दिन व दिन विकराल होते जा रहे स्वरुप के चलते अब प्राकृतिक स्रोत सूखने लगे हैं तो वहीं हैंडपम्प ने भी पानी छोड़ना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं गांव में सुबह से ही हैण्डपम्पों पर महिलाओं की लम्बी लाइनें लग जाती हैं, ताकि वह समय से पानी भर सकें। इधर दूसरी ओर जिला प्रशासन की बात करें तो नमामि गंगे से सम्बन्धित अधिकारी कार्यालय में बैठकर योजना को धरातल पर फलीभूत होने का दावा करते हुये नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों को गांव-गांव ले जाकर नलों के पाइप चैक करते समय आये हुये पानी के साथ फोटो खींच कर सोशल मीडिया और पोर्टलों पर भी खूब वायरल हुयी, लेकिन



उसके बाद से मामला सिफर रहा है। यहां पाइप में टोटियां भी नहीं लगायी गयी हैं। इसके अलावा गांव में पेयजल आपूर्ति न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में रहने वाली मुन्नीबाई ने बताया कि उनके गांव में शुरू से ही हैण्डपम्प और कुंए के पानी का इस्तेमाल होता आया है। लेकिन धीरे-धीरे आवादी बढ़ने के साथ ही लोगों की दैनिक आवश्यकता बढ़ गयी और अब आलम यह है कि पेयजल के लिए समस्याएं विकराल होने लगी हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा गांव में लाइन बिछाकर पाइप घर-घर लगाये गये हैं, बावजूद इसके आज तक एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो सका है।

### लाइन तो डाली गयी, लेकिन नहीं लगे पेयजल के पाइप

वहीं मोहल्ला खुशीपुरा में रहने वाले लालसिंह ने बताया कि उसके मोहल्ले में पाइप लाइन तो डाली गयी, लेकिन नलों के पाइप नहीं लगाये गये हैं। जिस कारण यहां के लोगों को यह भी पता नहीं है कि नलों से पानी आता भी है या नहीं। यहां के लोग गांव में दूर स्थानों पर लगे हैण्डपम्पों से पानी भरकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लालसिंह ने गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किये।

### अधिकारियों के सामने बोलने से डर लगता है

ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत से जब पाइप लाइन में पानी न आने की बात पूछी गयी तो उन्होंने दबी जुबान में स्पष्ट कहा कि अधिकारियों के सामने बोलने में डर लगता है। क्योंकि यहां विकास कार्यों में अधिकारी रूचि नहीं ले रहे हैं। बताया कि करीब एक वर्ष पहले यहां कुछ अधिकारी आये थे, जिसके बाद से कोई अधिकारी इस ओर नहीं आया।

## एड. अजीज कुरैशी की स्मृति में हुआ फल एवं मिष्ठान वितरण

**ललितपुर।** शहर की आवाज कहे जाने वाले महान समाजसेवी मरहूम अजीज कुरैशी की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एड.अरमान कुरैशी के द्वारा जिला महिला अस्पताल में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर अरमान कुरैशी ने कहा कि मेरे पिता आज भी हम सभी के दिलों में जीवित हैं। वे एक श्रेष्ठ संचालक थे जिनकी आवाज का कोई सानी नहीं था और उतने ही महान मानवता के दूत थे वे हमेशा हर जरूरत मंद की मदद किया करते थे। जात पात से दूर इंसानियत की मिशाल थे, अरमान ने कहा कि मै पूरी कोशिश करूंगा कि उनके बताएं मार्ग का पूरी लगन से अनुसरण करूं। पत्रकार राजीव शुक्ला ने कहा कि अजीज कुरैशी जिले की अमूल्य निधि थे। वरिष्ठ पत्रकार पूर्व महामंत्री प्रेस क्लब अजय बरया ने कहा कि मरहूम अजीज कुरैशी जो कि नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भी रहे हैं और साथ ही जनपद के कुशल संचालक भी रहे हैं।

# स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूक किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में पोषण- पखवाड़े अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ एवं पोषण के मध्य संबंध से अवगत कराया। उपस्थित स्वयंसेवकों ने माता और शिशु के पोषण को सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर राजेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अवगत करवाया कि पोषण पखवाड़े में जन जागरूकता का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि गर्भावस्था से 1000 दिन अथवा लगभग प्रसव उपरांत 2 साल तक माता और शिशु का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। इसके लिए स्वयंसेवकों को स्वयं इस दिशा में कार्य करना चाहिए और समाज के अन्य सदस्यों को भी जागरूक करना चाहिए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक ने छात्र -छात्राओं से कहा कि जब हम संतुलित आहार लेंगे तभी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बरकरार रहेगी और इसके लिए हम सभी को मौसमी फल, हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज एवं मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवकों को कुपोषण के खिलाफ जन जागृति करने का संकल्प दिलवाया जिससे देश से कुपोषण को समाप्त किया जाए। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने सभी छात्र- छात्राओं को अपने जीवन में योग को भी शामिल करने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस में 240 घंटे एवं 2 वर्ष पूर्ण कर चुके स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**मथुरा।** विश्व सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभान शर्मा ने वक्फ कानून को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाने और उनकी हत्या करने पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने और वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभान शर्मा ने हिंदुओं की हत्याओं पर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हिन्दू तनिक भी सुरक्षित नहीं हैं। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती का निर्देश एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती स्थाई समाधान नहीं हो सकता। राज्य की ममता बनर्जी सरकार का जेहादियों और हत्यारों को संरक्षण प्रदान है। हिन्दू विरोधी सरकार की बर्खास्तगी और राष्ट्रपति शासन ही स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद हिंदुओं की लाशों से पाटा जा रहा है।

# गरीब की जमीन पर न होने पाए अवैध कब्जा

- त्वरित कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाएं : डीएम
- लोगों को भयमुक्त वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी
- अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश
- शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने अपने कार्यालयों में जनसुनवाई करेंगे समस्त

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सभी को उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाए जाने के लिए शासन के निर्देशानुसार आज माह के तृतीय शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मौजूद रहकर फरियादियों को सुना और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया। इसी क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जनपद की दूरस्थ तहसील मड़ावरा पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने बारी बारी शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित अधिकारियों से कई मामलों में तत्काल समाधान कराया और शेष शिकायती पत्रों पर स्वयं स्थलीय स्तर पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को गुड गवर्नेंस मुहैया कराना हमारी जिम्मेदारी है, सभी को भयमुक्त वातावरण में रहकर सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकारी है, पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी व्यक्ति को कोई दबंग व्यक्ति परेशान न कर पाए, अवैध कब्जों के मामलों में तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाए। अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं। इसके साथ ही प्रशासनिक




अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने अपने कार्यालय में जनसुनवाई करेंगे और शिकायतों का शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारित सुनिश्चित कराएंगे। उक्त निर्देशों का पालन न होने पर संबंधित अधिकारी उचित कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मड़ावरा में कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 21, विकास के 06, पुलिस के 11, पूर्ति के 11, जल निगम के 05, विद्युत के 02, सिंचाई के 03, समाज कल्याण के 03 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 08 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 19, विकास के 06, पुलिस के 16, पूर्ति के 25, विद्युत के 03, नगर पंचायत के 02, तथा अन्य विभागों के 14 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05 तथा विकास विभाग के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस के 05, चकबंदी का 01, विद्युत का 01 तथा नगर पंचायत का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान सीडीओ के.के. पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम मड़ावरा रोशनी यादव सहित अन्य जनपदस्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुसकर दलित मां बेटे एवं पुत्री को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 14 मार्च की शाम 07 बजे वह अपने घर में थी। तभी मोहल्ले के ही अमर सिंह काछी, आकाश, विकास व राजू आए और रंजिश के चलते जाति सूचक गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसकी पुत्री का बुरी नीयत से कुर्ता फाड़ कर जमीन पर पटक दिया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### मायके से लापता हुई विवाहिता पति ने दी तहरीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोस के जनपद हरदोई के थाना अरवल के ग्राम बेहटा निवासी मनोज कुमार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत होली को क्षेत्र के ग्राम जसोदा मायके गई उसकी पत्नी निधि विगत 13 अप्रैल को अपने मायके से अपने परिजनों की जानकारी में किसी के साथ कहीं चली गई है। ससुराली जनों से जानकारी करने पर अभद्रता व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जॉच शुरू कर दी गई है।

### किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित मां द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 15 अप्रैल को 05 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा निवासी शिशु पुत्र धनपाल कश्यप कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसकी पुत्री को भगवाने में गांव की ही ममता, चांदनी ने सहयोग किया है। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारापीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मिरगावां निवासी फरहीन फातमा पुत्री मुनव्वर हसन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 18 अप्रैल को 02 बजे वह अपने मायके में थी। तभी उसका पति नौशाद, ससुर नजमुद्दीन, देवरों इरशाद एवं शमशाद एजाद ननंद नूरी निवासीगण ग्राम गजना थाना अरोल जिला कानपुर नगर व मोमीन निवासी मोहल्ला बीवी चिमनी थाना व जिला कन्नौज आए और अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर गाली गलौज करते हुए लातघसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### स्वामी परमानंद प्राकृतिक चिकित्सालय लोगों के लिए हो रहा वरदान साबित

**मथुरा।** वृंदावन वात्सल्य ग्राम में स्थित साध्वी ऋतंभरा जी दीदी मां के सानिध्य एवं स्वामी सत्यशील जी के नेतृत्व में स्वामी परमानंद प्राकृतिक चिकित्सालय एसपीपीसी पतंजलि वैलनेस सेंटर चल रहा है एवं लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है स्वामी सत्यशील जी ने बताया आजकल की भाग दौड़ भरी जिंदगी में डायबिटीज बीपी जोड़ों का दर्द मोटापा और मानसिक तनाव जैसी बीमारियां बहुत आम हो गई हैं लोग दवाइयां पर निर्भर हो जाते हैं लेकिन उनकी समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं होती ऐसे में एसपीपीसी पतंजलि वैलनेस सेंटर वात्सल्य ग्राम एक बेहतरीन विकल्प है जहां आयुर्वेदिक ,योग ,पंचकर्म और प्राकृतिक चिकित्सा के जरिए पुरानी बीमारियों का इलाज किया जाता है। यहां बिना किसी साइड इफेक्ट के इलाज की सुविधा मिलती है जिससे लोग दवाइयां पर निर्भर रहने के बजाय प्राकृतिक तरीकों से स्वास्थ्य सुधार सकते हैं मिट्टी स्नान ,जल चिकित्सा अरोमा थेरेपी, सूर्य चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा ,आयुर्वेद चिकित्सा ,श्रृंग चिकित्सा, योग क्लास , पंचक्रम एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर ,फिजियोथैरेपी पंचकर्म थेरेपी, आयुर्वेदिक उपचा, पंचकर्म थेरेपी,नेचुरोपैथी, सही खान पान से अपनी बीमारियों का इलाज करवा सकते है।अगर आप भी बिना दबा के प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आप वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में एसपीपीसी पतंजलि वैलनेस सेंटर में संपर्क कर सकते हैं यहां पहले आपके स्वास्थ्य स्थिति की जांच की जाती है और फिर उसी के अनुसार इलाज दिया जाता है।

# धर्मपरिवर्तन के मामले में आया नया मोड़

- दूसरे पक्ष ने लगाया पुराने मामले को लेकर झूठी शिकायत करने का आरोप
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर उठायी निष्पक्ष जांच की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** विगत दिनों सुरईघाट कालोनी में रहने वाली महिला ने पड़ौस में रहने वाले कुछ लोगों पर प्रताड़ित करते हुये धर्मपरिवर्तन कराने जैसे गंभीर आरोप लगाये थे। इस मामले में दो दिन बाद अब दूसरा पक्ष सामने आया है। दूसरे पक्ष ने धर्मपरिवर्तन का आरोप लगाने वाली महिला पर पूर्व में हुये विवाद में दर्ज कराये गये मामले का बदला लेने के लिए झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष की ओर से सुरईघाट कालोनी निवासी सानू पत्नी हेरिसन डेविड ने शनिवार को सदर तहसील पहुंच कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र देकर बताया कि विगत दिनों पड़ौस में रहने वाली सुमन नासम की महिला ने अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंच कर उस पर उसके परिजनों पर पुराने विवाद का बदला लेने की नीयत से धर्मपरिवर्तन कराने जैसा गंभीर आरोप लगाया है। सानू डेविड का कहना है कि 25 जनवरी 2025 को भी उक्त लोगों से उसका विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने सुमन व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसका बदला लेने के उद्देश्य से सुमन ने कुछ लोगों के कहने पर उसके व उसके परिजनों के खिलाफ विगत दिनों धर्मपरिवर्तन का झूठा आरोप लगाया है। पीड़िता ने यह भी बताया कि सुमन और उसका परिवार अब फिर से उसे आये दिन गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दे रही है और कालोनी खाली करके भाग जाने की धमकी देती है। सानू डेविड ने पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## अवैध कब्जे हटाने के लिए चिह्नित की गई भूमि

**उन्नाव।** सदर तहसील के मरौंदा मझवारा ग्राम समाज की भूमि पर कई लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। इन कब्जों को ग्राम पंचायत मरौंदा की ओर से राजस्व विभाग की टीम से चिह्नित कराया गया है। साथ ही राजस्व टीम मौके पर पहुंच कर भूमि की कब्जाधारकों को नोटिस जारी किया गया हैं। नोटिस की अवधि में कब्जा नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को ग्राम पंचायत मरौंदा के ग्राम वासियों के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने परियर -मरौंदा मार्ग पर स्थित अवैध कब्जा की गई ग्राम समाज की भूमि को चिह्नित कराया।इस भूमि पर हरी पुत्र झब्बू उदन पुत्र हरी नरेश पुत्र हरी ने झोपड़ी डालकर अवैध कब्जा किया हुआ है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को ग्राम वासियों ने लिखित में प्रार्थना पत्र दिया था। तो उन्होंने संज्ञान लेते हुए पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में भूमि की पैमाईश करा चिह्नित कराने का काम किया है। जितनी भूमि चिह्नित की गई है उस पर ग्राम समाज की भूमि होने का दावा लेखपाल ने किया है। हल्का लेखपाल अर्चना सिंह ने बताया कि 16बिसुआ जमीन ग्राम समाज में दर्ज है। जिसका भूमि नंबर 1990 है। इस दौरान अर्चना सिंह लेखपाल और प्रदीप लेखपाल ने मौके पर जाकर नोटिस दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के तहसील समाधान दिवस पर उमड़ा फरियादियों का सैलाब

- आयीं ढाई सैकड़ा से अधिक शिकायतो में 15 का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील हसनगंज में आयोजित जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुसिल अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील हसनगंज में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 121, पुलिस विभाग की 27, विकास विभाग की 31, पूर्ति विभाग की 23 सहित अन्य विभागों की 58 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 252 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, उन्हें प्रत्येक बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले जनसवाद दिवस के दौरान शिकायतकर्ता को बुलाकर उसकी शिकायत का निस्तारण कराते हुए उचित फीडबैक अपलोड कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहर विभाग द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 के अंतर्गत आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री/किसान कार्ड एवं स्वास्थ्य के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा जरूरतमन्दों को आवश्यक दवाओं का वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत मृतक परिवारों के चार लाभार्थियों को 5-5 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र एवं पांच मत्स्य पालकों को पट्टा आवंटन के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

## बाइक की टक्कर से किसान दम्पति सहित चार घायल

**उन्नाव।** खेत काटकर घर जा रहे दम्पत्ति को पीछे से आ रही अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे किसान दम्पत्ति सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लवानी के मजरा पापरि निवासी बुद्धालाल उर्फ चौधरी पुत्र डगरू अपनी पत्नी सुनीता के साथ शुक्रवार को ग्राम दुगंवा के पास गेहूं काटने गए थे। जहां से देरशाम लगभग आठ बजे वापस घर जा रहे थे अभी वह काली मिट्टी दबौली मार्ग पर ग्राम दुगावा तथा लवानी के बीच ही पहुंचे थे। तभी फतेहपुर चौरासी की ओर से बाइक से आ रहे ग्राम पंचायत खैरी गुरदासपुर के मजरा श्याम पुरवा निवासी सूरज पुत्र मोहन लाल व पुतान पुत्र शिवराज ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसने चारो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नवागंतुक डीएम से किसान नेताओं ने की शिष्टाचार मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिले में हाल ही में शासन के निर्देश पर नियुक्त हुए नवागंतुक जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष सोनू ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होनें जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।

शनिवार को नगर के जीटीरोड स्थित पतिष्ठान कार्यालय जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष सोनू ठाकुर ने जानकारी देतेहुये बताया कि डीएम से मुलाकात के दौरान जिले में फसलों की खरीद में आ रही समस्याएं। समय पर मुआवजा न मिलना। सिंचाई की व्यवस्था, बिजली की अनियमित आपूर्ति और ग्रामीण सड़कों की खराब स्थिति जैसी प्रमुख मुद्दों को उठाया। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रशासन किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करे। जिसपर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने किसान नेताओं को आश्वस्त किया कि जिले में कृषि से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी और पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## भाजयुमो ने प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूकने का किया प्रयास

**उन्नाव।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम सामने आने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर में विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन करने की कोशिश की। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व पर भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और पुतला लेकर नगर क्षेत्र में मार्च किया। जैसे ही पुतला दहन की सूचना पुलिस को मिली, सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और शांति बनाए रखने की अपील की।

# बी.एस.ए. में नये कानूनों पर आधारित मूट कोर्ट का आयोजन

- पूर्व जिला न्यायाधीश और बाल अधिकार आयोग के अध्यक्ष रहे मुख्य आकर्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के विधि विभाग में नये आपराधिक कानूनों के तहत एक प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक मूट कोर्ट का आयोजन किया गया, जिसने छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की बारीकियों से रूबरू कराया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम सहगामी क्रिया के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे माननीय पूर्व जिला न्यायाधीश (एच.जे.एस.) श्री उमाशंकर शर्मा जी , जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा रहे, जिनका प्रेरक मार्गदर्शन छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो. डॉ ललित मोहन शर्मा व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ एस.के. राय ने दुपट्टा पहना कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक डॉ. वेद प्रकाश राय, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. जे.के. सिंह , डॉ. रेखा राय और मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों , प्राचार्य व महाविद्यालय के प्रोफेसरगण ने मां सरस्वती जी के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मूट कोर्ट का आयोजन किया गया।मूट कोर्ट में छात्रों ने अद्वितीय ऊर्जा और गंभीरता के साथ न्यायिक भूमिकाएँ निभाई। मोहिनी सारस्वत ने न्यायाधीश की भूमिका को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जबकि रितु शर्मा, कौशल दिवाकर, टयून्द्र सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने अधिवक्ता की भूमिका निभाकर अपने तार्किक कौशल का परिचय दिया। मुख्य अतिथि माननीय पूर्व न्यायाधीश (एच.जे.एस.) श्री उमाशंकर शर्मा जी ने कहा कि मैं बी.एस.ए. कॉलेज के विधि विभाग को इस सार्थक पहल के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। नई शिक्षा नीति में न्यायिक शिक्षा को व्यावहारिक बनाना आवश्यक है और मूट कोर्ट का यह आयोजन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे छात्रों में न्याय व्यवस्था की गहरी समझ विकसित होती है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगी।मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब हमारे भावी अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी बाल न्याय प्रणाली को गहराई से समझें। इस तरह के आयोजन छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान से व्यावहारिक जगत की ओर ले जाते हैं। मैं कॉलेज प्रशासन और विधि विभाग को इसके लिए धन्यवाद देता हूँ। प्राचार्य ने अपने भाषण में कहा कि बी.एस.ए. कॉलेज सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। मूट कोर्ट जैसे आयोजन हमारे छात्रों को आत्मविश्वासी और व्यावहारिक बनाते हैं। मुझे गर्व है कि हमारे विधि विभाग ने यह सराहनीय आयोजन किया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों में आत्मविश्वास का संचार किया, बल्कि उन्हें न्यायिक प्रणाली की जमीनी समझ भी प्रदान की। बी.एस.ए. कॉलेज का यह प्रयास विधि शिक्षा में नवाचार और व्यावहारिकता का सशक्त उदाहरण बन गया है।

## पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग को नहीं करना चाहिए नजरअंदाज



आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। पीरियड्स की वजह से कई महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि पीरियड्स अपनी आप में कोई समस्या नहीं होते हैं। लेकिन इस दौरान हैवी ब्लीडिंग की समस्या होती है। आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेनोरेजिया क्या है और इसके क्या लक्षण होते हैं।

**क्या है मेनोरेजिया**

यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिलाओं को पीरियड्स के दौरान अधिक ब्लीडिंग होती है। आइए मेनोरेजिया के कारणों के बारे में जानते हैं।

महिलाओं को मेनोरेजिया की समस्या हार्मोनल असंतुलन की वजह से हो सकती है।

गर्भाशय से जुड़ी समस्याएं जैसे पॉलीप्स या फाइब्रॉएड आदि मेनोरेजिया का कारण बन सकती हैं।

थायराइड जैसे हाइपोथायरायडिज्म भी मेनोरेजिया के पीछे की वजह बन सकती है।

हीमोफीलिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर भी इस स्थिति का कारण बन सकते हैं।

**मेनोरेजिया के लक्षण**

लंबे समय तक ब्लीडिंग

थकान और कमजोरी

हैवी ब्लीडिंग

पेट में दर्द

एनीमिया

**कब खराब हो सकती है मेनोरेजिया की स्थिति**

मेनोरेजिया या पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग की समस्या तब परेशानी का सबब बन सकती है, जब यह सात दिनों से ज्यादा रहती है। आमतौर पर मासिक धर्म चक्र 4-5 दिनों तक चलता है। इस दौरान 30-40 मिलीलीटर ब्लड की हानि होती है। लेकिन मेनोरेजिया की स्थिति में ब्लीडिंग एक सप्ताह से ज्यादा समय तक रह सकती है। इस स्थिति में प्रति साइकिल 80 मिली से ज्यादा खून की हानि हो सकती है। ऐसे में यदि आपके पीरियड्स 7 दिनों से ज्यादा रहते हैं और डेली एक्टिविटी में परेशानी होती है, तो यह किसी अंदरूनी समस्या का संकेत हो सकता है।

**क्यों जरूरी है ट्रीटमेंट**

हालांकि कुछ मामलों में लंबे समय तक ब्लीडिंग कैंसर या एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया जैसी गंभीर स्थितियों का संकेत हो सकती हैं। एनीमिया की वजह से थकान, बड़े रक्त के थक्के, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ हो सकती हैं। अगर अधिक दर्द के साथ ब्लीडिंग की समस्या 10 दिनों से ज्यादा रहती है, तो इस दौरान हर घंटे पैड या टैम्पोन बदलने की जरूरत होती है। अगर आप समय पर मेनोरेजिया का ट्रीटमेंट नहीं कराते हैं, तो एनीमिया और ज्यादा थकान होने जैसी समस्या बनी रह सकती है। इससे आपकी पूरी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

**आसपास**

> बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

**सीधी लाइट न डालें**

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या



फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्रा में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

**नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं**

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असुविधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं आप अगर म्यूजिक बजाना चाहते हैं, तो कम या हल्की आवाज पर बजाएं।

**एसी या पंखे की सीधी हवा**

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए कमरे का टेंपरेचर हमेशा नॉर्मल रखने का प्रयास करें।

**चेहरे पर किस करने से बचें**

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं। इसलिए नवजात बच्चे को किस करने से रोकना चाहिए।

**छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें**

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं। छोटे बच्चों का स्वभाव नटखट और जिज्ञासु होता है, जो नवजात के लिए खतरनाक हो सकता है।

# बढ़ती उम्र में भी रहना चाहते हैं स्वस्थ तो पुरुषों को डाइट में शामिल करना चाहिए माइक्रोन्यूट्रिएंट्स

30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

उम्र बढ़ने के साथ ही हमारे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। खासकर 30 साल की उम्र के बाद पुरुष के शरीर में कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव आते हैं। इसलिए पुरुषों को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

बता दें कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपने खानपान में कुछ ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हों। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 30 साल की उम्र के बाद डाइट में कौन से माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए।

**पुरुष डाइट में शामिल करें माइक्रोन्यूट्रिएंट्स**

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, शरीर में पोषण संबंधी जरूरतें बदलती रहती हैं। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को कुछ अहम सूक्ष्म पोषक तत्वों को जरूरत अधिक होती है। जो उनको युवा और हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। इसलिए 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपनी डाइट में इन माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

**विटामिन D**

हमारे शरीर के लिए विटामिन डी एक अहम पोषक तत्व माना जाता है। यह आपकी हड्डियों को स्वस्थ रखने और इम्यून सिस्टम को बेहतर रखना जरूरी है। 30 साल की उम्र के बाद शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है। ऐसे में स्वस्थ



रहने के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। क्योंकि यह कैल्शियम के अवशोषण में सहायक होती है। जिससे आपकी हड्डियां मजबूत होती हैं।

**विटामिन K2**

शरीर में कैल्शियम का संतुलन बनाए रखने में विटामिन K2 सहायक होता है। पुरुषों के लिए यह एक अहम माइक्रोन्यूट्रीएंट है। जो हड्डियों को मजबूत रखने के साथ ही दिल के सेहत को बेहतर बनाता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में जब कैल्शियम सही जगहों पर एकत्र नहीं हो पाता है, तो इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में विटामिन K2 शरीर में कैल्शियम को सभी जगह इकट्ठा करने में सहायता करता है। जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।

**जिंक**

बता दें कि जिंक एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के मांसपेशियों को रिपेयर करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों में जिंक की कमी होने लगती है। जिसकी वजह से शरीर में टेस्टोस्टेरोन का लेवल कम होने लगता है। यह पुरुषों के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है।

**मैग्नीशियम**

मैग्नीशियम एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही यह पुरुषों के लिए भी लाभकारी होता है। यह पुरुषों के दिल के स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और नर्व सिस्टम के बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी होता है। 30 साल की उम्र के बाद अधिकतर पुरुषों में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है। इस मिनरल की कमी से नींद न आना, मानसिक तनाव और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए आपको मैग्नीशियम से भरपूर डाइट लेना चाहिए।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड**

पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए ओमेगा 3 फैटी एसिड्स खासकर DHA और EPA फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ आपके दिल और दिमाग के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। वहीं 30 के बाद पुरुषों में दिल संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, ओमेगा 3 फैटी एसिड्स इन खतरों को कम करने में सहायक होता है।

**B-कॉम्प्लेक्स विटामिन**

विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे B1, B2, B6, और B12 बॉडी में एनर्जी को बनाने के साथ दिमाग के सही तरीके से काम करने के लिए जरुरी होता है। उम्र बढ़ने के साथ ही विटामिन्स की कमी होने पर शरीर को थकान, मानसिक स्थिति में बदलाव और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप नियमित रूप से विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स का सेवन करते हैं, तो शरीर में एनर्जी का लेवल बना रह सकता है।

## कोविड के दौरान भारतीयों के बीच लोकप्रिय हुई डोलो-650 के इस्तेमाल पर विदेशी डॉक्टर ने जताई चिंता, लोगों में शुरू हुई बहस



अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। बुखार और दर्द के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाई डोलो-650 कोविड-19 महामारी के दौरान लोकप्रिय हुई थी। महामारी के दौरान भारतीयों ने इसका खूब सेवन किया और अब भी कर रहे हैं। महामारी के बाद, यह ब्रांड विवादों में आया और अब एक विदेशी डॉक्टर के ट्वीट ने इसे फिर से चर्चा में ला दिया है।

**विदेशी डॉक्टर का ट्वीट**

अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है।

**डोलो-650 के बारे में**

डोलो-650 एक पैरासिटामोल ब्रांड है जिसका उपयोग बुखार और दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। इस दवा को पैरासिटामोल के नाम से जाना जाता है, जो एक आम दर्द निवारक और बुखार कम करने वाली दवा है। इसका उपयोग बुखार, सिरदर्द, दांत दर्द, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों के दर्द में किया जाता है। डोलो-650 के कुछ संभावित दुष्प्रभाव भी हैं, जैसे पेट दर्द, उल्टी, दस्त और एलर्जी।

**कोविड के दौरान डोलो की प्रसिद्धि में वृद्धि**

कोविड-19 महामारी के दौरान, डोलो-650 भारत में एक आम नाम बन गया। लोगों ने बुखार के मामूली लक्षणों पर भी इस दवा का सेवन किया, और मीम्स ने इसकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया। माइक्रो लैब्स, डोलो-650 के निर्माता, ने 2020 से 350 करोड़ से अधिक गोलियां बेचीं, जिससे एक साल में 400 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। डोलो-650 की बिक्री में वृद्धि उल्लेखनीय थी। महामारी से पहले यह 7.5 करोड़ स्ट्रिप्स प्रति वर्ष थी, जो एक साल बाद 9.4 करोड़ स्ट्रिप्स हो गई और 2021 के अंत तक 14.5 करोड़ स्ट्रिप्स तक पहुंच गई, जो 2019 की तुलना में लगभग दोगुना है।

# प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना मां और बच्चे दोनों को पहुंचा सकता है नुकसान, जानिए कैसे करें बचाव

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है।

प्रेग्नेंसी में महिलाओं को एनीमिया का खतरा रहता है। एनीमिया होने पर ऊतकों और भ्रूण तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए खून पर्याप्त मात्रा में हेल्दी लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बना पाता है। बता दें कि प्रेग्नेंसी में गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास के लिए शरीर अधिक मात्रा में खून बनाता है। वहीं अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको

**आसपास**

> गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है।

बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है और इसके बचाव के तरीकों के बारे में भी जानेंगे।

**प्रेग्नेंसी में एनीमिया के कारण**

वैसे तो एनीमिया के करीब 400 प्रकार हैं। लेकिन आज हम आपको यहां पर एनीमिया के सबसे आम प्रकारों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया**

बता दें कि 15 से 25 साल की



प्रेग्नेंट महिलाओं में आयरन डेफिशियंसी एनीमिया आम बात होती है। इसमें आयरन का लेवल कम होने पर खून में हीमोग्लोबिन कम बनने लगता है।

**फोलेट डेफिशिएंसी एनीमिया**

गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है। वहीं फोलेट की कमी होने पर एनीमिया होता है।

**विटामिन बी12 डेफिशिएंसी**

लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में बॉडी विटामिन बी12 का भी उपयोग करता है। कुछ महिलाओं को विटामिन बी12 बनाने में समस्या आती है। जिसकी वजह से इस तरह का एनीमिया हो सकता है।

**एनीमिया के लक्षण**

थकान और कमजोरी लगना

सांस लेने में दिक्कत महसूस होना

होंठों, स्किन और नाखूनों का पीला पड़ना

ध्यान लगाने में दिक्कत आना

दिल की धड़क तेज होना

प्रेग्नेंसी में एनीमिया का इलाज

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान एनीमिया हो गया है, तो आपको आयरन/फोलिक एसिड के सप्लीमेंट लेना चाहिए। वहीं डॉक्टर से संपर्क करें वह आपको बताएंगे कि फोलिक एसिड और आयरन की पूर्ति के लिए आपको अपनी डाइट में किन फूड्स को शामिल करना चाहिए।

वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने पर डॉक्टर आपको विटामिन बी12 के सप्लीमेंट लेने के लिए कह सकते हैं। अपनी डाइट में विटामिन बी12 युक्त चीजों को शामिल कर आप एनीमिया से छुटकारा पा सकती हैं।

# सर्दी-खांसी के साथ दिखें ये लक्षण तो शिशु को हो सकता है निमोनिया

छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

बच्चों के लिए सर्दी और खांसी की समस्या सामान्य समस्या होती है। हालांकि आमतौर पर कुछ ही दिनों में यह समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार कमजोर इम्यूनिटी की वजह से छोटे बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। क्योंकि छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

हालांकि यह समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है या इसके साथ अन्य कई गंभीर लक्षण दिखाई

**प्रभावित**

> हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं।

देते हैं। तो पेरेंट्स के मन में चिंता होना स्वाभाविक है कि कहीं बच्चे को निमोनिया तो नहीं हो गया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं।

**सर्दी-खांसी की वजह से बच्चे का निमोनिया**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक



निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं। साथ ही इससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

यदि इन लक्षणों का सही समय पर इलाज नहीं किया जाता है, तो इससे बच्चे को निमोनिया हो सकता है। बच्चे में निमोनिया के लक्षण जल्द और गंभीर रूप से दिख सकते हैं। इसलिए पेरेंट्स को सतर्क रहने की जरूरत है। सर्दी-खांसी का समय पर इलाज न किया जाए, तो यह संक्रमण बढ़ सकता है और फेफड़ों में सूजन और जलन पैदा कर सकता है। यह निमोनिया की स्थिति में बदल सकता है।

यह संक्रमण श्वसन नलिका से होते हुए फेफड़ों तक पहुंच सकता है।

**बच्चे में निमोनिया के लक्षण**

बच्चे को अचानक से तेज बुखार हो सकता है, जो सामान्य सर्दी और खांसी को बढ़ा सकता है।

अगर बच्चे की सांसें तेज हो सकती हैं या वह सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाते। अगर बच्चे की छाती में धड़कन या फिर सांस लेने में उभार दिखाई दे तो यह निमोनिया का लक्षण हो सकता है।

बच्चे के शरीर में घबराहट हो सकती है, जिसकी वजह से वह सामान्य रूप से सांस लेने में असमर्थ हो सकते हैं।

शिशु को खांसी के साथ बलगम आ सकता है, जो उनके श्वसन तंत्र के संक्रमण का संकेत हो सकता है।

बच्चे के मुंह, नाक या फिर पैरों का रंग नीला पड़ना भी इस बात को दर्शाता है कि शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है।

# थायराइड फिजिकल ही नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ पर डाल सकता है बुरा असर

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में हार्मोन्स इंबैलेंस होने लगता है। जिसकी वजह से लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्याएं जैसे- डायबिटीज, पीसीओडी और पीसीओएस आदि बढ़ने लगता है। इन्हीं में से एक थायराइड की समस्या है। थायराइड शरीर में थाइरॉक्सिन हार्मोन इंबैलेंस होने की वजह से होती है। इसकी वजह से शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं।

बता दें कि यह वजन में बदलाव होने, थकावट, सुस्ती और डाइजेशन




खराब होने जैसी समस्याओं की वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों का मानना होता है कि थायराइड की वजह से हार्मोन हेल्थ पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थायराइड के कारण हार्मोन हेल्थ पर कैसा असर पड़ सकता है।

**मेंटल हेल्थ पर असर**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। इसकी वजह से मरीज को नर्वसनेस, इर्रिटेशन, एंग्जायटी और स्ट्रेस आदि हो सकता है। वहीं थायराइड प्रोडक्शन की कम होने की वजह से हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है। ऐसे में थकावट और डिप्रेशन जैसी समस्या हो सकती हैं।

बता दें कि थायराइड का मेंटल हेल्थ से सीधा कनेक्शन होता है। ऐसे में थायराइड से जुड़ी समस्याएं जितना ज्यादा होंगी, मूड स्विंग्स भी उतने ज्यादा हो सकते हैं।

# भाजपा के लोग झूठ बोलकर जनता को कर रहें गुमराह : मल्लिकार्जुन खरगे

- सोनिया-राहुल पर चार्जशीट और नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना बदले की भावना की कार्रवाई



**नई दिल्ली (यूएनआई)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की बैठक में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि- ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी का नाम और नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां जब्त करना- यह सब बदले की भावना से किया गया है।

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजधानी दिल्ली के इंदिरा भवन में सभी महासचिवों, प्रभारियों और सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता अजय माकन भी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि- सभी ने देखा कैसे बड़े षड्यंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले में सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया गया है। ये लोग किसी का भी नाम डाल दें, हम डरनेवाले नहीं हैं। इसके दो दिन पहले ही नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। यंग इंडियन, लाभ के लिए नहीं' कंपनी है। इसका मतलब यह है कि एजेएल के शेयर और संपत्ति या लाभ को ना तो कोई ले सकता है और ना ही ट्रांसफर कर सकता है। भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा। यह महज संयोग नहीं हो सकता कि एक तरफ हमारा एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो। मैं यहां आपको याद दिला दूं कि मेरे नेतृत्व में जब रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो पीएम मोदी ने वहां भी उसे फेल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी, सीबीआई को लगा कर रेड कराई। उनकी मंशा थी कि सेशन न होने पाए। फिर भी ये हुआ। लोक सभा चुनाव के पहले हमारे खाते बंद किए गए, फिर भी हमारा संख्या बल जनता ने लोक सभा में दो गुना कर दिया। हमारी लड़ाई कमजोर नहीं पड़ी। सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरे विपक्ष को एकत्र किया और बिल का विरोध किया। सभी इंडिया दल के लोगों ने साथ दिया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रही है। मुझे खुशी है कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दलों ने जिन बिंदुओं को रखा था, सुप्रीम कोर्ट ने उनको महत्व दिया है। खास तौर पर सरकार द्वारा वक्फ बाय यूजर का मुद्दा, जानबूझ कर वक्फ की संपत्तियों को विवाद में डालने के लिए ही लाया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई अभी कर रही है, हमें पूरा भरोसा है कि हम इस लड़ाई को भी जीतेंगे। इस मामले में सरकार और भाजपा के नेताओं ने अफवाह को फैलाने और लोगों को भ्रमित करने में कोई कमी नही छोड़ी थी। हमें लोगों के बीच जाकर उनको अपने पक्ष से अवगत कराना होगा और भाजपा के षडयंत्र को बेनकाब करना होगा।

# मुर्शिदाबाद के धुलियान पहुंचीं महिला आयोग की अध्यक्ष, हिंसा पीड़ितों से की मुलाकात



**कोलकाता।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित लोगों से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र हर आवश्यक कदम उठाएगा। दंगा प्रभावित महिलाओं ने अपनी व्यथा बताई और मांग की कि जिले के चुनिंदा इलाकों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्थायी शिविर स्थापित किए जाएं और सांप्रदायिक झड़पों की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराई जाए। इन झड़पों में तीन लोगों की जान चली गई थी। एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर ने पीड़ितों से कहा, ''उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है'' क्योंकि केंद्र उनके साथ है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के बेतबोना कस्बे में पीड़ितों से कहा, ''हम आपकी दुर्दशा का पता लगाने आए हैं। कृपया चिंता न करें। देश और आयोग आपके साथ है। ऐसा न सोचें कि आप अकेले हैं।'' उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगा। एनसीडब्ल्यू टीम ने शुक्रवार को मालदा जिले में एक राहत शिविर का भी दौरा किया और मुर्शिदाबाद दंगों के कारण विस्थापित लोगों से मुलाकात की। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर सहित अन्य इलाकों में हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। आयोग ने इस हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि किसी महिला ने अपने पति को खो दिया, किसी ने अपने बेटे को। लोगों को उनके घरों से घसीट कर निकाला गया और उनकी हत्या कर दी गई। यह भयानक है।

# सागर में शादी से पहले प्रेमी के साथ भाग गई लड़की, दो पक्षों के बीच बवाल

- दुकान को किया आग के हवाले
- गांव में भारी पुलिस बल को तैनात किया गया



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। सागर जिले के सानोधा इलाके में दो समूहों के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क उठी। इस दौरान दुकानों और घरों में आग लगा दी गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा।

घटना के बाद सागर जिले के डीएम संदीप जीआर ने कहा कि हमें सानोधा गांव में कुछ घटनाओं की सूचना मिली। प्रशासन और पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रण में लिया। कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और स्थिति शांतिपूर्ण है। पुलिस बल तैनात है, जांच चल रही है, कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। सागर शहर से लगे सनौधा गांव में एक लड़की की शादी होने वाली थी। आरोप है कि शादी से पहले लड़की को एक लड़का भगा ले गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद वहां तनाव की स्थिति बन गई है। शनिवार सुबह से ही लड़की के स्वजन और समाज के लोग गांव में इकट्ठा हो गए और इसका विरोध करने लगे। मामला बिगड़ता देख मौके पर थाने से एक सहायक उप निरीक्षक और प्रधान आरक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाइश दी। हालांकि, आक्रोशित लोग लड़की को खोज निकालने और आरोपित और उसके स्वजन पर सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। इस बीच लड़की को भगा ले जाने वाले लड़के के गांव में स्थित दुकान को कुछ लोगों ने आग के हवाले कर दिया। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। सूचना के बाद मौके पर सागर पुलिस अधीक्षक सहित आस-पास के थाना बल को बुलाया गया है। आग लगने की जानकारी होने के साथ मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और जल रही दुकान को बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। पूरे गांव में तनाव की स्थिति है। वर्तमान में गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। आक्रोशित लोगों हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बल का भी प्रयोग किया।




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 19 अप्रैल, 2025 को विश्व यकृत दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बीजेपी कार्यकर्ता की कार से कुचलकर कांग्रेस नेता की मौत

**कोंडागांव।** शादी का सामान खरीदने जा रहे दंपती को शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने ग्राम डोगरीगुड़ा के पास पीछे से जोरदार टक्कर मारा। हादसे में पति की मौके पर मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक हेमंत भोयर निवासी मुलमुला की दुर्घटना में मौत हुई है।

महिला चंपी भोयर घायल है, जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा युवक वर्तमान में मुलमुला पंचायत में वार्ड पंच और जिला युवा कांग्रेस में विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर था। हादसे के बाद स्वजनों ने कार ड्राइवर पुरेंद्र कौशिक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा का नेता है। उसने चुनावी रंजिश के चलते हत्या की है।

हादसे के बाद शुक्रवार को पूर्व मंत्री मोहन मरकाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के लोग अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित कर दिया। माहौल तनावपूर्ण होते देख पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में लिया और जांच जारी रखने की बात कही। शनिवार सुबह मृतक के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी पुलिस थाना पहुंचे और वाहन ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

कोंडागांव पुलिस ने घटना के बाद कार ड्राइवर पुरेंद्र कौशिक को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक मौत के बाद परिजनों ने कार ड्राइवर पुरेंद्र कौशिक पर कार से दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज होगा। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि पुलिस प्रशासन भाजपा नेताओं के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी शव को ले जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे शव को कंधे पर लेकर पैदल ही गांव के लिए निकलेंगे। इसके बाद वे पैदल ही शव को लेकर गांव के लिए निकले।

# बिहार में वित्तीय अराजकता के लिए जिम्मेदार है एनडीए सरकार

## राजद का आरोप, मुख्यमंत्री सरकारी धन से कर रहें अपनी पार्टी का प्रचार



**पटना।** बिहार में विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना देने और साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव प्रचार अभियान के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजद ने यह भी आरोप लगाया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य में ÷वित्तीय अराजकता÷ के लिए जिम्मेदार है। राजद नेता ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''नीतीश कुमार बिहार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना देने के लिए जिम्मेदार हैं. मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए राज्य सरकार के धन का इस्तेमाल कर रहे हैं।''

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कल्याणकारी उपायों के बारे में महिलाओं से जुड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए हाल में शुरू की गई 'महिला संवाद' पहल, ''सरकारी धन का उपयोग करके'' जनता दल (यूनाइटेड) के चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा है। विपक्ष के नेता ने कहा, ''मंत्रिमंडल ने इसके लिए 225 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। राज्य सरकार अपने प्रचार के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल कर रही है...राज्य की महिलाओं के लिए जमीनी स्तर पर कुछ भी ठोस काम नहीं हुआ है, लेकिन प्रचार के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं।'' पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों के लिए ''वैश्विक निविदाओं'' को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा। राजद नेता ने कहा, ''मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2024 से राज्य में निर्माण गतिविधियों के लिए 76,622 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी। हैरानी की बात है कि पहली बार सरकार ने इस तरह के काम के लिए वैश्विक निविदाएं जारी की हैंज् वैश्विक निविदाएं जारी करने का क्या कारण था?'' यादव ने दावा किया, ''इसके अलावा, हमने देखा है कि संपर्क सड़कों के बिना पुलों का निर्माण किया गया है, कई इमारतें बनकर तैयार हैं लेकिन संबंधित विभाग कब्जा नहीं ले रहे हैं, (नये) अस्पताल भवन में उपकरण या डॉक्टर नहीं हैं, हर घर नल का जल योजना पर कई करोड़ रुपये खर्च किए गए लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।' राजद नेता ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''नीतीश कुमार बिहार में भ्रष्टाचार को संस्थागत बना देने के लिए जिम्मेदार हैं. मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के प्रचार अभियान के लिए राज्य सरकार के धन का इस्तेमाल कर रहे हैं।''

# अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**रामनगर।** अंडरवर्ल्ड डॉन एन मुथप्पा राय के बेटे को कर्नाटक के रामनगर में बिदादी स्थित उसके घर के पास अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुथप्पा राय की 2020 में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय का बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी है और उन्होंने पुलिस अधिकारियों से विस्तृत जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, ''उसे (रिकी को) मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मुझे बताया गया है कि वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है और घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी है।'' यह घटना शुक्रवार देर रात एक से डेढ़ बजे के बीच उस समय हुई जब रिकी अपनी कार से बिदादी से बेंगलुरु जा रहा था। पुलिस ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर तीन गोलियां चलाई और एक गोली वाहन पर लगी। पुलिस ने बताया कि रिकी अपने गनमैन के साथ पीछे की सीट पर बैठा था तभी गोली कार चालक की सीट को भेदती हुई निकल गई जिससे चालक और रिकी दोनों घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए कहा कि इस घटना में रिकी की नाक और हाथ में चोटें आई हैं। वाहन चालक और रिकी दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। रिकी को पहले बिदादी के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया और बाद में उसे बेहतर उपचार के लिए बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उसके चालक की शिकायत के आधार पर मुथप्पा राय की दूसरी पत्नी अनुराधा, उद्यमी राकेश मल्ली (जो कभी मुथप्पा का करीबी सहयोगी था) और निकेतन न्यास के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि संदिग्धों की पहचान करने और घटनाक्रम का पता लगाने के लिए इलाके में और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

# लेडी डॉन जिकरा को कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

- सीलमपुर हत्याकांड की है मास्टरमाइंड



**नई दिल्ली।** सीलमपुर हत्याकांड मामले में गिरफ्तार लेडी डॉन जिकरा को पुलिस कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। गुरुवार रात 17 साल के कुणाल की हत्या की गई थी। इस हत्या की मास्टरमाइंड जिकरा है। पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया है। जे ब्लॉक में रहने वाले कुणाल की हत्या के बाद से इलाके में तनाव है। हत्यारों की गिरफ्तारी और फांसी देने की मांग करते हुए लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। स्थानीय लोगों ने अपने घरों के बाहर हिंदू पलायन कर रहे हैं और मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगाकर सरकार से इस मामले में मदद करने की गुहार लगाई है।

उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुरुआती जांच में हत्या में साहिल और उसकी बहन जिकरा के शामिल होने की बात सामने आई । बताया जा है कि दोनों भाई-बहन मिलकर गैंग चलाते हैं। गैंग में 15 से ज्यादा लोग हैं। हाल ही में पुलिस ने जिकरा के घर से हथियार बरामद होने के बाद उसे शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। हाल ही में वह जेल से छूटी थी। वह खुद को लेडी डॉन कहलाना चाहती है। वह सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए अपने फोटो और वीडियो डालती है। उसने खुद के पुलिस हिरासत के दौरान के वीडियो को भी सोशल मीडिया पर डाला है। कुणाल की मां ने आरोप लगाया कि जिकरा ने अपने भाई साहिल के साथ मिलकर उनके बेटे की हत्या की है। आरोप है कि जिकरा का उसके पड़ोसी युवक लाला से विवाद था। लाला अपने घर से फरार है। मां ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को दूसरे समाज से होने की वजह से मार दिया गया। कुणाल की गुरुवार शाम लगभग 7-30 बजे उस समय हत्या कर दी गई जब वह पास की दुकान से दूध लेने गया था।

# ओ.बी.सी एसोसिएशन रेलवे का मजबूत तथा सबसे अधिक संख्या वाला संगठन है: धर्मेन्द्र

- ऑल इण्डिया ओ.बी.सी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे का 28वां वार्षिक अधिवेशन आलमबाग लखनऊ में सम्पन्न हुआ




**लखनऊ।** ऑल इण्डिया ओ.बी.सी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे का 28 वां वार्षिक अधिवेशन-40 क्वार्टर बारात घर सामुदायिक केन्द्र आलमबाग लखनऊ में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि सांसद श्री धर्मेन्द्र यादव रहे। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि ओ.बी.सी एसोसिएशन रेलवे का मजबूत तथा सबसे अधिक संख्या वाला संगठन है। संगठन को दृढ़ विचारों के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आपके अधिकारों के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन पहले से ही है और आवश्यकता पड़ने पर संसद में भी आपके अधिकारों के लिए चर्चा की जाएगी। उन्होंने रिजर्वेशन पॉलिसी को मजबूत करने तथा प्रमोशन में रिजर्वेशन हेतु सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। बैठक में उत्तर रेलवे के महामंत्री श्री एस.के. यादव ने कहा कि यूपीएस पेंशन में ही ओपीएस पेंशन के सभी प्रावधान किए जाय। स्थायी वार्ता तंत्र पीएनएम तथा संयुक्त वार्ता तंत्र जेसीएम में ओबीसी संगठन की शाखास्तर पर भी कार्ड पास की मांग की तथा जोनल स्तर, मण्डल स्तर व शाखास्तर पर शासन के साथ अनौपचारिक बैठक 2 से बढ़ाकर 3 किया जाये। डीए 50 प्रतिशत होने पर रनिंग कर्मचारियों का रनिंग भत्ता में 25 प्रतिशत जनवरी 2024 से बढ़ाया जाये तथा एरियर का भुगतान भी किया जाये। वर्कशाप मण्डल के मण्डल सचिव श्री जीएस यादव ने प्रशासन से मांग की कि जीडीसीई तथा एलडीसी.ई. रेलवे के सभी कैटेगरी में चालू किया जाए। सहायक महासचिव श्री विनोद कुमार सचान तथा लखनऊ मंडल के सचिव श्री अभिषेक यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री केएस कुशवाहा ने की। उन्होंने रेल प्रशासन से जोरदार मांग की कि एल.ए.आर.एस. जी.ई.एस.एस. स्कीम को पुनः लागू किया जाए तथा रेलवे में निजीकरण को तत्काल रोका जाये एवं पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों का रिजर्वेशन के अनुसार बैकलॉग पूरा किया जाये। कार्यक्रम में दिल्ली मण्डल से श्री सत्यपाल सिंह मण्डल सचिव, राकेश सिंह मण्डल अध्यक्ष, फिरोजपुर मण्डल से ब्रजेश कुमार मण्डल सचिव, मुन्ना कुमार मण्डल अध्यक्ष, अम्बाला मण्डल से डीपी सिंह मण्डल सचिव, राकेश सिंह मण्डल अध्यक्ष, मुरादाबाद मण्डल से संजय यादव मण्डल सचिव संतराम यादव मण्डल अध्यक्ष, हेड क्वार्टर मण्डल से सहा0 मण्डल सचिव राम विलास यादव, मण्डल अध्यक्ष रामलाल, ब्रिज वर्कशाप से शाखा सचिव त्रिलोकी यादव आदि ने उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बीके सिंह सहायक महासचिव उत्तरी क्षेत्र ने किया।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र रॉय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया गया और पीट-पीटकर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4.30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** करंजीकला के नूरुद्दीन गर्ल्स पीजी कॉलेज और सिकरारा के माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में शनिवार को आयोजित समारोह में युवा सेवा शक्ति संस्था द्वारा आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अभिषेक सिंह, आईएएस द्वारा स्थापित सामाजिक संस्था युवा सेवा शक्ति की पहल पर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य वृद्धजनों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान दोनों ब्लॉकों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को कुल 10,000 के नकद पुरस्कार देकर उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा गया। कार्यक्रम मैं विशेष अतिथि उप प्रधानाचार्य ईश्वरदेव यादव और अध्यक्षता समर बहादुर यादव और संचालन डॉक्टर सिकंदर यादव ने किया। संस्था के वैभव सिंह ने कहा कि टीम ने छात्रों के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया, जिसमें आयुष्मान वय वंदना कार्ड की प्रक्रिया और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने परिवार तथा समुदाय के बुजुर्गों के लिए कार्ड बनवाने में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। युवा सेवा शक्ति की ओर से बताया गया कि आने वाले समय में ऐसे जागरूकता अभियान अन्य ब्लॉकों में भी चलाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक बुजुर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा सकें। संस्था ने सभी स्वयंसेवकों, शिक्षकों और सहयोगी टीम का आभार व्यक्त करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संयुक्त प्रयासों की सराहना की।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन फंड घोटाले की होगी जांच

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया आदेश, डीसीपी रैंक के अधिकारी 6 हफ्ते में विवेचना रिपोर्ट पेश करें**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के फंड घोटाले की जांच की जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को निर्देश दिया है कि वह डी सी पी से निष्पक्ष पारदर्शी विवेचना कराए और छः हफ्ते में प्रगति रिपोर्ट पेश करें। याचिका की अगली सुनवाई 19 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने बार एसोसिएशन के बर्खास्त कर्मचारी पवन कुमार पाण्डेय की याचिका पर दिया है। याचिका पर याची के वरिष्ठ अधिवक्ता कमल कृष्ण व शैलेन्द्र कुमार अवस्थी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता प्रीतपाल सिंह व राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी व ए जी ए प्रथम जी पी सिंह ने बहस की।

याची का कहना है कि उसे दुर्भावनावश झूठा फंसाया गया है। वह निर्दोष है। उसने कोई गबन नहीं किया है। इसलिए कैंट थाना प्रयागराज में 19 फरवरी 25 को दर्ज एफआईआर रद्द की जाय और उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाय।

विरोध में कहा गया कि याची ने स्वयं ही बार एसोसिएशन के बैंक खाते में 37 लाख रूपए जमा किए हैं। बार फंड का बड़ा घपला किया गया है। जिसकी निष्पक्ष पारदर्शी विवेचना पुलिस द्वारा किया जाना जरूरी है। जिस पर कोर्ट ने डी सी पी रैंक के अधिकारी से विवेचना की प्रगति रिपोर्ट मांगी है।

# डीएम व एसपी ने तहसील मड़ियाहूँ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में तहसील मड़ियाहूँ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न किया जाये। मड़ियाहूँ तहसील में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 18 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को त्वरित न्याय मिल सकें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं कुणाल गौरव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, एसीएमओ, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पेंशन नियमो को बदलने से पेंशनर्स एवं शिक्षक आक्रोशितः अरविंद

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तथा शिक्षक महासंघ उत्तर प्रदेश के जनपदीय पदाधिकारी क्रमशः सी बी सिंह अध्यक्ष, कृपाशंकर उपाध्याय जिला मन्त्री एवं सन्तोष कुमार सिह जिलाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया है कि केंद्र सरकार वित्त बिधेयक 2025 को बजट सत्र मे पास कराके पेंशन नियमो मे बदलाव का प्रावधान कर दिया है,जिससे 1972 से प्राप्त समानता को समाप्त करने का अधिकार सरकार के पास हो जाने से आठवे बेतन आयोग की संस्तुति से पेंशनर्स को बंचित किए जाने की सम्भावना प्रबल है। जिससे पेंशनर्स एवं शिक्षक नाराज है। पेंशनर्स नियमो मे बदलाव को वापस लेने ,यन पी एस , यू पी एस को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करने , पेंशन राशिकरण की कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने ,अठारह माह के रोके गए महगाई भत्ता/राहत को तत्काल मुक्त करने की मांग को लेकर देश-प्रदेश के करोडो पेंशनर्स एवं शिक्षक आगामी 22अप्रैल 2025 को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर बिरोध प्रकट करेगे एवं मा?गो से सम्बन्धित ज्ञापन प्रधान मन्त्री भारत सरकार व मुख्य मन्त्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जायेगा। जनपद के सभी पेंशनर्स एवं शिक्षक साथियो से अपील है कि दिनांक -22अप्रैल2025 को पूर्वान्ह साढे ग्यारह बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर पहुंच कर प्रदर्शन को सफल बनाये एवं पेंशनर्स व शिक्षक हक के लिए संघर्ष का संकल्प लेकर कार्य क्रम को लक्ष्य तक पहुंचाए।

# लल्लू जी एंड संस के कुंभ मेला गोदाम में भीषण आग

**लाखों का टेंट, फर्नीचर व अन्य सामान स्वाहा**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** कुंभ मेला क्षेत्र में परेड मैदान के काली मार्ग स्थित लल्लू जी एंड संस के गोदाम में शनिवार सुबह करीब छः बजे भीषण आग लग गई। इससे यहां मौजूद कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। यहां रखे कई गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अग्निशमन टीम पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। इस दौरान कई फायरकर्मी आग की लपटों से मामूली रूप से झुलस गए। आग पर काबू पाने के लिए 20 फायर टेंडर लगाए गए हैं। लल्लू जी एंड संस के गोदाम में टेंट से संबंधित सामान भरे थे। शनिवार सुबह अचानक पीछे बने गोदाम से कर्मचारियों ने धुआं उठता देखा। अभी कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले आग की लपटें उठने लगीं। इससे सभी कर्मी बाहर भाग निकले। खबर पाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी डा. आरके पांडेय, अग्निशमन अधिकारी राजेश कुमार छह फायर टेंडर के साथ यहां पहुंचे। इस दौरान गोदाम में रखे कई गैस सिलेंडर फट रहे थे। धमाके व आग की लपटें देखकर राहगीरों की भी भीड़ जुट गई। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन चल रही हवा से आग ने बड़ा रूप धारण कर लिया था। नैनी, झूंसी, हंडिया, सोरांव, फूलपुर समेत जिले के अन्य जगहों से फायर टेंडर मंगाए गए। प्रतापगढ़ व कौशांबी से भी फायरकर्मियों को बुलाया गया।

फायरकर्मी गोदाम के भीतर दाखिल हुए तो आग की लपटों से कई के हाथ झुलस गए। कुछ ही देर में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हालांकि, आग पर अभी काबू नहीं पाया जा सका है। आग से लाखों रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आग बुझने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कितने का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने गोदाम में मौजूद कर्मचारियों से आग लगने का कारण पूछा तो वह कुछ नहीं बता सके। सीफओ डा. आरके पांडेय का कहना है कि तीन वजह से आग लगने की आशंका है। पहली किसी ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक दिया। दूसरी चूल्हे से निकली चिन्गारी और तीसरी शार्टसर्किट हो सकती है। हालांकि, यह तो जांच के बाद ही साफ होगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 15 मामलों का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील लालगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 162 मामले आये, जिसमे से 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 147 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 77, पुलिस के 32, विकास के 14, विद्युत के 12, खाद्य रसद के 14, समाज कल्याण के 04 एवं अन्य के 09 मामले शामिल हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ0 अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी लालगंज, तहसीलदार लालगंज एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यार्थियों को कुलपति ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**विद्यार्थियों ने की थी 150 किलोमीटर की तिरंगा साइकिल यात्रा**

**जौनपुर।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी पटेल के निर्देश पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय तिरंगा साइकिल यात्रा में शामिल विद्यार्थियों और सहयोग करने वालों को कुलपति सभागार में शनिवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने तिरंगा साइकिल यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर देश भक्ति, एकता और आत्मबल का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह यात्रा आपके जीवन में राष्ट्र प्रेम की भावना को और प्रबल करेंगी। उन्होंने कहा कि जीवन में देश के तिरंगे से ऊर्जा लेते रहे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह एवं प्रो. मानस पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। सफलतापूर्वक 150 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूर्ण करने पर यात्रा के नोडल अधिकारी प्रो. राकेश कुमार यादव ने यात्रा के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया एवं साइकिल यात्रा दल में सम्मिलित छात्रों को बधाई दी।साइकिल यात्रा में 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस दौरान जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से होते हुए शहीद स्थलों पर पहुंचकर उन्हें नमन किया था। इसके साथ ही शहीदों के परिजनों से मिलकर उन्हें विश्वविद्यालय का मान-पत्र, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया था। इस यात्रा में शामिल विद्यार्थियों ने समाज को नशा मुक्ति और दहेज मुक्ति के लिए संदेश दिया। विद्यार्थियों ने यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को भी साझा किया।

इस अवसर पर प्रो. सुरेश कुमार पाठक, शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. शैलेन्द्र यादव,डॉ. मीताराम पाल, डॉ. पूनम यादव, अजय कुमार, डॉ. हेमंत यादव, डॉ. पुनीत सिंह, राजपाल यादव, सत्यलाल यादव, डॉ। अंजनी कुमार मिश्र, समेत यात्रा में शामिल विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मरीज को होश में रखते हुए जटिल ऑपरेशन को दिया अंजाम

**गर्भवती महिला को दिया नया जीवन**

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिले का नामचीन लाइफ लाइन हॉस्पिटल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और कुशल चिकित्सकीय टीम के बल पर यह अस्पताल लगातार असंभव को संभव कर दिखा रहा है। देश ही नहीं, विदेशों से भी मरीज यहां उपचार के लिए आते हैं और स्वस्थ होकर मुस्कुराते हुए अपने घर लौटते हैं। इसी कड़ी में अब एक और असाधारण उपलब्धि इस अस्पताल के नाम जुड़ गई हैं. जिसमें एक गर्भवती महिला को न केवल नई जिंदगी मिली, बल्कि उसके गर्भ में पल रहे शिशु को भी पूरी तरह सुरक्षित रखा गया।

गाजीपुर जिले के वाजिदपुर पूर्वा गांव की 27 वर्षीय रोशनी यादव की शादी एक साल पूर्व हुई थी। कुछ महीने पहले जब रोशनी ने गर्भधारण किया, तो परिवार में खुशियों का माहौल था। लेकिन इसी बीच रोशनी को अचानक मिर्गी के झटके आने लगे, जिससे परिवार चिंतित हो उठता कई जगह दिखाने के बाद जब कोई ठोस समाधान नहीं मिला, तो परिजनों ने उसे आजमगढ़ के प्रसिद्ध लाइफ लाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा के लिए सीटी स्कैन की जांच संभव नहीं थी, अतः प्रारंभिक जांच के बाद जब उसे डत्प् के लिए भेजा गया, तो जो रिपोर्ट सामने आई वह चौंकाने वाली थी रोशनी के मस्तिष्क के बाएं हिस्से में एक जटिल स्थिति वाला ट्यूमर पाया गया। हालत ऐसी थी कि यदि ट्यूमर का ऑपरेशन किया जाता, तो रोशनी को दाहिने हाथ-पैर में लकवा मारने और उसकी आवाज हमेशा के लिए चले जाने का खतरा था। ऑपरेशन की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. अनूप कुमार सिंह ने न्यूरो एनेस्थेटिस्ट डॉ गायत्री कुमारी एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनम यादव व (वासदेई अस्पताल) के साथ साझा किया। दोहरी चुनौती थी- एक तरफ मां की जान, दूसरी तरफ गर्भमें पल रहे शिशु की सुरक्षा। पारंपरिक ऑपरेशन में जहां मरीज को बेहोश किया जाता है, वहीं इस मामले में बेहोशी दवाओं से भ्रूण को खतरा था। इस बात को तय करने के लिए गर्भस्थ शिशु पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टरों ने एक असाधारण फैसला लिया ष्अवेक ब्रेन सर्जरी यानी मरीज को होश में रखते हुए पूरी टीम ने हाईटेक ब्रेन मैपिंग, माइक्रोस्कोप, नेविगेशन सिस्टम और मॉडर्न एनेस्थीसिया तकनीक की मदद से बेहद जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस टीम में डॉक्टर अनुप कुमार सिंह, डॉक्टर गायत्री कुमारी के अलावा न्यूरोसर्जन डॉक्टर आकाश रामभाऊ डागत, डॉक्टर विकास वर्मा तथा समस्त ऑपरेशन थियेटर के सहयोगी शामिल थे। ऑपरेशन के दौरान सबसे हैरतअंगेज बात यह रही कि रोशनी पूरे समय होश में रही और हनुमान चालीसा का पाठ करती रही। वह अपने दोनो हाथ-पैर हिलाकर डॉक्टरों को बताती रही कि उसकी चेतना सही है और कोई लकवा नहीं हुआ है। यह सर्जरी तकनीक और मानवीय समर्पण का अद्भुत संगम थी। ऑपरेशन के बाद रोशनी पूरी तरह स्वस्थ हैं और उसके गर्भ में पल रहा बच्चा भी पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

## नैनी जेल में रात की चेकिंग में दो सिपाही सस्पेंड

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल में वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने रात में अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान दो सिपाहियों की लापरवाही सामने आई। जेल के नियंत्रण कक्ष में तैनात सिपाही राम सिंह यादव ड्यूटी के दौरान सोते हुए पाए गए। अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राम सिंह को निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में तैनात दूसरे सिपाही सुख सिंह की वर्दी में भी कमियां मिलीं। इस पर उन्हें भी निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई से जेल परिसर में हड़कंप मच गया है। दोनों सिपाहियों ने अपनी गलती स्वीकार की। जानकारी के अनुसार राम सिंह 6 महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। मुख्यालय के नियमों के अनुसार, जेल के सिपाहियों को 90 दिनों के लिए निलंबित किया जाता है। हालांकि, बहाली में अक्सर अधिक समय लग जाता है। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने बताया कि दोनों सिपाहियों को ड्यूटी में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया है।

## मेडिकल कॉलेज में नियम विरुद्ध नियुक्ति का मामला

**प्रयागराज।** लोक लेखा समिति (2024- 2025) की बीती 07 फरवरी, 2025 को सम्पन्न हुई शिक्षा विभाग की बैठक में सदस्य डा0 आर0 के0 वर्मा द्वारा जनपद में मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एक ओ0टी0 टेक्नीशियन को एक की पोस्ट पर नियुक्त किये जाने के संबंधित प्रकरण उठाया गया था श। इस प्रकरण में सभापति को यह निर्देश दिये गए थे कि विशेष सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाकर विस्तृत जांच करा कर 15 दिन के अन्दर रिपोर्ट समिति के समक्ष उक्त के संबंध में अभी तक इस समिति को कोई जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। इससे नाराज समिति ने नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट न भेजा जाना अवमानना की श्रेणी में बताया। इस बाबत लोक लेखा समिति वर्ष (2024- 2025) की दिनांक 07 फरवरी, 2025 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त में विधायक आर0के0 वर्मा, सदस्य- लोक लेखा समिति, विधान सभा, उ0प्र0 के द्वारा बीती सात फरवरी को गौतम कुमार, कार्यवाहक उप अधीक्षक (नान मेडिको), स्वरूपरानी नेहरु चिकित्सालय, प्रयागराज (सम्बद्ध मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज) को नियम विरुद्ध नियुक्ति, पदोन्नति, वेतनमान दिये जाने आदि की विस्तृत जांच कराये जाने हेतु कमेटी का गठन किया गया है।

# परशुरामजी का फरसा उठाकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे पवन पांडेय

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता पूर्व मंत्री पवन पाडेय का जनपद आगमन पर मछलीशहर बॉर्डर पर सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।वही पूर्व मंत्री पवन पाडेय ने कहा भाजपा सरकार अपराध चरम पर है कानून राज खत्म हो गया है चारो तरफ अपराधियों का बोलबाला है अपराधियों को संरक्षण भाजपा सरकार दे रही है जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा झूठे मुकदमे में फंसा कर सरकार उसे जेल भेजने का काम करते हैं भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज ठगी का शिकार हुआ है जो भी ब्राह्मण समाज अगर भाजपा के खिलाफ है तो उसे सरकार पचा नहीं पा रही है आए दिन उन पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में बंद करने का काम करती है जीते जी स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी का योगी बाबा कुछ नहीं बिगाड़ पाये अब उनके न रहने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है उनका मकान बाउंड्री बाल ढाया जा रहा है यह सरकार की सोची समझी रणनीति है भाजपा सरकार में जो ब्राह्मण मंत्री हैं वह कठपुतली का काम कर रहे हैं वह अपनी बातें और अपना काम कुछ नहीं कर पा रहे हैं भाजपा सरकार ब्राह्मणों को पुतला बनाकर रखी हुई है 2027 में ब्राह्मण समाज और पीडीऐ समाज इस बार भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है आज हम जौनपुर में किसी निजी कार्यक्रम से आए हैं लेकिन जल्द ही ब्राह्मण समाज को जागने के लिए घर-घर जाएंगे और समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे बाबा को किस बात की जलन थी कि हमारे इष्ट देवता भगवान परशुराम जी जंयती की छुट्टी निरस्त किए हैं। यह ब्राह्मण समाज भूला नहीं है जितने फेक काउंटर ब्राह्मण समाज के हुए हैं और आज तक अपराधी आनंद से घूम रहे हैं एक बार भी भाजपा सरकार ने उसे दुखी परिवार से न मिलने का काम किया न ही न्याय दिलाने का काम किया हम लोग इसी बात को लेकर ब्राह्मण समाज को जगाएंगे और भगवान परशुरामजी का फरसा उठाकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे मुख्य रुप से जयहिंद यादव अनिल यादव श्याम नरायण बिन्द रोशन दूबे सूर्यभान यादव इजहार अहमद, विरु यादव, निखिल यादव, प्रदीप यादव विशाल पाडेय, रोहित शुक्ला, राजन तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें।

# सात घंटे तक धधकता रहा परेड क्षेत्र में टेंट का गोदाम

**फायर कर्मियों के शरीर पर छाले पड़े; सेना को बुलाया**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** महाकुंभ में टेंट व फर्नीचर सप्लाई करने वाले लल्लूजी के गोदाम में लगी आग लग छः घंटे से अधिक समय तक धधकती रही। गोदाम में 5 लाख बांस-बल्लियां, टेंट के पर्दे, रजाइयां और गद्दे रखे हुए थे। इसके चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। गोदाम में रखे गए सिलेंडर फटने लगे। आग की लपटें 3 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही हैं।

आग इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने के लिए सेना को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। इसके अलावा आसपास के जिलों से भी फायर टेंडर बुलाए गए हैं। दमकल कर्मियों को आग बुझाने के लिए ढाल का उपयोग करना पड़ रहा है। तपिश इतनी अधिक है कि दमकलकर्मियों के शरीर पर छाले पड़ रहे हैं। पुलिस ने दो किलोमीटर के क्षेत्र को सील कर दिया है। आसपास के इलाके के लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रयागराज डीएम भी मौके पर पहुंच गए हैं। आग कैसे लगी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

गोदाम शास्त्री ब्रिज के बीच में काली सड़क पर है। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग छः बजे गोदाम में मजदूर छोटे सिलेंडर पर खाना बना रहे थे, तभी सिलेंडर फट गया। इसके बाद गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें देखकर गोदाम में सो रहे कर्मचारी और आसपास के लोग भाग कर पहुंचे। उन्होंने बाल्टी और पाइप से पानी डालना शुरू कर दिया, लेकिन आग तेजी से बढ़ते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस बार भी महाकुंभ में टेंट का जिम्मा लल्लूजी एंड संस कंपनी के पास था।

### पूरे देश में फैली है शाखाएं

लल्लूजी एंड संस के कार्यालय और गोदाम प्रयागराज के परेड ग्राउंड, रामबाग, झुंसी और नैनी के साथ ही देशभर में हैं। कंपनी हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में लगने वाले मेलों में भी टेंट लगाने का काम करती है। कंपनी का सेटअप दिल्ली, उज्जैन, हरिद्वार और अहमदाबाद में भी है। 2025 महाकुंभ के लिए देश के 6 शहरों से लल्लूजी कंपनी की ओर से सामान मंगवाए गए थे। महाकुंभ या कुंभ मेले में कपड़े के टेंट से लेकर बांस-बल्ली, थाने-चौकी बनाने का काम लल्लूजी की कंपनी के जिम्मे रहा। महाकुंभ में टेंट बनाने की जिम्मेदारी कुल 10 वेंडर्स को मिली है। इसमें 9 ठेके लल्लूजी एंड संस के परिवार के पास हैं। 10वां ठेका हरिद्वार के वृंदावन टेंट हाउस को दिया गया है। लल्लूजी को अखाड़ों का टेंट लगाने के साथ वीआईपी टेंट सिटी और बड़े इवेंट में सारी व्यवस्था देने की जिम्मेदारी भी मिली थी। इस साल महाकुंभ में 4 लाख बल्लियां लगाई गई थीं।

### सीएफओ सहित दो अधिकारी और छः जवान जोर से झुलसे

प्रयागराज। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने कहा कि आग बुझाने के काम में दमकल की 18 गाड़ियों की मदद ली गई, जिनमें सेना की चार गाड़ियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के दौरान वह खुद, एक अन्य अधिकारी और पांच कर्मचारी मामूली रूप से झुलस गए। हालांकि, विभाग की त्वरित कार्रवाई से आस पास के कई गोदामों में रखे अरबों रुपये के माल को बचा लिया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि गोदाम में रखे चार एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हो गया और परिसर में खड़ी दो स्कूटी जलकर खाक हो गईं। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग की विकरालता को देखते हुए हंडिया, मेजा और सोरांव से दमकल की 10 गाड़ियां बुलाई गईं और लगभग छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# सैमसंग का नया धमाका गैलेक्सी Mz6 5G के साथ पाईये अल्ट्रा-स्लिम एक्सपीरियंस

**सेगमेंट**

**यह फोन स्टाइल, मजबूती और शानदार परफॉर्मेंस का ऐसा कॉम्बिनेशन है जो पहले नहीं देखा गया। यह अपने सेगमेंट का सबसे पतला फोन है और लंबे समय तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है।**

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने सेगमेंट में सबसे पतला स्मार्टफोन गैलेक्सी Mz6 5त्र लॉन्च करने की घोषणा की है। लोकप्रिय गैलेक्सी रूसीरीज़ का यह सबसे नया प्रोडक्ट उपयोगकर्ताओं को आगे और पीछे दोनों तरफ गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, OIS के साथ 50MP ट्रिपल कैमरा और 12 MP Èÿ´ÅU HDR कैमरा और एडवांस AI एडिटिंग टूल के साथ एक बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। सैमसंग इंडिया के MX बिजनेस के डायरेक्टर अक्षय एस राव ने कहा उपयोगी नवाचार करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता के तहत हमें गैलेक्सी Mz6 5G की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह फोन स्टाइल, मजबूती और शानदार परफॉर्मेंस का ऐसा कॉम्बिनेशन है जो पहले नहीं देखा गया। यह अपने सेगमेंट का सबसे पतला फोन है और लंबे समय तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस फोन में आगे और पीछे दोनों तरफ गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन दिया गया है, जो इसे अब तक का सबसे मजबूत रूसीरीज फोन बनाता है। चाहे आप फ्रंट HDR कैमरे से अपनी यादें कैद कर रहे हों या एडवांस AI एडिटिंग टूल्स के साथ रचनात्मक संभावनाओं की खोज कर रहे हों, गैलेक्सी Mz6 5G, अपने पावर-पैक फीचर्स के साथ, स्मार्टफोन के अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**प्रीमियम डिज़ाइन और डिस्प्ले**

प्रीमियम ग्लास बैक और मेटल कैमरा डेको के साथ, गैलेक्सी Mz6 5G, Gala×4 रू सीरीज़ में एक रिफ्रेशिंग और प्रीमियम डिज़ाइन अपग्रेड लेकर आया है। इस सेगमेंट में सबसे पतला होने के कारण, Gala×4 Mz6 5G की मोटाई सिर्फ़ 7.2mm है और इसमें आगे और पीछे दोनों तरफ कॉर्निंग0 गोरिल्ला0 ग्लास विक्टस0 प्रोटेक्शन दिया गया है जो इसे मज़बूत बनाने के साथ ही आकर्षक भी बनाता है। 6.7 इंच के फुल HD+ सुपर AMOLED+ डिस्प्ले के साथ, गैलेक्सी Mz6 5त्र उपभोक्ताओं को शानदार विजुअल और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है। बड़ा डिस्प्ले 1200 निट्स के हाई ब्राइटनेस मोड और विज़न बूस्टर तकनीक से लैस है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता तेज़ धूप में भी अपने पसंदीदा कंटेंट का आसानी से आनंद ले सकें। 120H5 रिफ्रेश रेट से तकनीक-प्रेमी जेन-जेड और मिलेनियल ग्राहकों के लिए सोशल मीडिया फ़ीड को स्क्रॉल करना आसान हो जाता है। गैलेक्सी Mz6 5G को दो आकर्षक रंगों में पेश किया गया है, ये हैं - लाइट ग्रीन और ब्लैक।

**एडवांस्ड फोटोग्राफी**

गैलेक्सी Mz6 5G में 50MP OIS ट्रिपल कैमरा दिया गया है, जो हाई-रिज़ॉल्यूशन और शेक-फ्री फोटो और वीडियो शूट करता है। इससे हाथ कांपने या अचानक हिलने से फोटो धुंधली नहीं होती। इसके अलावा, 12MP का फ्लैगशिप-ग्रेड HDR फ्रंट कैमरा शानदार और साफ-सुथरी सेल्फी लेने में मदद करता है, जिससे आपकी हर तस्वीर और भी ज्यादा जीवंत और खूबसूरत नजर आती है। गैलेक्सी Mz6 5G उपयोगकर्ताओं को 10-बिट HDR में 4K 30 FPS वीडियो रिकॉर्ड करने की सहूलियत देता है जो वास्तविक आउटपुट के लिए रंगों की एक बड़ी रेंज को कैप्चर करता है। कैमरे को कम रोशनी में भी शानदार फ़ोटो और वीडियो के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसकी बिग पिक्सेल टेक्नोलॉजी, लो न्वॉइस मोड और AI *ISP* इसकी नाइटोग्राफी क्षमता को एक अलग लेवल पर ले जाते हैं। कैमरा सिस्टम में रियर कैमरे पर 2X ज़ूम के साथ पोर्ट्रेट 2.0 भी है जो क्रिस्प और नेचुरल बोकेह इफ़ेक्ट की सुविधा देता है। इसमें ऑब्जेक्ट इरेज़र, एडिट सजेस्ट जैसे एडवांस्ड AI-पावर्ड एडिटिंग टूल्स भी दिए गए हैं जो हर शॉट को सोशल-रेडी बनाते हैं।

**बड़ा प्रोसेसर**

गैलेक्सी Mz6 5G में 4nm आधारित E&ynos 1480 प्रोसेसर दिया गया है, जो LPDDRzX के साथ इसे तेज़ और पावर-एफिशिएंट बनाता है, जिससे उपयोगकर्ता आसानी से मल्टी-टास्किंग कर सकते हैं। यह प्रोसेसर अपने फ्लैगशिप लेवल वेपर कूलिंग चैंबर के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो और विजुअल के साथ एक शानदार मोबाइल गेमिंग अनुभव प्रदान करता है। 5G की बेहतरीन स्पीड और कनेक्टिविटी के साथ, उपयोगकर्ता जहां भी जाएं, पूरी तरह से कनेक्ट रह सकेंगे, तेज़ डाउनलोड, स्मूथ स्ट्रीमिंग और बिना किसी परेशानी के ब्राउज़िंग का अनुभव कर सकेंगे।

**फास्ट चार्जिंग के साथ मॉन्स्टर बैटरी**

गैलेक्सी Mz6 5G में 5000mAh की बैटरी दी गई है जो ब्राउज़िंग, गेमिंग और बिंज वॉचिंग के लंबे सेशन को आसान बनाती है। गैलेक्सी Mz6 5G उपयोगकर्ताओं को बिना किसी रुकावट के दुनिया से जुड़े रहने, मनोरंजन करने और प्रोडक्टिव बने रहने की सुविधा देता है। गैलेक्सी Mz6 5G 45W सुपर-फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है जो कम समय में ज़्यादा पावर देता है।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता 23 अप्रैल से, सूत्रों बोले- 19 अध्यायों पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारी प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए 23 अप्रैल से वाशिंगटन में तीन दिवसीय वार्ता करेंगे। इस बातचीत में टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाओं और सीमा शुल्क सुविधा से जुड़े 19 अध्यायों पर चर्चा होगी। सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। आइए इस बारे में जानें।

भारत और अमेरिका के अधिकारी प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए 23 अप्रैल से वाशिंगटन में तीन दिवसीय वार्ता करेंगे। इस बातचीत में टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाओं और सीमा शुल्क सुविधा से जुड़े 19 अध्यायों पर चर्चा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

भारतीय अधिकारियों का दल अमेरिका में आधिकारिक दल 90-दिवसीय टैरिफ विराम अवधि में वार्ता को और गति देने और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करेगी। इससे पहले कुछ मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए इन ToRs पर मंथन होगा।

भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच पहली आमने-सामने की वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगला वाणिज्य सचिव नियुक्त किया गया था। वे 1 अक्तूबर से पदभार ग्रहण करेंगे।

अधिकारी ने कहा, दोनों पक्ष महत्वाकांक्षा के स्तर पर चर्चा करेंगे। कार्य-दर-नियमों को आगे विकसित किया जाएगा और उन पर चर्चा की जाएगी। वार्ता का मार्ग क्या होगा? कार्य-दर-नियमों में टैरिफ, गैर-टैरिफ बाधाएं, उत्पत्ति के नियम, माल, सेवाएं, सीमा शुल्क सुविधा तथा विनियामक मुद्दे जैसे मुद्दे शामिल होंगे।÷ उन्होंने कहा कि समझौते की सामान्य रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी, साथ ही समय-सारिणी पर भी चर्चा की जाएगी, ताकि 90 दिनों में चीजों को अंतिम रूप दिया जा सके।

इससे पहले, दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच भारतीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण व्यापार चर्चा के लिए 25 से 29 मार्च तक भारत में थे।

# बदलती वैश्विक स्थिति के बीच नीतिगत कार्रवाई में आरबीआई सक्रिय, गवर्नर मल्होत्रा की टिप्पणी



**मुंबई।** दुनिया में जारी टैरिफ युद्ध के बीच भारतीय रिजर्व बैंक वैश्विक हालात पर लगातार नजर रखे हुए और अपनी नीतिगत फैसलों में यह %सक्रिय और दुरुस्त% बना रहेगा। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह बात कही है। गवर्नर ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं।

इंडोनेशिया के बाली में 24वें एफआईएमएमडीए-पीडीएआई के वार्षिक सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बोलते हुए कहा कि, पिछला साल वैश्विक स्तर पर वित्तीय बाजारों के लिए चुनौतिपूर्ण भरा रहा, वहीं वर्तमान में भी व्यापार युद्ध के कारण अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। आरबीआई गवर्नर ने उच्च मुद्रास्फीति के खिलाफ उनकी लड़ाई को अंतिम चरण में पहुंचाने और अनिश्चितता के माहौल में नए रास्ते बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता भरे माहौल में भी भारतीय वित्तीय बाजार स्थिर रहे हैं और सभी खंड ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यह सम्मेलन में भारतीय वित्तीय बाजार - बदलते परिवेश में मार्गदर्शन पर रहा जहां मौजूदा समय में वित्तीय बाजारों के प्रदर्शन पर चर्चा की गई।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा वित्तीय बाजारों ने उल्लेखनी प्रदर्शन किया है, जबकि वे अनिश्चित और अस्थिर वैश्विक वातावरण की अनिश्चितताओं से अछूते नहीं हैं। जैसा कि हमने हाल ही में मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद अपने बयान में उल्लेख किया है, हमारे घरेलू विकास मुद्रास्फीति संतुलन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिसकी वजह से वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप बने रहने का अनुमान है। वैश्विक अनिश्चितताएं और मौसम संबंधी गड़बड़ी, हालांकि मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए जोखिम पैदा करती हैं। भले ही हमने वित्त वर्ष 2026 के लिए 6.5 प्रतिशत पर कुछ कम वास्तिवक जीडीपी विकास का अनुमान लगाया है, भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। बावजूद इसके हमारी आकांक्षा से बहुत कम है। हमने दो बार रेपो दरों में कमी की है और बाजार में पर्याप्त तरलता भी प्रदान की है। मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से विकसित हो रही स्थिति को देखते हुए, विशेष रूप से वैश्विक मोर्चे पर (टैरिफ व्यापार युद्ध) पर हम आर्थिक दृष्टिकोण की लगातार निगरानी और आकलन कर रहे हैं। हम हमेशा की तरह नीतिगत मोर्चे पर अपने काम को करते रहेंगे।

भारतीय वित्तीय बाजार पर बोलते हुए उन्होंने कहा, भारतीय वित्तीय बाजार विदेशी मुद्रा (फएक्स) सरकारी प्रतिभूति ( जी-सेक ), मनी मार्केट सहित सभी बाजार खंड काफी हद तक स्थिर रहे हैं। जबकि कुछ महीने पहले डॉलर के मुकाबले रुपया थोड़ा दबाव में आया था, उसके बाद इसने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा इक्विटी बाजारों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ, क्योंकि पूंजी की बहिर्वास में तेजी आई, जो कि अधिकांश उभरते बाजारों में देखा गया।

# इंफोसिस ने सीईओ सलिल पारेख के लिए 51 करोड़ रुपये की स्टॉक विकल्प योजना की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के बोर्ड ने सीईओ और एमडी सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्टॉक प्रोत्साहन या कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) देने को मंजूरी दे दी है।

ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के तहत हैं, और इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। एक दस्तावेज में कंपनी ने कहा है कि बोर्ड ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों की मंजूरी के बाद पारेख के लिए इस वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी है।

कंपनी के अनुसार इस अनुदान में ÷प्रतिबंधित स्टॉक इकाइयों (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी अनुदान) भी शामिल है। 2015 की स्टॉक प्रोत्साहन मुआवजा योजना में अनुदान की तिथि तक 34.75 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के इक्विटी शेयर शामिल हैं।÷ इंफोसिस ने कहा कि पारेख को यह अनुदान घोषणा की की तारीख से 12 महीने के भीतर दिया जाएगा, बशर्ते कि कंपनी बोर्ड की ओर से प्रदर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्यों हासिल कर ले।÷

कंपनी ने गुरुवार को बीएसई को दी गई सूचना में बताया कि ईएसओपी 2 मई, 2025 से प्रदान किए जाएंगे और आरएसयू की संख्या की गणना 2 मई, 2025 को कारोबार बंद होने के समय के बाजार मूल्य के आधार पर की जाएगी। कंपनी ने इस दौरान चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 25 का स्कोरकार्ड जारी किया।

# दूसरी बार रिकॉर्ड 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में निवेश



**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं।

देशभर में वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 38.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा हुई है। यह मूल्य के लिहाज से 2015-16 के बाद एक दशक में दूसरी बार रिकॉर्ड परियोजनाओं की घोषणा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं। निजी कंपनियों ने जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा की हैं, उनमें अक्षय ऊर्जा शीर्ष पर है। केंद्र का जोर सड़क, रिफाइनरी और शिपिंग परियोजनाओं पर है। वहीं, राज्य सड़क, शिक्षा, परिवहन और रेलवे पर ध्यान दे रहे हैं।

बीते वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा इस साल जनवरी-मार्च में की गई, जो 18.9 लाख करोड़ की थीं। पहली तीन तिमाहियों में सिर्फ 19.4 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं घोषित हुई थीं। सरकारी निवेश में केंद्र का हिस्सा 7.4 लाख करोड़ रहा। राज्य और स्थानीय निकायों का 3.7 लाख करोड़ रुपये रहा।

कुल 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 37 फीसदी है। कर्नाटक, बिहार, राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ का योगदान 33 फीसदी है।

सरकार के कुल निवेश में से 91 फीसदी हिस्सा पांच क्षेत्रों में हुआ है। इनमें रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी, सड़क परिवहन, रिफाइनरी, परंपरागत इलेक्ट्रिसिटी व शिपिंग हैं। इलेक्ट्रिसिटी और शिपिंग में 6.8 लाख करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों में केमिकल, स्टील, रेलवे, खनिज, हाउसिंग व स्वास्थ्य सहित अन्य हैं।

राज्य सरकारों का 67 फीसदी निवेश सड़क परिवहन क्षेत्र में है। रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी का हिस्सा 6.7 फीसदी, रेलवे का 4.2 फीसदी व शिक्षा का हिस्सा 2.6 फीसदी है।

घरेलू निजी कंपनियों का ज्यादा जोर यानी 29.6 फीसदी निवेश रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी में है। केमिकल में 15.8 फीसदी, स्टील-पाइप में 11 फीसदी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 7 फीसदी निवेश है।

# इस साल भारत यात्रा के लिए उत्सुक; पीएम मोदी से बातचीत के बाद एलन मस्क बोले



**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को बताया कि वे साल के अंत तक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। एलन मस्क ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद यह टिप्पणी की। आइए इस बारे में और जानते हैं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को बताया कि वे साल के अंत तक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। एलन मस्क ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद यह टिप्पणी की। इस बातचीत के दौरान मस्क और मोदी ने प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

उस बैठक के दौरान मोदी और मस्क ने एआई, अंतरिक्ष अन्वेषण (स्पेस एक्सप्लोरेशन), नवाचार और सतत विकास के साथ अन्य क्षेत्रों में भारतीय और अमेरिकी संस्थाओं के सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में फरवरी में हुई बैठक के बाद पीएम मोदी ने पोस्ट किया था कि एलन मस्क और उनके परिवार के साथ मिलकर खुशी हुई। इस मुलाकात में हमने अलग-अलग विषयों पर बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन को भारत में आगे बढ़ाने की बात की।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा

**लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, जो टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी है, ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन2) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धियों की घोषणा की। संस्थान की अटूट शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हुए, दो छात्रों ने ऑल इंडिया टॉप 10 रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। श्रेयस लोहीया (लखनऊ) ने एआईआर 6, कुशाग्र बैंगा ने एआईआर 7, और कृष्णा अग्रवाल ने एआईआर 45 हासिल की, जो इस वर्ष एईएसएल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

छात्रों को बधाई देते हुए, डी.के. मिश्रा, चीफ अकादमिक और बिजनेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड, ने कहा, हम अपने छात्रों की मेहनत और सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सही कोचिंग और संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सभी सफल



छात्रों को बधाई, और हम उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं!

इन परिणामों से साबित होता है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की जा सकती है! नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परिणाम घोषित किए, जिससे इस साल के दूसरे और अंतिम जेईई सत्र का समापन हुआ। जेईई मेन्स भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है! कई छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम से तैयारी करते हैं ताकि वे आईआईटी जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर सकें।

जेईई मेन्स दो सत्रों में आयोजित की जाती है ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के अधिक मौके मिल सकें। जेईई एडवांस उन छात्रों के लिए प्रवेश का द्वार खोलता है जो प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में जाना चाहते हैं, जबकि जेईई मेन्स के जरिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का रास्ता बनता है।

आकांश न केवल इंजीनियरिंग (जेईई) बल्कि मेडिकल (नीट), एनटीएसई, ओलंपियाड जैसे परीक्षाओं की भी बढ़िया तैयारी करवाता है! संस्थान छात्रों को उनकी पूरी क्षमता पहचानने और अपनी अकादमिक सफलता को हासिल करने के लिए बेहतरीन टेस्ट प्रिपरेशन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिबद्ध है।

# काजोल और सारा अली खान से लेकर वेदांग रैना और वीर पहारिया तक~ सेलेब्रिटीज़ ने साबित किया कि वेलनेस ही नया लग्ज़री है

वेलनेस जगत के सबसे शानदार और प्रतिष्ठित कार्यक्रम, ग्लोबल स्पा अवाड्र्स का आयोजन मुंबई में



सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य समारोह ने स्पा, वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रमुख दिग्गजों को एक मंच पर एकत्रित किया। शाम की रौनक बढ़ाने के लिए बॉलीवुड, टेलीविज़न और फैशन जगत की जानी-मानी हस्तियां भी मौजूद थीं, जिन्होंने कार्यक्रम में ग्लैमर और लोकप्रियता का तड़का लगाया। अब अपने सातवें संस्करण में, ग्लोबलस्पा अवाड्र्स का मुख्य उद्देश्य असाधारण मानकों को बढ़ावा देना और स्पा प्रेमियों व उच्च-स्तरीय वेलनेस प्रतिष्ठानों के बीच गहरे संबंध स्थापित करना है।

ग्लोबलस्पा इंडिया और मिडिल ईस्ट की मुख्य संपादक, परिणीता सेठी ने कहा, ग्लोबलस्पा अवाड्र्स में हमारा मिशन उन व्यक्तियों और संगठनों को पहचानना और सम्मानित करना है जो वेलनेस के मानकों को लगातार बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। ये पुरस्कार उनके जुनून, समर्पण और नवाचार का सम्मान हैं।

इस साल के शानदार समारोह की मेजबानी खूबसूरत सोफी चौधरी और जाने-माने कॉमेडियन नितिन मिरानी ने की। इस भव्य आयोजन में काजोल, सारा अली खान, रेखा, वेदांग रैना, मलाइका अरोड़ा, रकुल प्रीत सिंह, सोनाली बेंद्रे, नितांशी गोयल, अविनाश तिवारी, प्रतिभा रांटा, वीर पहारिया, जैस्मिन भसीन जैसी कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रेड कार्पेट पर उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में एक असाधारण चमक बिखेर दी।

इन दिग्गजों ने न केवल ग्लैमर का तड़का लगाया, बल्कि सर्वश्रेष्ठ डेस्टिनेशन स्पा, सर्वश्रेष्ठ सैलून, सर्वश्रेष्ठ ब्यूटी ब्रांड, सर्वश्रेष्ठ होटल स्पा जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रस्तुतकर्ता और प्राप्तकर्ता की भूमिका भी निभाई। इस वर्ष के आयोजन ने विस्तारित विकल्पों, नवीन प्रौद्योगिकी, स्थिरता पहलों और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मानकों को और ऊंचा उठाया, जिसमें जाने-माने सेलेब्रिटीज़ के साथ सेल्फ-केयर (आत्म-देखभाल) के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

शाम के मुख्य आकर्षणों में से एक ग्लोबलस्पा के नवीनतम कवर का अनावरण भी था, जिसमें सारा अली खान नज़र आईं। यह कवर शूट रोहन श्रेष्ठ द्वारा स्विट्जरलैंड के खूबसूरत इंटरलेकन में किया गया था।

भागीदार ब्रांड्स ने ग्लोबलस्पा अवाड्र्स 2025 के साथ अपने सफल सहयोग के अनुभव साझा किए-

समीरा हैबिटैट्स (प्रेज़ेंटिंग पार्टनर)- इस वर्ष समीरा हैबिटैट्स ग्लोबलस्पा अवाड्र्स के प्रेज़ेंटिंग पार्टनर थे। अलीबाग रियल एस्टेट में तीन दशकों के नेतृत्व के साथ, समीरा के सिग्नेचर न्यू वर्ल्ड लिविंग स्केप्स और लैंड होल्ड्स, प्रकृति, धीमी जीवन शैली और वेलनेस के साथ विस्तृत जीवन शैली का मिश्रण करते हैं। उनका दृष्टिकोण ग्लोबलस्पा के समग्र, लक्ज़री वेलनेस को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने के लोकाचार के साथ सहज रूप से संरेखित होता है।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 6.7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** शनिवार को देश के निजी क्षेत्र के तीन बड़े बैंकों ने अपने नतीजे जारी किए। एचडीएफसी बैंक ने अपने सालाना मुनाफे में 6.7त्न की वृद्धि की जानकारी दी है। आईसीआईसीआई बैंक और यस बैंक के नतीजे कैसे रहे? आइए जानते हैं। भारत के सबसे बड़े निजी बैंक ने शनिवार को अपने नतीजे जारी किए। वित्त वर्ष 25 के लिए अपने चौथी तिमाही के नतीजों का एलान करते हुए एचडीएफसी बैंक ने बताया है कि उसका लाभ 17,616 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की तुलना में 6.7त्न अधिक है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पिछले साल की तुलना में 10.3त्न बढ़कर 32,070 करोड़ रुपये हो गई।

आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को बताया कि मार्च तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 15.7 प्रतिशत बढ़कर 13,502 करोड़ रुपये हो गया। एकल आधार पर, निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 12,630 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का



शुद्ध मुनाफा 10,708 करोड़ रुपये था। बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 11 प्रतिशत बढ़कर 21,193 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 19,093 करोड़ रुपये थी। राजकोष को छोड़कर गैर-ब्याज आय 18.4 प्रतिशत बढ़कर 7,021 करोड़ रुपये हो गई। मार्च तिमाही में प्रावधान 891 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 718 करोड़ रुपये था। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात दिसंबर 2024 के 1.96 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2025 के अंत तक 1.67 प्रतिशत हो गया। यस बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 63.3% बढ़ा

निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने शनिवार को मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए। आंकड़ों के अनुसार बैंका का स्टैंडअलोन मुनाफा सालाना आधार पर 63.3% बढ़कर 738 करोड़ रुपये हो गया। बैंक की शुद्ध ब्याज आय साल दर साल आधार पर 5.7त्न बढ़कर 2,276.3 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध लाभ और एनआईआई- ये दोनों ही आंकड़े बाजार के अनुमानों से बेहतर रहे। तिमाही पर देखें तो, बैंक की ब्याज आय साल-दर-साल आधार पर 2.3त्न बढ़कर 7,616 करोड़ रुपये हो गई। बैंक का शुद्ध एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) तिमाही आधार पर 0.5% से घटकर 0.3त्न हो गया। यस बैंक का सकल एनपीए क्रमिक रूप से 1.6त्न पर स्थिर रहा।

# सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ करें प्रार्थना पत्रों का निस्तारण : डीएम

## डीएम व एसपी ने हाटा तहसील में सुनी फरियाद, निस्तारण के दिये निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील हाटा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 44 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया पुलिस विभाग से संबंधित 12, विकास विभाग से संबंधित 06, तथा अन्य विभाग के 5 प्रकरण में से 1 का निस्तारण तत्काल किया गया। इस प्रकार कुल 67 में से 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 61 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

# अवैध रूप से चल रहे दो विद्यालयों को बीईओ ने बंद कराया



स्कूल बंद कराने के बाद छात्रों को घर भेजते बीईओ

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार ने तमकुही क्षेत्र में बिना मान्यता के संचालित हो रहे दो अवैध विद्यालयों के संचालन पर रोक लगा दी। इन कक्षाओं के छात्रों का नामांकन नजदीकी विद्यालयों में कराने का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने ज्ञान ज्योति शिक्षा सेवा संस्थान तुर्कपट्टी का जांच किया।

जांच के दौरान यह विद्यालय कक्षा 1 से हाईस्कूल तक संचालित होते हुए मिला। मान्यता सम्बंधी अभिलेख मांगे जाने पर जिम्मेदार सिर्फ 5 तक की ही मान्यता दिखा पाए। बीईओ ने कक्षा 6 से 10 तक की कक्षाओं के संचालन पर तुरंत रोक लगा दी और उच्चाधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। बीईओ ने जेपी सरस्वती बाल विद्या मंदिर महुअवा बुजुर्ग की जांच की। यह विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक संचालित मिली जबकि इसकी मान्यता 5 तक थी। कक्षा 6 से 8 तक के कक्षाओं के संचालन पर रोक लगाई। इन दोनों विद्यालयों के छात्रों का नामांकन नजदीक के विद्यालयों में कराने का निर्देश दिया। बीईओ के सख्त कार्रवाई से अमान्य विद्यालयों के संचालकों में हड़कंप है। खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि अमान्य विद्यालयों के संचालक नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों की जांच कर उच्चाधिकारियों को अवगत करा दी गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में सलेमपुर तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर की उपस्थिति में सलेमपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 103 प्रकरण आये, जिसमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश प्रकरण भूमि विवाद से संबंधित आये। डीएम ने कहा कि राजस्वकर्मी सभी पक्षों को सुनने के बाद निष्पक्षता से कार्य करते हुए इन विवादों का समाधान कराये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका निर्धारित समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक निस्तारण करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तीन पात्र आवेदकों को मौके पर ही राशनकार्ड प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ऑपरेशन कब्जामुक्ति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों को सम्मानित किया।

# जेईई मेंस की परीक्षा में आलोक का हुआ चयन

अवधनामा ब्यूरो



आलोक की फाइल फोटो

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बरडीहा निवासी आलोक मद्धेशिया ने जेईई मेंस की परीक्षा में 96.92 प्रतिशत अंक पाकर उत्तीर्ण किया है।

आलोक की प्रारंभिक शिक्षा एवं क्रिस्तुज्योति पब्लिक स्कूल पिपराइच गोरखपुर तथा आगे की शिक्षा सेंट मेरी पब्लिक स्कूल पादरी बाजार गोरखपुर से हुई है। आलोक शुरू से ही पढ़ने में बहुत ही मेधावी रहे हैं। इनके पिता वीरेंद्र गुप्ता व्यवसाई है। उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया। बच्चों को अपने व्यवसाय में हाथ नहीं बटाने दिया। आलोक बहुत ही मेहनती प्रवृत्ति के छात्र है उनकी तैयारी घर के अलावा पादरी बाजार स्थित श्री कृष्णा लाइब्रेरी में हुई है। आलोक अपने इस सफलता का श्रेय अपने बाबा साधु मद्धेशिया, अपने पिता वीरेंद्र मद्धेशिया तथा गुरुजनों को दिया है। इनके इस उपलब्धि पर पर इनके बाबा साधु शरण मद्धेशिया, मद्धेशिया, दादी राधिका देवी, पिता वीरेन्द्र मद्धेशिया, माता संगीता देवी, चाचा दुर्गेश मद्धेशिया चाची सुचित्रा देवी सहित अन्य लोगों ने उनके इस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# मस्जिद और ईदगाह हटाने की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मिलकर मस्जिद पर कार्रवाई रोकने की मांग किया था

अवधनामा ब्यूरो



मस्जिद व ईदगाह की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कुशीनगर के गड़हिया चिंतामणि में स्थित मस्जिद और ईदगाह को हटाने की कार्रवाई पर 6 महीने की रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई निचली अदालत में करने का आदेश दिया है। तमकुहीराज तहसील प्रशासन ने मस्जिद पक्ष को 8 अप्रैल तक मस्जिद खाली करने का नोटिस दिया था। प्रशासन का कहना था कि मस्जिद और ईदगाह सार्वजनिक भूमि पर बने हैं। नोटिस में यह भी कहा गया था कि समय सीमा के बाद प्रशासन बुलडोजर की कार्रवाई करेगा और इसका खर्च पक्षकारों से वसूला जाएगा। गांव के हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने करीब 20 साल पुरानी इस मस्जिद और ईदगाह को हटाने की मांग की थी। इसके बाद मुस्लिम समाज और सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल तहसील प्रशासन से मिला था। गांव के पूर्व प्रधान इस्लाम अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक मामले का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। फैसले के बाद मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल है। इस मामले को लेकर सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जाकिर हुसैन, याचिकाकर्ता इस्लाम अंसारी, सद्दाम अंसारी आदि लोगों के साथ मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार से मिल चुका था। जिसके बाद सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह, डॉ. पीके राय, जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, मु. इलियास अंसारी, वरिष्ठ नेता मधुर श्याम राय के साथ एसडीएम से मिलकर तहसीलदार के फैसले पर विचार करने और मस्जिद को कोई नुकसान न पहुंचाने का आग्रह कर चुका था। इधर उच्च न्यायालय से प्रशासन के बुलडोजर के कार्रवाई पर रोक लगाए जाने के बाद मुस्लिम समाज ने फैसले का स्वागत करते हुए खुशी व्यक्त किया है।

# संजय चौहान ने ग्रहण किया नये डीएम का कार्यभार

## जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति प्राथमिकताओं में शामिल


अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** शनिवार को नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने जिला कोषागार पहुंचकर जिलाधिकारी अमेठी के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। नवागत जिलाधिकारी 2014 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी हैं। इससे पूर्व नगर आयुक्त सहारनपुर एवं स्मार्ट सिटी सहारनपुर के सीईओ के पद पर कार्यरत थे।

नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता कर उनका परिचय प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वह 1998 बैच के स्टेट पी0सी0एस0 अधिकारी हैं। 2014 बैच के आई0ए0एस0 अधिकारी हैं। इससे पूर्व वह हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा, अयोध्या, गोरखपुर, मेरठ, नोएडा में बतौर एसडीएम तथा सिटी मजिस्ट्रेट के रूप में मेरठ, नोएडा व अलीगढ़, एडीएम सिटी के रूप में कानपुर नगर, अलीगढ़ व मेरठ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के रूप में नोएडा, नगर आयुक्त के रूप में मुरादाबाद एवं स्मार्ट सिटी मुरादाबाद के सीईओ तथा पिछले करीब 14 माह से नगर आयुक्त सहारनपुर एवं स्मार्ट सिटी सहारनपुर के सीईओ के पद पर कार्यरत रहे हैं। नवागत जिलाधिकारी जनपद एटा के मूल निवासी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा आरबीएस इंटर कॉलेज आगरा एवं ग्रेजुएशन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, जनपद अयोध्या तथा गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, उत्तराखंड से बायोटेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की है। नवागत जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर लाना और उन्हें सही परिप्रेक्ष्य में लागू करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मेरा काफी पुराना अनुभव है उसके अनुसार कुछ नया करने का भी लक्ष्य है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण बाहुलता वाले जनपद में और कृषि प्रधान जनपद में अगर नगर विकास और नगरीय प्रशासन की अवधारणाओं को लागू किया जाए तो निश्चित रूप से बदलाव देखने को मिलेगा। मीडिया द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति है

# राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के छात्र की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान जायस के एक छात्र की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को 24घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने संस्थान के अंदर मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया है। राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान के एम बी ए तृतीय वर्ष के छात्र अभिनव आनंद ने शुक्रवार को सुबह लगभग चार बजे हास्टल की खिड़की से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में पुलिस और संस्थान के सुरक्षा गार्डों ने उसे जिला अस्पताल रायबरेली पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र का शव रायबरेली की मरच्युरी में रखा हुआ है। छात्र बिहार राज्य की राजधानी पटना का निवासी बताया गया है। छात्र के परिजन शाम तक रायबरेली नहीं पहुंच पाए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बारे में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# बाबा साहब की जीवन कहानी साधारण कहानी नहीं है

- बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय को भारतीय संविधान में समाहित किया : संजय

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/संग्रामपुर।** शुक्रवार की देर शाम तिवारीपुर में अम्बेडकर कल्याण समिति की ओर से संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर विस्तार से चर्चा के साथ लोगों को बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और नशा सेवन की प्रवृत्ति से दूर रहने के संदेश दिए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील से हुई। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बौद्धाचार्य संजय कुमार ने सामूहिक त्रिसरण पंचशील कराया। स्थानीय इकाई के अध्यक्ष शिवबरन कोरी ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। अम्बेडकर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश अकेला ने बाबा साहब की जीवन कहानी, साधारण कहानी नहीं है -- गीत के माध्यम से डा अम्बेडकर के जीवन संघर्षों का चित्रण किया। समिति के महामंत्री राम चन्द्र बौद्ध ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने आगे बढ़ने के लिए तीन सूत्र -शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो तीन सूत्र दिए थे। बौद्ध धम्म ग्रहण करने के बाद उन्होंने बुद्ध,धम्म और संघ की सरण में जाने के संदेश दिए थे। यही तीन सूत्र मानव जीवन के लिए जीवन अमृत के समान है। अच्छी शिक्षा हासिल करके हम दुनिया में प्रगति के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।दिल से बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का विरोध करने वाले लोग भी उनकी विद्वता के सामने नतमस्तक हो जाते थे। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर प्रारूप समिति के अध्यक्ष होंगे और भारतीय संविधान के निर्माण का काम आगे बढ़ायेंगे,यह प्रस्ताव स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं नेहरू ने किया था। संजय कुमार ने कहा कि जाति भेद और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए जीवन भर संघर्ष कर चुके बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने अपने अनुभव, ज्ञान और देश की परिस्थितियों के आधार पर इन बुराईयों का समूल नष्ट करने के लिए बौद्ध धम्म ग्रहण करने का निर्णय लिया। बौद्ध धर्म वैज्ञानिक धम्म है,तर्क और तथ्य के सिद्धांत पर आधारित है, यहां अवैज्ञानिक गतिविधियों और मान्यताओं को कोई स्थान नहीं है। समता, ममता, करुणा और प्यार बौद्ध धम्म के आधार तत्व हैं। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में समता, स्वतंत्रता बंधुत्व और न्याय को समाहित किया है। कार्यक्रम का संचालन रामजी कनौजिया ने किया। किशुन पाल, घनश्याम शर्मा, शिव प्राण, पूर्णेन्दु कुमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ आहूत की गयी प्री-ट्रॉयल बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त तहसीलदार के साथ न्यायालय परिसर में प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें तथा ग्रामीण स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजनमानस जागरूक करें। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता के लिऐ अधिक से अधिक सुलहनीय मामलो को चिन्हित कर निस्तारित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार बैनर, पम्पलेट तथा मोबाईल वैन के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक करे। न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को एक साथ आगे आने का आह्वान किया।

# डीएम ने छात्रावास के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रोहनिया में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास भवन के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधिशाषी अभियंता आरईएस प्रभात नरायण तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना 4.17 करोड़ की है, जिसको पूर्ण करने की समय सीमा दिसम्बर 2025 निर्धारित है। वर्तमान में 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है इसमें एकेडमिक ब्लॉक में 04 क्लास रूम, 03 लैब एवं 01 स्टाफ रूम, 02 अन्य रूम तथा हास्टल ब्लॉक में जी प्लस वन बिल्डिंग प्रस्तावित है, जिसमें 26 कमरे, 04 टॉयलेट ब्लॉक, 01 डायनिंग हॉल शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु समय समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये इसके साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समयबद्ध कार्य को पूर्ण करायें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीवेंद्र प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉक्टर एमपी सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** महराजगंज कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी वी डॉक्टर एमपी सिंह उम्र 70 वर्ष कस्बे के गांधीनगर निवासी के निधन की सूचना मिलते ही संपूर्ण कस्बा सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का उनके घर पर तांता लग गया बताते चले कि महराजगंज कस्बे के चंदापुर रोड निवासी डॉक्टर एमपी सिंह विगत कई वर्षों से चिकित्सक का काम करते थे तथा समाज सेवा में भी माहिती भूमिका निभाते थे तथा कस्बा सहित क्षेत्र के सभी संभ्रांत लोगों के साथ उनका उठना बैठना भी था और समाज के हर व्यक्ति से मिलनसार व्यक्तित्व के धनी डॉक्टर एमपी सिंह का साथ था जिन्होंने आज दिन शनिवार को कस्बा स्थित अपने मकान पर अंतिम सांस ली जैसे ही डॉक्टर एमपी सिंह के निधन की सूचना हुई वैसे ही शौक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया तो वहीं परिवार जनों द्वारा उनके पैतृक गांव खरिकाफूल थाना असंद्रा जिला बाराबंकी में ले जाकर विध विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया तथा शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक रामलाल अकेला चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह पंचवटी परिवार प्रमुख गणेश प्रताप सिंह दिनेश कुमार उर्फ भल्लू ठेकेदार बिल्ला सिंह अशोक सिंह राजू सिंह अक्षयवार सिंह माता फेर सिंह राजन बाबू डोमापुर सभासद रामकुमार यादव सतीश यादव बन्नू सिंह शाहिद हजारों लोगों ने उनके घर पहुंच कर शोक सम्मेलन व्यक्त की।

# डीएम-एसपी ने घायल मरीजों का जाना हाल

**रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन का पुरवा के पास रात्रि में सड़क दुर्घटना घटित हुयी, जिसमें डम्फर व बोलेरो कार में टक्कर हुई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही देर रात्रि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने दुर्घटना में घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला अस्तपाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और उनके इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप अग्रवाल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी0एस0 अस्थाना सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एसडीएम ने महराजगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनता की फरियाद



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज,रायबरेली।** तहसील महराजगंज का संपूर्ण समाधान दिवस एसडीम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आज शनिवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 24 मामले आए, जिसमें तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष 21 मामलों के लिए टीमें गठित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर दोनों पक्षों की मौजूदगी में निस्तारण की बात कही गई है। आपको बता दे कि, आज शनिवार को महराजगंज तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 24 मामले आए। राजस्व विभाग से संबंधित 13, पुलिस से 4, विकास विभाग से एक, अन्य 6 मामले दर्ज किए गए, इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 21 मामलों के लिए एसडीएम महराजगंज सचिन यादव ने टीमें गठित कर समय सीमा के अंदर निस्तारण किए जाने की बात कही है। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राम आशीष वर्मा, खंड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ बाबूलाल वर्मा, उपखंड अधिकारी विद्युत रमेश सोनी, खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव के अलावा पुलिस, स्वास्थ्य, नहर, जल निगम, पशु चिकित्सा आदि विभागों से भी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 शिकायत में से 09 का मौके पर निस्तारण

■ जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कठोर कार्यवाही: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील जसराना में किया गया, जिलाधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया, कि जो भी जन समस्याएं आपके विभाग से संबंधित आती हैं, उनके निस्तारण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरते, शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के निवारण हेतु बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, सभी सम्बंधित अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें, अगर इसमें कोई भी अधिकारी लापरवाही प्रदर्षित करेगा, तो उसको कठोरतम दंड दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने कुछ मामलों के निस्तारण हेतु मौके पर राजस्व पुलिस की टीम बनाकर भेजा, ताकि उनका निस्तारण शीघ्र हो सके।

इस दौरान सुबोध कुमार निवासी कमालपुर द्वारा दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी और उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए, इसी तरह नेकराम नामक व्यक्ति ने फर्जी कृषि आवंटन की जांच करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इस मामले की तुरंत जांच कर जांच आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह अर्चना देवी द्वारा उचित विक्रेता द्वारा राशन न दिए जाने की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को प्रकरण की जांच कर तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिए, इसी तरह आए संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिए, इस दौरान कुल 74 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण कराया गया, बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि ससमय गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराऐं, सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, उप जिलाधिकारी जसराना पुष्पेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## अज्ञात के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक अभियंता जल निगम फिरोजाबाद शिवम राजपूत द्वारा थाना रजावली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 290 और 125 (बी)के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है, अज्ञात के विरुद्ध दर्ज एफआईआर में यह आरोप लगाया गया है, कि रामगढ़ स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 के लिए 1800 एम0एम0 पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर था, इस कार्य हेतु खुदाई के दौरान निकाली गई मिट्टी एक साइड पर जमा की जा रही थी, पाइपलाइन बिछाई जाने हेतु लगभग 2.8 एम0टी0आर0 मिट्टी खोदी जा रही है, इस कार्य को देखने हेतु गांव के चार-पांच लड़के इकट्ठे थे, जो की ट्रेंच के किनारे खड़े थे, कंपनी द्वारा खोदी गई, ट्रेंच के किनारे कोई सुरक्षा बैरिकेडिंग एवं मानक एवं साइन बोर्ड आदि नहीं लगाया गया था, इसी कारण से अचानक मिट्टी धस जाने पर लड़के मिट्टी के साथ-साथ नीचे गिर पड़े, जिससे एक लड़का सोमवीर मिट्टी में दब गया, जिसको ग्राम वासियों द्वारा मिट्टी हटाकर बाहर निकाला गया, घायल को तत्काल आगरा स्थित नर्सिंग होम में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है, कंपनी के इस लापरवाही पूर्ण रवैया को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एफ़0आई0आर0 दर्ज कराया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार का इनामिया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा लूट चोरी के विभिन्न अभियोगों में वाँछित 20 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना टूण्डला से चोरी के विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा 20 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस व एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा हिरनगाँव पुल के मोड़ पर जरौली खुर्द की ओर जाने वाले रास्ते पर बीएस कालेज के पास चौकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी,पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी,पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी,अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 02 खोखा कारतूस 01 जिंदा कारतूस एवं चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। घायल अभियुक्त की पहचान 20 हजार रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त सिन्टू उर्फसिन्टौला पुत्र शेर सिंह के रूप में हुई है जो कि थाना टूण्डला थाना नारखी थाना उत्तर एवं जनपद मथुरा से विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर छात्रा से दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में नशीला पदार्थ खिलाकर एक छात्रा से दुष्कर्म किया गया। छात्रा गर्भवती हुई तो आरोपी उसे साथ ले गया और दवा खिलाकर बीमारी की हालत में छोड़ दिया। कर्नलगंज पुलिस ने केस दर्ज कर अयोध्या के थाना तारुन निवासी शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या के थाना तारुन निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बेटे के साथ बेटी प्रयागराज में रहकर पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि तीन माह पहले बेटा कमरे में नहीं था, तभी शिवम ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेटी से दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद उसके पेट में दर्द हुआ तो मां को जानकारी दी। बात शिवम तक पहुंची तो 15 अप्रैल को बेटी को जबरदस्ती साथ ले गया। खोजबीन के बाद बेटी का कुछ पता नहीं चला और मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा था। इसकी शिकायत कर्नलगंज पुलिस को दी गई। पीड़िता के पिता ने बताया कि इसी बीच उनके मोबाइल पर एक ओटीपी आया। शक के आधार पर एसआरएन चौकी गया और पुलिस की मदद से सीसीटीवी खंगाला तो बेटी शिवम साथ दिखी, लेकिन यहां से दोनों लापता हो गए।

## बकाया पैसा मांगने पर दबंगों ने मार पीट कर किया लहूलुहान

**आजमगढ़।** थाना तरवा के सभाजीत मौर्य पुत्र चौथी मौर्य निवासी भिलिहिली आजमगढ़ निवासी को अपना बकाया पैसा मांगना महंगा पड़ गया दबंगों ने लाठी डंडे से मारपीट पति पत्नी को लहूलुहान कर दिया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही सुरु कर दी हैं। उन्होंने बताया कि शाम को अमित मिश्रा पुत्र इंस्पेक्टर मिश्र मेरी दुकान पर आये और मैने उनसे पुराना वकाया पैसा मांगा, मांगने पर गाली गलौज करने लगे। गाली की आवाज सुनकर मेरा लडका भी मौके पर पहुंच आया और गाली का विरोध किया विपक्षी मिश्रा परिवार को बुरा लगा इसी बात को लेकर हाथ-पाई करने लगे। फिर वीच-बचाव कर हटाया गया। कुछ देर बाद अमित मिश्र अपने छोटे भाई अरून मिश्र पुत्र इंस्पेक्टर मिश्र पूरी प्लानिंग के तहत आये और एका एक लाठी-डंडे से मार-पीट करने लगे।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधी सिंह ने हज यात्री को एहराम वितरण किये

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** हज 2025 का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम आज इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी में आयोजित किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर हज कमिटी ऑफ़इंडिया मौलाना आलम मुस्तफा याक़ूबी ने हज यात्रा के संबंध में कंप्यूटर स्लाइड द्वारा प्रशिक्षण दिया यात्रा के संबंध में बहुत सी बातें बताई गई गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज कमिटी आफ इंडिया रियाल नहीं देगा हज यात्री को रियाल के लिए फॉरेन ट्रैवल कार्ड या बैंक से रियाल को लेना होगा। इस वर्ष हज यात्रियों को मदीना में मरकाजिया में रहने को मिलेगा, मक्का के गांव मीना में हज यात्रियों को सारे कैंप मीना के अंदर ही मिलेंगे पहले हज यात्रियों को मुज़दाल्फा में भी ठहराया जाता था। हज यात्रियों को जहाज द्वारा पहले मदीना ले जाया जाएगा।



इस वर्ष नुसक एप्प अपने मोबाईल मे इनस्टॉल करना ज़रूरी होगा। इस इस अवसर पर जिला हज ट्रेनर मौलाना आदहम मुस्तफा सादी ने हज यात्रियों को मदीना के आदाब और वहां 8 दिन के अंदर करने वाले कामों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह ने कहा कि हम शुभकामनाएं देते हैं हज यात्रियों को के उनकी यात्रा मंगलमय हो। हज यात्रा इस वर्ष 29 अप्रैल से प्रस्तावित है इस वर्ष 5,6, जून में होना है हज। फिरोजाबाद से इस वर्ष मात्र 32 हज यात्री हज यात्रा पर जा रहे हैं जिसमें 19 पुरुष यात्री और 13 महिला यात्री है। इसका कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसीएमओ डॉक्टर के के वर्मा एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, निधी सिंह के हाथों से सभी हज यात्री को एहराम वितरण किए गए। इस अवसर पर यूनिसेफसे डॉक्टर अनिल शुक्ला और हाजी मतलूब खान साहब हाजी ओवेस साहब मौजूद रहे। तमाम हज यात्रियों को एहराम वितरण किया गया। 30 हज यात्रियों का टीकाकरण कराया गया।

## अनुपस्थित 68 शिक्षकों और कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस

**प्रयागराज।** परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों से अनुपस्थित रहे 68 शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने 17 अप्रैल को दी नोटिस में कर्मचारियों से तीन दिन के अंदर साक्ष्यों के साथ जवाब देने के निर्देश दिए हैं। नोटिस पाने वालों में शंकरगढ़ के प्रधानाध्यापक शशि मिश्रा, कौड़िहार द्वितीय के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र कुमार कनौजिया व बद्री प्रसाद सिंह, मेजा के प्रधानाध्यापक राजकुमार, उरुवा के प्रधानाध्यापक राधा कृष्ण सिंह का नाम शामिल है। सहायक अध्यापक प्रीति कुमारी, मनोज कुमार सिंह, वंदना द्विवेदी, सुनीता देवी, श्रद्धा सिंह, संजय कुमार पटेल, बुशरा, ज्योति यादव, दिव्या मिश्रा, अजय पांडेय, रिता पटेल, महेश कुमार तिवारी, अनीता वर्मा, आलिया हसन, रामकृष्ण पांडेय, विवेक चन्द्र मिश्रा, असमत जहां, राजेन्द्र कुमार मिश्र, रुपिन कुमार, सुधा भारती, कंचन मिश्रा, मंजू, भूपेन्द्र प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

# आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग 25 का उद्घाटन समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** भारत एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आज आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग' 25 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिनके साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति, ईपीसीएच के अध्यक्ष, आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग' 25 रिसेप्शन कमेटी के अध्यक्ष, सीओए सदस्य, प्रमुख प्रदर्शक और विदेशी खरीदार उपस्थित थे।इस अवसर पर गिरिराज सिंह ने कहा कि आईएचजीएफ दिल्ली फेयर भारतीय हस्तशिल्प उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जो देश के हस्तशिल्पियों और कारीगरों को अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है।



उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल उद्योग के लिए बल्कि देश की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। उद्घाटन के बाद, गिरिराज सिंह ने ईपीसीएच फेयर में मेले का दौरा किया और विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान, वे कई प्रदर्शकों से मिले और उनके उत्पादों की प्रशंसा की। विशेष रूप से, उन्होंने फिरोजाबाद के चंद्रा गिलास एक्सपोर्ट का दौरा किया, जहां उनकी मुलाकात शरद चंद्रा से हुई। गिरिराज सिंह ने चंद्रा गिलास एक्सपोर्ट के आइटमों की तारीफ की और उनके उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

# पोषण से कुपोषण हटाना होगा



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत वॉलिंटियर्स को स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया स जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने बताया कि जन्म से लेकर अंत तक हमें पोषण को संतुलित रूप से ग्रहण करना होगा स गर्भावस्था से लेकर 2 वर्ष की आयु तक पोषण का बहुत अधिक महत्व है क्योंकि इस समय भ्रूण का विकास हो रहा होता है जिसके लिए उसके शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए बेल डिफाइंड न्यूट्रिशन की आवश्यकता होती है अन्यथा की स्थिति में नवजात कुपोषण के शिकार हो जाते हैं अगर हम संतुलित आहार लेंगे स इसलिए हरी सब्जियों का सेवन करें, अंकुरित अनाज भी भोजन में अवश्य लें स कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ विशाल पाठक ने छात्र-छात्राओं को बताया कि समय-समय पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करवाये जाते हैं जिसमें अक्सर यह देखा जाता है कि छात्राओं के अंदर ब्लड की कमी है स अतरू कोई भी एनीमिक न रहे, इसके लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और पोषण पखवाड़े के उद्देश्य को आत्मसात करें स कार्यक्रम में डॉ रमेश चंद्र दुबे डॉ अजय करण चौधरी शालू अग्रवाल डॉररामबाबू पांडे सहायक श्री राम सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये स संचालन डॉ टी एच नकवी ने किया स इस दौरान अनेक छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# समस्त तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

■ प्राप्त 163 के सापेक्ष मौके पर निस्तारित किये गये 25 प्रार्थना-पत्र

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीडीओ व एसपी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, ए.आर. को-आपरेटिव कुमार तिवारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 29 प्रार्थना-पत्र के सापेक्ष 03, पयागपुर में प्राप्त 25 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 17 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 10 के सापेक्ष 02, कैसरगंज में प्राप्त 42 के सापेक्ष 05 व नानपारा में प्राप्त 40 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 08 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिलाओं की सीडीओ ने की गोदभराई



**बहराइच।** तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 05 गर्भवती महिलाओं श्रीमती सोनू कुमारी, उमा जायसवाल, सुमन, रोहिणी व नीतू की गोद भराई की तथा 02 बच्चों नदीम व अभिमन्यु को अन्नप्रासन कराया।

### सुहैब और सागर के शतक, हुजैफा गेंदबाजी में चमके

**प्रयागराज।** सुहैब खान (155 रन, 117 गेंद, बीस चौके एक छक्का) और सागर यादव (104 रन नाबाद, 86 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) के शतक एवं दाहिने हाथ के लेग ब्रेक गेंदबाज अबु हुजैफा की अचूक गेंदबाजी (7.5-1-13-6) के दम पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब ए ने वर्मा क्लब को 245 रन से रौंदकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहर वन झूंसी स्थित मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब ए ने 40 ओवर में चार विकेट पर 308 रन (सुहैब खान 155, सागर यादव 104 नाबाद, कर्णवीर सिंह 32, अंश कुशवाहा 2/55, अमोघ पांडेय व धैर्य मालवीय एक-एक विकेट) बनाकर वर्मा क्लब को 27.5 ओवर में 63 रन (श्रेयांश शुक्ला 21, अंश कुशवाहा 14, अबु हुजैफा 6/13, नितिन पटेल व सुहैब खान एक-एक विकेट) पर समेट दिया। मैच में राहुल सिंह व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

### अंबर का चयन अंडर-14 स्कूली फुटबाल टीम में



**प्रयागराज।** कोल्हापुर (महाराष्ट्र) मे आयोजित राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-14 फुटबाल चैंपियनशिप के लिए अंबर विशाल का चयन सीआईएससीई की उत्तर प्रदेश टीम में किया गया है। प्रधान महालेखाकार कार्यालय में कार्यरत संतोष ट्रॉफी फुटबाल खिलाडी नितिन विशाल के पुत्र अंबर विशाल ने फुटबाल की बारीकियां प्रशिक्षक शादाब रज़ा से सीखी है। सेंट जोसफ कॉलेज सिविल लाइंस के छात्र अंबर जीटीए क्लब के सदस्य भी हैं। इनके चयन पर डीएफए के अध्यक्ष नारायण जी गोपाल, सचिव मक़बूल अहमद, कबीर खान, अताउल्लाह खान, शबी रफीक़ एवं अज़हर उस्मानी ने शुभकामनाएं दी है।

### न्यायपालिका को चुनौती देश तानाशाही की ओर-रेवती रमण सिंह

**प्रयागराज।** वरिष्ठतम नेता पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने देश की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी व धर्मनिरपेक्ष स्वरूप जैसे मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगाने के बाद न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की चेतावनी देश को तानाशाही कि ओर ले जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधि मंत्री व उपराष्ट्रपति द्वारा प्रजातांत्रिक प्रणाली को खुली चुनौती दी है। इतिहास गवाह हैं कि विधायिका द्वारा असंवैधानिक नियम में न्यायपालिका ने हस्तक्षेप किया है और कार्यपालिका ने उसका संशोधन किया लेकिन इन चेतावनी से यह संदेश है कि जो संविधान में अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को स्वतंत्रता दी गई हैं वो खतरे में है। पूर्व सांसद ने कहा कि राष्ट्रपति निष्पक्ष स्वत्रंत प्रधान के रूप में संविधान की सुरक्षा करेंगे परन्तु लगता हैं कि उपराष्ट्रपति विधायिका व संसद के प्रवक्ता बन राष्ट्रपति की पैरवी कर रहे हैं। शायद इन लोगों को मालूम नहीं कि संविधान की मंशा स्पष्ट है कि उच्चतम न्यायालय को विधायकी के संबंध में राष्ट्रपति से ऊपर रखा गया है।


# डीजे पर गाना बजाने को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष धायल, 12 लोगों को गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** तरवां थाना क्षेत्र के थाटा तरवां गांव से बेल्थरा बलिया गई बारात में बारातियों के दो पक्ष डीजे पर गाना बजाने को लेकर आपस में भिड़ गए। बारात के वापस आने पर गांव के लोगों ने रिश्तेदारों को रोक लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। उनकी गाड़ियां तोड़ दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी को भी लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसा, थाटा तरवां गांव निवासी हरेंद्र चौहान पुत्र रामायण चौहान की बारात शुक्रवार को बेल्थरा बलिया गई थी। बारात में गांव के साथ ही गाजीपुर जनपद के सादियाबाद से हरेंद्र चौहान के बहनोई और गांव के लोग गए थे। हरेंद्र अपने जीजा के यहां बचपन से ही रहता था इसलिए उसने गांव के लोगों को भी निमंत्रण दिया था। बारात में डीजे पर गाने बजाने को लेकर ठाटा तरवां और सादियाबाद के लोगों में मारपीट हो गई। सुबह बारात विदा होकर ठाटा तरवां गांव पहुंची। जब सादियाबाद के रिश्तेदार जाने लगे तो गांव के लोगों ने उन्हें रोक लिया और जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी भी हुई। गांव के लोगों ने सादियाबाद से आए लोगों की बाइक और चार पहिया वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों ने पुलिस को भी नहीं बख्शा और उसकी गाड़ी पर भी पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मौके से 14 लोगों को हिरासत में लिया और थाने ले आई। इस संबंध में एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि नागेन्द्र चौहान पुत्र रामायन चौहान निवासी थाटा दोयम थाना तरवां की बारात 18 अप्रैल को बेल्थरा रोड जनपद बलिया गयी थी। बारात में डीजे अपने पसंद का गाना बजवाने को लेकर बाराती ही आपस में लड़ भिड़ गये जिसमें कुछ लोगों को चोट लगने व अस्पताल में भर्ती की सूचना लड़का पक्ष को प्राप्त हुई थी। मारपीट की घटना में दूल्हा के कुछ रिश्तेदार का भी सम्मिलित थे। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए बिगुल चौहान पत्नी रमेश चौहान निवासी दानगंज थाना चोलापुर जनपद वाराणसी व कुछ अन्य महिला व बच्चे भी वर पक्ष के घर ग्राम थाटा दोयम आये हुए थे। दुल्हे पक्ष के व गांव के अन्य तमाम लोग यह आरोप लगाने लगे कि इन्ही महिलाओं को कहने पर बेल्थरा रोड बारात में मार पीट की घटना हुई है। मौके पर लोगो को काफी समझाया बुझाया गया किन्तु मौके पर उपस्थित महिला एवं पुरुष गाड़ी को घेर लिया था। इसी समय अचानक एक व्यक्ति द्वारा झूठी सूचना दिया गया कि घायल व्यक्ति में से एक मृत्यु हो गयी है, तभी उक्त भीड द्वारा पथराव व लाठी डण्डे से महिला एवं पुरुष गाड़ी पर तोड़-फोड कर दिये। पुलिस ने गाड़ी में फंसे लोगो को निकाल कर सुरक्षित सरकारी बोलोरो में बैठा कर ले जाया जा रहा था रास्ते में कुछ लोगो द्वारा बोलेरो में भी पत्थर मार दिये जिससे गाडी का आगे व पीछे शीशा टूट गया। इस संबंध में पुलिस ने 19 महिला व पुरुष व 50 से 60 महिला पुरुष अज्ञात के विरुद्ध पंजीकत किया गया। मौके से 12 लोगो की गिरफ्तारी किया गया घटनास्थल पर पुलिस बल मौजूद है वर्तमान समय में ला एड आर्डर की कोई समस्या नही है।

# परिवहन विभाग- प्रयागराज मंडल ने रचा इतिहास




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के बाद अब परिवहन विभाग के प्रयागराज मंडल ने भी अपने नाम एक नया कीर्तिमान दर्ज किया है। प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि 2024-25 वित्तीय वर्ष में प्रयागराज मंडल से 300 करोड़ से अधिक रिवेन्यू जनरेट हुआ है जो पिछले वित्तीय वर्ष से कई करोड़ ज्यादा है। 2023- 24 वर्ष में 263 करोड़ थी जिसके बाद इस वित्तीय वर्ष में 302 करोड़ रेवेन्यू अर्जित हुई। आर एम श्री त्रिवेदी ने बताया कि महाकुंभ के चलते यह कीर्तिमान प्रयागराज मंडल के नाम रहा है। इस साल 14त्न से ज्यादा आय में वृद्धि हुई है हालांकि महाकुंभ की वजह से बसों की संख्या में बढ़ोतरी की गई थी जिसकी वजह से यात्रियों को राहत मिली साथ ही रिवेन्यू में भी इजाफा हुआ। इसके साथ ही साथ आने वाले दिनों में परिवहन विभाग में एक बड़ा बदलाव भी देखने को मिलेगा। महिला सशक्तिकरण को महत्व देते हुए अब सामान्य रोडवेज की बसों में महिला परिचालक को भी नियुक्ति दी जा रही है। इसके लिए बाकायदा पदों के लिए कैंप भी लगाया गया है।गौरतलब है कि महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन की वजह से देश के 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम के तट पर आस्था की डुबकी लगाई और यह भी कहना गलत नहीं होगा कि अधिकतर श्रद्धालु रोडवेज या फिर रेलवे के माध्यम से संगम तट पर पहुंचे है। ऐसे में रोडवेज विभाग की उपलब्धि प्रयागराज मंडल के लिए गौरव की बात है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: सबसे अधिक ज़मीन से संबंधित शिकायतें आई



**21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण**

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील जसवन्तनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील जसवन्तनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी जसवन्तनगर कुमार सत्यमजीत, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर आयूषी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 43 हजार का डीजल डलवा चालक फरार, मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बांदा मार्ग में टेढा गांव के समीप संचालित पेट्रोल पंप से अज्ञात चालक 43993 रुपए का डीजल पेट्रोल भरवाकर गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना 16 अप्रैल की तड़के 4 बजे की है। पेट्रोल पंप मालिक ने मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के बांदा मार्ग में टेढा गांव के समीप नरहे बाबा मंदिर के पास राम फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप संचालित है। 16 अप्रैल को तड़के 4 बजे एक सफेद चार पहिया गाड़ी आई। उसमें छोटे जरीकेन रखे हुए थे। चालक ने पंप कर्मी से जरीकेनों में 40572 रुपए का डीजल भरवाया और गाड़ी में 3421 रुपए का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद मशीन से गाड़ी को हटाकर किनारे खड़ी करने की बात कहकर गाड़ी बढाई और रफूचक्कर हो गया। यह सब कुछ इतनी तेजी के साथ घटित हुआ कि कोई कुछ नहीं समझ सका। घटना के समय पंप में कमी संदीप, संजू उर्फ ओम, दरबारी मौजूद थे। पेट्रोल पंप कर्मियों ने घटना से पंप मालिक को अवगत कराया। पंप मालिक नीलम सिंह ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# एकेटीयू की परीक्षा में एसएमजीआई का रहा शानदार परिणाम



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यून्स में अध्ययनरत् बी फार्मा के पंचम् एवं सप्तम् सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपना शानदार परिणाम दिया। संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोशित बी फार्मा पंचम् एवं सप्तम् सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी फार्मा पंचम् सेमेस्टर में ईशा कुमारी ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, रितिका राजपूत ने 80.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, वर्षा राठौर ने 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अंजली भदौरिया ने 79.2 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, चेतन शर्मा ने 81.53 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। बी फार्मा सप्तम् सेमेस्टर में श्वेता ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, आशूतोश चौहान पुत्र रघुवेन्द्र सिंह चौहान ने 84.28 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आशूतोश चौहान पुत्र प्रवीन चौहान ने 83.28 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, दिव्या कुशवाह ने 82.71 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, अंजली शर्मा ने 82.57 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा0विवेक यादव ने संस्था के इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा.उमाशकर शर्मा व समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### इटावा पुलिस ने तेज़ रफ्तार वाहनों का स्पीड रडार गन से किया चालान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आयुषी सिंह के नेतृत्व मे यातायात पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गो पर तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर स्पीड रडार गन के माध्यम से ओवरस्पीडिंग करने वाले 05 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये चालान कर कुल 10,000/-शमन शुल्क वसूला गया।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय चौधरी के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ नेशनल हेराल्ड केस मामले में राहुल गांधी का पुतला नगर के शास्त्री चौराहा पर फूंका। क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र भाजयुमो मनीष बाजपेई ने कहां कि इस नेशनल हेराल्ड केस मामले में कांग्रेसी ( गांधी परिवार) का बहुत बड़ा योगदान रहा है लोन के नाम पर जनता के पैसों का बंदर बाट किया गया है। जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय चौधरी ने कहां की कांग्रेसी नेताओं ने हमेशा से ही जनता के पैसों से खुद का पेट भरा है। पुतला दहन करने वालों में जिला उपाध्यक्ष कुशल चौधरी जिला कार्यसमिति सदस्य देवांश श्रीवास्तव, सूरज चौधरी, चेतन पाण्डेय, विभु पांडेय, मानस तिवारी, अभि दुबे, अनुज दीक्षित, सौरभ शर्मा, अनमोल कुशवाहा, ऋषभ कुशवाहा, साहेब सिंह अरोरा, नैतिक तिवारी, प्रभात, सतेंद्र शाक्य, अभिनव मिश्रा, अनुग्रह दीक्षित।

### शादी में दोस्तों ने गिफ्ट किया नीला ड्रम



**राठ हमीरपुर।** कस्बे के दादा गार्डन में जयमाला स्टेज पर एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली। जहां दोस्तों ने दूल्हा दुल्हन को नीला ड्रम गिफ्ट किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। क्षेत्र के मंगरौल गांव निवासी शैलेन्द्र राजपूत और रिहुंटा गांव निवासी सीमा राजपूत लव मैरिज शादी हुई। जहां स्वजनों की सहमति से बुधवार को शादी धूमधाम से कस्बे के दादा गार्डन में संपन्न कराई गई। जहां जयमाला कार्यक्रम के बाद स्टेज पर दोस्तों अलग ही माहौल बना दिया। जहां दोस्तों ने दूल्हा दुल्हन को जयमाला स्टेज पर नीला ड्रम गिफ्ट किया है। स्टेज पर नीला ड्रम देखकर दूल्हा दुल्हन सहित बारात में मौजूद लोग अपनी हंसी नहीं रोक सके हैं। वहां मौजूद बारातियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जो जमकर वायरल हो रही है।

### संचारी रोग अभियान कागजों में, गंदा और दूषित पानी सड़कों में

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत बांकी के मजरा धरमपुर में सफाई कर्मी के नदारत रहने से गांव में गंदगी का साम्राज्य कायम है। नालियां जाम होने से गंदा पानी रास्तों में बह रहा है। इससे ग्रामीण परेशान है। ग्राम पंचायत बांकी में दो सफाई कर्मी तैनात हैं। धरमपुर निवासी दीपक सैनी आदि ने बताया कि सफाई कर्मियों के गांव न आने से नालियां कचरे से जाम हो गई हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी आम रास्ते में बहता है। जिससे लोगों को चलने फिरने में दिक्कतें हो रही हैं। सरकार मौजूदा समय में संचारी रोग अभियान के तहत गांव गांव सफाई पर जोर दे रही है। इसके लिए ब्लॉक कार्यालय में कई बैठकें करके दिशानिर्देश भी दिए गए हैं लेकिन धरातल में ऐसा कुछ नहीं है। महज कागजी खानापूर्ति के तहत संचारी रोग अभियान संचालित हो रहा है। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह सोमवार को धरमपुर जाकर सघन सफाई अभियान शुरू करायेगें।

### हल्की हवा का बहाना बना गायब कर रहे हैं बिजली

**सुमेरपुर हमीरपुर।** जरा सी तेज हवा चलते ही बिजली की आपूर्ति धड़ाम हो जाती है। सबसे बुरा हाल ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों का है। फाल्ट के नाम पर कई कई घंटे आपूर्ति गायब रखी जाती है। लोग गर्मी में बिलबिलाने को मजबूर होते हैं। विगत दिनों आई आंधी और पानी से सुमेरपुर के अलावा सुमेरपुर द्वितीय, बिदोखर सब स्टेशन की आपूर्ति 14 घंटे से 36 घंटे बाद बहाल हो सकी थी। बीती रात पुरवाई के तेज होते ही ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति तड़के 4 बजे ठप हो गई। इसको सुबह 7.30 बजे बहाल किया गया। यह तकरीबन आए दिन होता है। जैसे ही हवा की रफ्तार बढ़ती है बिजली की आपूर्ति ठप हो जाती है। विद्युत वितरण उप केंद्र के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि उनके स्तर से कटौती नहीं होती है। मौसम में बदलाव आने से 132 केवी पावर हाउस से आपूर्ति ठप की जाती है।

# 527 वाहनों का किया गया चलान सात वाहन सीज



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सर्कल प्वाइंटों पर बीते 24 घंटे में एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह के नेतृत्व में 527 वाहनों का ई चलान व 7 वाहन किए गए चीज। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में बीते 24 घंटे में यातायात व्यवस्था को लेकर वाहन चेकिंग अभियान की गई जिसमें बिना नंबर प्लेट के वाहन बिना हेलमेट चला रहे बाइक तीन सवारी बिना सीट बेल्ट फोर व्हीलर ब्लैक फिल्म वाहन के खिलाफ अभियान चलाकर लगभग 527 वाहनों का ई चालान किया गया वहीं सात वाहनों को चीज करते हुए कार्रवाई की जा रही है । इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय, महिला थाना निरीक्षक सविता सरोज, आईएसआई कृष्ण कुमार शुक्ला,काशीराम चौकी इंचार्ज बृजेश दुबे, नई बाजार चौकी प्रभारी संतोष सिंह साहित्य अन्य लोग मौजूद रहे।

# अब न करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विकास खण्ड ताखा के मामन गांव में स्कूल चलो अभियान के तहत डोर टू डोर संपर्क कर एवं स्कूल चलो रैली निकालकर शत प्रतिशत नामांकन करने की अपील की। अब न करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल आदि नारों के साथ रैली निकाली गई। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मामन के बाल संसद की बुलावा टोली के साथ गांव में भ्रमण कर बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में मिलने वाली सभी सुविधाओं जैसे मध्याह्न भोजन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, डीबीटी के तहत मिलने वाली धनराशि आदि को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से राष्ट्रीय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा, नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा, आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा विद्याज्ञान परीक्षा जैसी कई परीक्षाओं के बारे में चर्चा की एवं उसमें उत्तीर्ण होने वाले बच्चों के नाम बताए। विद्यालय प्रांगण से रैली का शुभारंभ बीईओ ने झंडी दिखाकर किया। रैली गांव की गलियों में भ्रमण करती हुई विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। बच्चे बड़े उत्साह और उमंग के साथ हाथ में बैनर लिए, हर घर में एक दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा, अब न करो अज्ञानता की भूल हर बच्चे को भेजो स्कूल, पढ़ेंगे पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे आदि नारों का उद्घोष करते हुए ग्रामीणों को जागरूक करते दिखे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर ने किया। प्रधानाध्यापक अजीत सिंह एवं सत्यश्री के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस मौके पर केशव दुबे, रनवेश, अनुज, विकास यादव, अनुराग, सुधीर शरण समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## गर्मी बढते चार जगहों पर शुरू हुए प्याउ

**सुमेरपुर हमीरपुर।** तापमान के लगातार बढ़ने के बाद नगर पंचायत ने कस्बे के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ शुरू कराकर घड़े का ठंडा पानी राहगीरों को मुहैय्या कराने की शुरुआत की है। प्याऊ का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष ने नेहा चौराहा में मौजूद होकर किया। बढ़ती हुई गर्मी को मद्देनजर रखकर नगर पंचायत ने नेहा चौराहा, थाना चौराहा, बस स्टॉप, देवगांव चौराहा में प्याऊ शुरू कराए हैं। नेहा चौराहा में पौशाला का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर किया। यहां पर डॉक्टर ज्ञानेंद्र कुमार पाठक, भोला सिंह, रज्जन मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, रमेश सोनी, दीपक शर्मा, वीरेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही रेलवे स्टेशन के बाहर, कमलेश तिराहा, रामलीला मैदान, पुरानी गल्ला मंडी में पौशाला शुरू कराए जाएंगे। ताकि गर्मी में राहगीरों को घड़े का ठंडा पानी गला तर करने के लिए मिलता रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील राठ मे सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 103 शिकायतों में से 07 का तत्काल मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गयाए शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राठ तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई ए जिसमें से 07 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार.बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ राठ तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुतला फूके जाने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र राहुल गाँधी और सोनिया गाँधी का शुक्रवार को भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने पुतला फुके जाने से आक्रोशित कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड और शहर अध्यक्ष फरीद अहमद के नेतृत्व मे सैकड़ों की संख्या मे पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करने वाले बीजेपी के नेताओ पर मुक़दमा दर्ज कराने की मांग को लेकर भारी हंगामा किया ,इस दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रही, पुलिस और कॉग्रेस कार्यकर्ताओं मे काफी नोक झोंक भी हुआ, कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस रोकने का प्रयास बिफल कर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पहुंचकर विरोध जताने लगे, वहाँ मौजूद एडिशनल एसपी कालू सिंह, सीओ चारु द्विवेदी, राहुल पांडेय कोतवाल सत्येंद्र राय ने कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक कर वार्ता कर जल्द मामले मे कार्यवाही की बात कहीं है। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा की राहुल गाँधी की बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी बौखलाए हुई है, राहुल गाँधी किसान, नौजवानों, मजदूरों, महिलाओं, दलितों के हक हुकुक के लिए सडकों पर संघर्ष कर रहे है, इसको लेकर मोदी सरकार और योगी सरकार बदले की भावना से सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर हमारे नेताओ को परेशान किया जाएगा।शहर अध्यक्ष फरीद अहमद ने कहा की बीजेपी नेताओ ने हमारे नेताओ का पुतला फ़ूका ,इससे पूरा कॉग्रेस कार्यकर्ताओं मे उबाल है, पुतला फूंकने वालों पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा की बीजेपी सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है, महंगाई रोकने, युवाओं को रोजगार देने, मजदूरों को रोजगार देने मे फेल साबित हुई है। जनता बेहाल है ऐसे सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। कमलेश ओझा और शत्रुंजय मिश्रा ने कहा की बीजेपी के सरकार मे अपराध लगातार बढ़ रहा है।

# शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये: मण्डलायुक्त



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तीसरे शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस '' का आयोजन घोरावल तहसील में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया, इस दौरान मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर शिकायतों का निस्तारण किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह ने भी मौके पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये। आज घोरावल सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 10 मामले निस्तारित हुए, बाकी 69 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## सुमेरपुर में रामलीला का अदभुत मंचन, दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

**सुमेरपुर।** सब्जी मंडी सुमेरपुर में एक दिवसीय भव्य धनुष यज्ञ रामलीला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चर्चित कलाकारों ने जीवंत अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया और पौराणिक प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया।राम का अभिनय सुमित शुक्ला ने किया, वहीं लक्ष्मण की भूमिका सुरेश त्रिपाठी व उदित शुक्ला ने निभाई। जानकी के किरदार में अधिकांश चतुर्वेदी ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। जनक की भूमिका बबलू मिश्र सुमेरपुर ने निभाई, जबकि परशुराम के रूप में कुलदीप शास्त्री ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। व्यास की भूमिका जनार्दन द्विवेदी ने निभाई। हास्य कलाकार सुरेश कक्कड़ इंगोहटा ने अपने चुटीले संवादों से दर्शकों को खूब हँसाया। सखी की भूमिका संजना रानी ने निभाई। तबका वादन ज्ञानू और मंच संचालन हरिओम अवस्थी ने बखूबी संभाला।

# बाबा साहब की जयंती पर दिव्यांगजनों और महिलाओं को मिला सहारा

**हिफजुर्रहमान**



**हमीरपुर।** स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार 14 से 28 अप्रैल तक हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित 15 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील राठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने अभ्युदय मिशन योजना के तहत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता प्रदान की। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और महिला कल्याण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत 30 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और 23 जोड़ा बैसाखी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त, 10 निराश्रित महिलाओं को पेंशन और कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करना हमारा दायित्व है। पुलिस अधीक्षक ने भी सभी को संविधान के प्रति निष्ठा और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय अधिकारियों और लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन बाबा साहब के समावेशी और समतामूलक समाज के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पर्यावरणीय की स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया मजबूत



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** देश का सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन केंद्र एनटीपीसी विन्ध्याचल पर्यावरणीय संरक्षण के लिए सतत प्रयासरत है। एनटीपीसी द्वारा शाहपुर व बलियरी राख बांध क्षेत्रों और रिहंद जलाशय के आसपास जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु से संबंधित नियमित अध्ययन राष्ट्रीय पर्यावरणीय अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के सहयोग से किए जा रहे हैं। 2024 की पूर्वमान मानसून रिपोर्ट के अनुसार, राख बांध के समीप जल गुणवत्ता बीआईएस द्वारा निर्धारित सभी मानकों के अंतर्गत पाई गई है। जल में धातु की मात्रा भी सुरक्षित सीमाओं के भीतर रही है। जुलाई 2024 में की गई एक मत्स्य अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय मछलियों में धातु अवशोषण की मात्रा कम से मध्यम स्तर की पाई गई, जबकि पारे की मात्रा शून्य रही, जो जलीय पारिस्थितिकी तंत्र की दृष्टि से सकारात्मक संकेत है। राख क्षेत्रों में उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने हेतु एनटीपीसी ने स्थिर एवं मोबाइल फॉगर्स, जल छिड़काव प्रणाली, जल से भरे लैगून, तथा टारपोलिन से ढंके वाहनों जैसी प्रभावी व्यवस्थाएं लागू की हैं। एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम के रूप में एनटीपीसी पर्यावरणीय संरक्षण के सर्वोत्तम मानकों को अपनाते हुए सतत विकास की दिशा में समर्पित है।

बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# अभाव व अपमान में भी बाबा साहब ने बनाया रास्ता: योगी

- सीएम की अपील: समाज को जातीय आधार पर बटने नहीं देना है, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अभियान के साथ जोड़ना है
- आरोप: जातीय संघर्ष कराना चाहती है सपा व कांग्रेस
- जो समाज महापुरुषों का सम्मान नहीं करता, वह दिग्भ्रमित हो जाता है: योगी
- बाबा साहब के नाम पर लोकलुभावन नारे-भाषण देने वाले अनेक आएंगे, लेकिन उनके मूल्यों-आदर्शों को आत्मसात करने वाले एकमात्र दल भाजपा है: योगी

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अभाव व अपमान में रास्ता बनाया और सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए पूरे देश को सम्मान दिलाया। बाबा साहब के कारण ही बिना भेदभाव हर व्यक्ति को समान मताधिकार के उपयोग की स्वतंत्रता प्राप्त हुई। विकसित और आधुनिक लोकतंत्र के अनेक अग्रणी देश हैं, जिन्होंने अश्वेतों व महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 के पहले आम चुनाव में ही एससी/एसटी, अतिपिछड़ी व महिलाओं को मत देने का अधिकार दे दिया था। यह बाबा साहब की कलम से ही संभव हो पाया। देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है।

मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को गोरखपुर क्लब में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी में कहीं।

पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहब को पद मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने मेहनत के साथ संविधान तैयार कराया, लेकिन जब कांग्रेस ने संशोधन में संशोधन प्रारंभ किए तो वे उद्वेलित हुए। कांग्रेस बाबा साहब को संविधान सभा में जाने नहीं देना चाहती थी, लेकिन लोकप्रियता व भारत मां की प्रतिबद्धता के कारण वे संविधान सभा के सदस्य बने। फिर उन्हें ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। पं. नेहरू नहीं चाहते थे कि उन्हें यह पद मिले। इसके लिए काफी षडयंत्र भी किया। बाबा साहब ने अपनी योग्यता व क्षमता से ऐसा संविधान दिया, जो भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने का गौरव दिलाता है। एससी-एसटी के छात्रों को सौ फीसदी छात्रवृत्ति मिले, इस वर्ग के नागरिकों को नौकरियों में आरक्षण मिले, एससी-एसटी व अन्य वंचितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो, यह बाबा साहब की देन है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा लगातार प्रयास करती रही, जिसके कारण समाज में विद्वेष,अराजकता पैदा होता रहे। कांग्रेस ने 1952 में बाबा साहब को चुनाव नहीं जीतने दिया। उन्हें हराने वाले को पद्म पुरस्कार दिया। 1954 उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके निजी सहायक को ही उनके खिलाफ चुनाव लड़ाया, बाबा साहब फिर हार गए। जब हिंदू महासभा के एक सदस्य ने पुणे की सीट छोड़ी, तब बाबा साहब संसद में जा पाए। कांग्रेस उनकी कर्मठता, विद्वता, एससी-एसटी व देश के प्रति प्रतिबद्धता से घबराई थी, इसलिए पग-पग पर उनके मार्ग में बाधा खड़ा करती थी। राहुल गांधी संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं तो आश्चर्य होता है कि यह वही लोग हैं, जिन्होंने डॉ. आंबेडकर का अपमान किया। जब पीएम चंद्रशेखर ने वह भवन बाबा साहब के नाम पर आवंटित किया तो कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया। फिर अटल जी ने कार्य पूरा किया, मोदी जी ने स्मारक बनाने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने 65 वर्ष में वह करके दिखाया, जो लोग सैकड़ों वर्ष में नहीं कर पाए। 1947, 1956, 1962, 1967, 1971, 1980, 1985, 1991, 2004, 2009 में भी कांग्रेस सरकार देश में थी, लेकिन उनका एक भी स्मारक नहीं बनाया। भाजपा ने उनके पंचतीर्थ बनाए, कांग्रेस, राजद, सपा या अन्य दलों का कोई योगदान नहीं है। 26 नवंबर की तिथि 2015 से संविधान दिवस के रूप में मनाई जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के नाम पर लोकलुभावन नारे-भाषण देने वाले अनेक आएंगे, लेकिन उनके मूल्यों-आदर्शों को आत्मसात करने वाले एकमात्र दल भारतीय जनता पार्टी है। बाबा साहब ने अनुयायियों से कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित होकर अन्याय के प्रति प्रतिकार करो।

# वक्फ संसोधन विधेयक का सत्य लेकर जन संवाद करेगी भाजपा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश में वक्फ संसोधन विधेयक का सत्य लेकर जन संवाद करेगी। शनिवार को राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के प्रदेश संयोजक त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी, असीम अरूण, जसवंत सैनी, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह तथा अभियान के सहसंयोजक अखिलेश बाजपेई उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली ने किया। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, अभियान के जिला संयोजक व सहसंयोजक, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी, मीडिया सहप्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, आईटी एवं सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की शुरू से रणनीति रही कि देश का मुसलमान डरा रहे व हिन्दू विरोध में खड़ा रहे और वोट बैंक की तरह भाजपा के विरोध में कांग्रेस के लिए लगातार वोट करता रहे। कांग्रेस ने कभी प्रयास नही किया कि मुस्लिम आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत हो। उन्होंने कहा कि 2005 में कांग्रेस सरकार ने सच्चर कॅमेटी गठित की और 2006 में कॅमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का करेंगे शुभारम्भ

- ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कार्यशाला 21 अप्रैल से

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फ सिटी में प्रातः 09 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ 21 अप्रैल को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण संचालित कर रही संस्थाओं के संस्था प्रमुखों, मंडल स्तर पर तैनात संयुक्त निदेशकों, जनपदीय समन्वयकों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों एवं एम.आई.एस. प्रबंधकों का क्षमता विकास कर उन्हें नवीन प्रशिक्षण अवधारणाओं से अवगत कराना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, संचालन में आ रही चुनौतियों के समाधान एवं सरकार द्वारा समय-समय पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा, जिससे वे न केवल रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में भी सहयोगी बनेंगे। कार्यशाला में कौशल, रोजगार, उद्योग एवं शिक्षा से जुड़े विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न अधिकारीगण भाग लेंगे।



## हर विधानसभाओं में बनाए जाएंगे कांग्रेस संविधान रक्षक

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को आयोजित कांग्रेस विमुक्त घुमंतू एवं अनुसूचित विभाग की बैठक में तय किया गया कि हर विधानसभा में संविधान रक्षक तैयार किए जाएंगे। ये बूथ से लेकर जिला स्तर तक समन्वय करेंगे और संविधान बचाओ अभियान चलाएंगे। बैठक में तय किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निरंतर संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा, ईवीएम हटाओ भारत बचाओ, जातिगत जनगणना करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मौजूद विमुक्त घुमंतू एवं अनुसूचित विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक सुरेश माहला ने कहा कि 2027 का चुनाव कांग्रेस के लिए अहम है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की संख्या बढ़ाने के लिए अभी से संघर्ष करना होगा।

# मुंबई में जैन मंदिर तोड़े जाने से धूमिल हुई भारत की छवि : अखिलेश

- सपा करेगी अल्पसंख्यकों के लिए संघर्ष

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, मुस्लिम और पारसी समुदाय के मुद्दों पर संसद से सड़क तक संघर्ष करेगी। सपा नेताओं का कहना है कि इन सभी अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रहे अन्याय की सूची तैयार करवाई जा रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि मुंबई में मंदिर तोड़े जाने से दुनिया में भारत की छवि धूमिल हुई है। अखिलेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर के विरोध में उमड़ा जैन समाज, देश में भाजपा सरकारों द्वारा अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के खिलाफ वो गुस्सा है, जिसका ज्वालामुखी बहुत दिनों से सुलग रहा था। उन्होंने कहा कि घटना से संबंधित तस्वीरें पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। भाजपा ने अपनी नकारात्मक राजनीति से हमारे देश की सहिष्णुता की स्वस्थ और स्वच्छ छवि बहुत धूमिल कर दी है। सबसे बड़ा सवाल ये है कि आजादी के इतने वर्षों बाद आखिर भाजपा के शासन में ही और विशेषकर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसी घटनाएं क्यों घट रही हैं। शांतिप्रिय माने जाने वाला जैन समाज कई बार सड़कों पर उतरने के लिए क्यों मजबूर हुआ है। ये विशाल जनाक्रोश बता रहा है कि अब भ्रष्ट भाजपा सरकार अपने अंतिम चरण में है।उन्होंने सवाल उठाया कि जैनियों के कार्यक्रम में प्रवचन देने वाले भाजपाई अब कहां छुपकर बैठे हैं। सवाल जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, मुस्लिम, पारसी या अन्य किसी अल्पसंख्यक समाज का नहीं है, बल्कि देश की 90 प्रतिशत पीड़ित व उत्पीड़ित पीडीए आबादी का है।



## तेजस एक्सप्रेस में यात्रियों को बासी समोसा परोसने पर हंगामा

**लखनऊ।** देश की पहली कॉरपोरेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस में बासी समोसा परोसने पर यात्रियों ने हंगामा किया। यात्रियों ने ट्रेन में गंदगी व मच्छरों के आतंक की भी शिकायत की, जिससे सफर मुहाल हो गया। मामला दिल्ली से लखनऊ जंक्शन आने वाली गाड़ी संख्या 82502 तेजस एक्सप्रेस का है। बीते बृहस्पतिवार को तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार से यात्री अनिल सिंह लखनऊ आ रहे थे। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेन में यात्रियों को बासी समोसा परोसा गया। इसकी शिकायत अटेंडेंट से की गई, लेकिन उन्हें खाने का दूसरा विकल्प तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि समोसा खाने से उनकी तबीयत भी गड़बड़ाई। बासी समोसे के अतिरिक्त तेजस एक्सप्रेस में मच्छरों के प्रकोप की शिकायत भी आईआरसीटीसी से दर्ज कराई गई।

## युवती का यौन शोषण करने वाला होटल कर्मी गिरफ्तार

**लखनऊ।** शादी का झांसा देकर चार माह तक युवती का यौन शोषण करने वाले होटल कर्मी को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दोस्तों संग मिलकर युवती को अगवा कर धमकाया था। पुलिस दोस्तों की भूमिका की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि आरोपी मो. अनवर सिद्दीकी ठाकुरगंज के बालागंज स्थित सरदार नगर का रहने वाला है। 5 मार्च को इंदिरानगर निवासी युवती ने अनवर और उसके दोस्तों साहिल, मोनू, तालिब और दानिश खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि करीब 4 माह पहले समिट बिल्डिंग में अनवर सिद्दीकी से दोस्ती हुई। खुद को अविवाहित बता अक्सर अनवर पीड़िता से मिलने उसके पुराने घर इंदिरानगर सेक्टर -18 स्थित कमरे पर आने लगा। आरोपी ने उसकी मुलाकात अपने दोस्तों साहिल, मोनू, तालिब और दानिश खान से कराई। आरोप है कि शादी का झांसा देकर अनवर यौन शोषण करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसी बीच पीड़िता को पता चला कि अनवर शादी शुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पहली शादी के बारे में पूछने पर आरोपी ने पीटा था।

# विश्व धरोहर दिवस पर राज्य संग्रहालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

- प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य संगहालय, लखनऊ द्वारा शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अर्न्तगत विश्व धरोहर दिवस-18 अप्रैल, 2025 के उपलक्ष्य में यूनेस्को के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक धरोहर एवं संस्कृति को संरक्षित करने, प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को अपनी धरोहरों से परिचित कराने की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से डॉ0 सृष्टि धवन निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ के मार्गदर्शन में शैक्षिक प्रभारी डॉ0 मीनाक्षी खेमका-सहायक निदेशक द्वारा विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025 तक विविध कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं।



इस श्रृंखला में 17 अप्रैल को राज्य संग्रहालय, लखनऊ में भारत की सांस्कृतिक विश्व विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जो दिनांक 23 अप्रैल, 2025 तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेंगी। इसी क्रम में आज 19 अप्रैल को दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में ''राज्य संग्रहालय, लखनऊ में संकलित धरोहरों की छायाचित्र प्रदर्शनी'' का आयोजन किया गया तथा विश्व धरोहर दिवस की थीम आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत विषय को ध्यान में रखकर प्रदर्शनी का अवलोकन/भ्रमण कराते समय उक्त थीम पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। विश्व की विरासत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ एवं दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में किया गया, जिसमें कक्षा-09 से 12 तक के लगभग 125 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप क्रमशः मुस्कान को प्रथम, माही को द्वितीय एवं दिव्या ने तृतीय स्थान तथा ईशा राजपूत को प्रथम, कल्पना चौधरी द्वितीय, अमीरा तृतीय तथा शालिनी, आकृति यादव एवं शिवांगी पाण्डेय को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये।

## बाबा साहब की 136वीं जयंती पर हुई विचार गोष्ठी

**लखनऊ।** इंदिरा नगर वार्ड में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती के पावन अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नीरज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और आत्म-सम्मान की प्रेरणा के अमिट स्रोत हैं। उन्होंने उन वर्गों को आवाज़ दी, जिन्हें लंबे समय तक सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा। उनके विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की नींव हैं। गोष्ठी की विशेष बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में वही समाजजन शामिल हुए, जिनके उत्थान और अधिकारों की रक्षा हेतु बाबा साहब ने जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सशक्त और अर्थपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के पार्षद ओ.पी. श्रीवास्तव, साथ ही भाजपा नेता सुनील मिश्रा और रामचंद्र भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था व आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा की

# गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े

- गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर जिम्मेदार कार्मिको पर होगी सख्त कार्रवाई
- विद्युत कार्मिक विद्युत चोरी रोकने तथा लाइन लास कम करने में विभाग की उम्मीदो पर खरा नहीं उतर रहे
- गर्मी में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे, मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की होगी जिम्मेदारी
- पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल होगे जिम्मेदार
- सभी डिस्कॉम के एमडी अधिक लाइन हानियों वाले फीडर कीजांच के लिए प्रति सप्ताह स्थलीय भ्रमण करे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े। सभी विद्युत कार्मिक सतर्क व सावधान रहकर लोगों के लिए कार्य करे, जिस किसी भी फीडर व विद्युत् आपूर्ति ट्रांसफार्मर में 70 प्रतिशत से ज्यादा का लोड होगा तथा 30 प्रतिशत से ज्यादा का लाइन लास होगा वहां के संविदा कर्मियों को बर्खास्त किया जाए और अन्य विद्युत कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी डिस्कॉम में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां के जिम्मेदार कार्मिको पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर एक भी नहीं फुंकने चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें। मुख्यालय स्तर पर शक्ति भवन में भी मुख्य अभियंता स्तर का अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट चेयरमैन तथा एमडी यूपीपीसीएल को भेजें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न तो विद्युत कार्मिकों की कार्यों में लापरवाही और न ही कोई कहानी बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने और कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया।



# अमेठी में पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान: जयवीर

- उप्र. पर्यटन विभाग 14 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से करेगा पर्यटन सुविधाओं का विकास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का विकास किया जाएगा।

यह जानकारी उ0प्र0 के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का अमेठी जिला सूफी संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां के कई स्थल सूफी संतों और उनकी शिक्षाओं से जुड़े रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न परियोजनाओं स्वीकृत की गयी हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि अमेठी जिले की पहचान संतों की भूमि के रूप में रही है। इसी कड़ी में परम संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 99.10 लाख रुपए की राशि विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, बाबा दूलभ दास ग्राम धर्म विकास खंड तिलोई का पर्यटन विकास 94.03 लाख रुपए की धनराशि से किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में सूफी संत, कवि और 'पद्मावत' के रचयिता मलिक मोहम्मद जायसी की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 10 करोड़ 86 लाख रुपए से अधिक की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्मारक का उद्देश्य जायसी की साहित्यिक विरासत को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से अवगत कराना है। यह स्मारक न केवल सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देने का कार्य करेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अमेठी के मुसाफिरखाना की ग्राम-पंचायत दादरा में हिंगलाज भवानी मंदिर का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके लिए 62 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में ग्राम ताला स्थित पौराणिक मुकुट नाथ मंदिर का पर्यटन विकास 59.16 लाख रुपए राशि से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि की उम्मीद है। इन योजनाओं से राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

## चोरी की बाइक बेचने जा रहे दो ऑटोलिफ्टर को पुलिस ने पकड़ा

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत कसमंडी के वाजिदनगर तिराहे के समीप चोरी की बाइक बेचने जा रहे दो ऑटोलिफ्टरों को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। इस दौरान आरोपितों के पास से एक बाइक बरामद हुई है। शनिवार को पुलिस ने शातिरों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार भाटी के मुताबिक, डीसीपी के निर्देश पर शुक्रवार शाम पुलिस कसमंडी के वाजिदनगर तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सफेद रंग की बाइक पर दो युवक आते दिखाई पड़े, इस दौरान पुलिस ने उन्हें हाथ देकर रुकने का इशारा किया लेकिन आरोपितों ने रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान पुलिसकर्मी उनका पीछा कर पकड़ लिया। गाड़ी के पेपर मांगने पर आरोपित बहानेबाजी करने लगे। सख्ती बरतने पर आरोपितों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपितों ने बताया कि वह चोरी की बाइक बेचने निकले थे।

# विश्व धरोहर दिवस : तारीखी इमारतों और विरासतों को बचाना बेहद जरूरी : मासूम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवसद्ध के अवसर पर तारीखी इमारतों और विरासतों को बचाना बेहद जरूरी ताकि आने वाली नस्लों के काम आ सके। भारत 1977 से वर्ल्ड हेरिटेज का एक मेंबर है। विश्व धरोहर दिवस मनाने का मकसद यह है की लोगों को और खास कर नौजवानों को तारीखी इमारतों एवम विरासतों से रूबरू कराने का मौका मिले और इसकी हिफ़ाजत करने में सभी लोगों का कोऑपरेशन मिल सके। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर सल्तनत मंजिलए हामिद रोडए निकट सिटी स्टेशनए लखनऊ में हुई मीटिंग में नवाबज़ादा सैय्यद मासूम रज़ाए एडवोकेट ने आगे कहा की लखनऊ की तारीखी इमारतों और विरासतों का रख रखाव सही तरीके से हो ताकि यह कभी बदरंग न हों और हमेशा खूबसूरत दिखें। टूरिस्ट स्पॉट को हमेशा साफ सुथरा रक्खा जाएऔर लोगों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होए उन्होंने आगे कहा की लखनऊ शहर की खूबसूरती इन आलमी शोहरत याफ्ता इमारतों व विरासतों से है। जब यह इमारतें चमकेगी तो लोगों को फ़ख्र महसूस होगा और हर किसी को लखनऊ आने पर खुशी का एहसास होगा। इन तारीखी इमारतों व विरासतों के तहफ्फ़ुज़ में सभी तबके का कोऑपरेशन बेहद जरूरी है और लोगों में बेदारी लाना भी बेहद जरूरी है। इस काम में सबसे एहम रोल नौजवानों व छात्रों को निभानी होगी। नवाबज़ादा रज़ा ने आगे कहा की भारत सरकार व सूबे की सरकार ही नहीं हम सबकी जिम्मेदारी है की हम अपनी तहजीब व शफ़कत और विरासत को बचाएं ताकि आने वाली नस्लों के काम आ सके। हमें हर हाल में अपनी तारीखी इमारतों व विरासतों को बचाना है।



## ब्लाइंड मर्डर: किससे लगाएं दरकार

**लखनऊ।** बीकेटी पुलिस की केस डायरी में इंटरमीडिएट के छात्र पीयूष उर्फ मानू (20) की हत्या ब्लाइंड मर्डर बन चुका हैं। वहीं छात्र के परिजन बेटे का इंसाफ दिलाने के लिए लगातार आलाधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। बावजूद इसके छात्र के कातिलों का कहीं सुराग नहीं लग सका है। हालांकि, पुलिस ने भी कई तरह के प्रयास किए, लेकिन कातिलों ने इस केस में पुलिस को उलझा दिया। इस हत्याकांड के पांच महीने बीते चुके हैं। शनिवार को छात्र के पिता कृष्ण कुमार ने तहसील दिवस में घटना के अनावरण करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 19 दिसम्बर को बीकेटी के भौली गांव में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में हाजीपुर गांव निवासी लापता इंटरमीडिएट छात्र पीयूष उर्फ मानू की लाश मिली थी। पीएम रिपोर्ट (पोस्टमार्टम) में छात्र की गला कसकर हत्या की गई थी। इसके बाद हत्यारों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए निर्माणाधीन बिल्डिंग में फेंक दिया था। इस हत्या के पांच माह बीत चुके हैं।